

# तरुण छत्तीसगढ़

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,बुधवार 24 सितंबर 2025 ■ आश्विन शुक्ल पक्ष-3 ■ वर्ष -41 ■ अंक-178 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 25 सितंबर 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये


## संक्षेप

### भारत का इकलौता सक्रिय ज्वालामुखी फिर गरजा

**नई दिल्ली ,24 सितंबर ।** अंडमान और निकोबार द्वीप समूह स्थित बैरन आईलैंड का ज्वालामुखी एक बार फिर सक्रिय हो गया है। प्रशासन ने जानकारी दी कि मात्र आठ दिनों के भीतर यहां दो बार विस्फोट दर्ज किए गए हैं। पहला विस्फोट 13 सितंबर को और दूसरा 20 सितंबर को हुआ। दोनों ही विस्फोट हल्के स्तर के थे, लेकिन लावा और धुएं का दृश्य दूर से साफ देखा गया। सोशल मीडिया पर इस ज्वालामुखी का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें भीतर से लावा उगलते और धधकते अंगारे जैसे दृश्य दिखाई दे रहे हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय नौसेना के अधिकारियों ने ज्वालामुखी का हालिया वीडियो साझा किया है। बताया जा रहा है कि यह वीडियो नौसेना के एक युद्धपोत से रिकॉर्ड किया गया था, जिसमें ज्वालामुखी से लावा और धुंआ निकलता हुआ साफ दिख रहा है। बैरन आईलैंड न सिर्फ भारत बल्कि पूरे दक्षिण एशिया का इकलौता सक्रिय ज्वालामुखी है। यह अंडमान निकोबार द्वीप समूह के पूर्वी हिस्से में स्थित है और पोर्ट ब्लेयर से समुद्री मार्ग से करीब 140 किलोमीटर की दूरी पर है। द्वीप का कुल क्षेत्रफल 8.34 वर्ग किलोमीटर है और इसे निर्जन क्षेत्र घोषित किया गया है। अंडमान प्रशासन के आंकड़ों के मुताबिक बैरन आईलैंड पर पहला ज्वालामुखी विस्फोट साल 1787 में दर्ज किया गया था। इसके बाद भी यहां समय-समय पर गतिविधियां होती रहीं। गौरतलब है कि इस समय दुनिया भर में लगभग 46 सक्रिय ज्वालामुखी मौजूद हैं। बैरन आईलैंड का लगातार सक्रिय रहना वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं के लिए अध्ययन का महत्वपूर्ण विषय बना हुआ है।

### भारत के सबसे अमीर शख्स बनने के करीब पहुंचे गौतम अदाणी

**नई दिल्ली ,24 सितंबर ।** देश के दिग्गज उद्योगपति और अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी की संपत्ति में बीते दो कारोबारी सत्रों में 13 अरब डॉलर का इजाफा हुआ है। उनकी संपत्ति में बढ़ोतरी शेयरों की कीमत में तेजी आने के कारण हुई है। ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स के मुताबिक, गौतम अदाणी की संपत्ति बढ़कर 95.7 अरब डॉलर हो गई है। वहीं, देश के सबसे अमीर व्यक्ति मुकेश अंबानी की संपत्ति 98.6 अरब डॉलर रह गई है। गौतम अदाणी की संपत्ति में इस साल 17.1 अरब डॉलर का इजाफा हुआ है, जबकि मुकेश अंबानी की संपत्ति में 8.02 अरब डॉलर की बढ़ोतरी हुई है।

अदाणी ग्रुप के शेयरों में बढ़ोतरी की वजह सिक्योरिटी एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) की ओर से शॉर्ट सेलर फर्म हिंडनबर्ग मामले में क्लीन चिट देना है। शॉर्ट-सेलर द्वारा व्यापक रूप से प्रचारित दावों के झूठे होने की पुष्टि करने वाले अपने अंतिम आदेश में, सेबी ने निष्कर्ष निकाला कि अदाणी समूह ने दो निजी फर्मों के माध्यम से धन का प्रवाह करके किसी भी नियम का उल्लंघन नहीं किया, जिससे छिपे हुए संबंधित पक्ष लेनदेन और धोखाधड़ी के दावों को प्रभावी ढंग से खारिज कर दिया गया। बीते तीन कारोबारी सत्रों में अदाणी पावर का शेयर करीब 30 प्रतिशत, अदाणी टोटल गैस का शेयर भी करीब 18 प्रतिशत, अदाणी ग्रीन एनर्जी का शेयर करीब 15 प्रतिशत, अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस के शेयर का दाम 10 प्रतिशत से अधिक बढ़ चुका है। इस दौरान अदाणी एंटरप्राइजेज का शेयर 11 प्रतिशत से अधिक का रिटर्न दे चुका है, जबकि अदाणी पोर्ट्स के शेयर ने करीब 3 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। दुनिया के अरबपतियों की सूची में 452 अरब डॉलर के साथ एलन मस्क शीर्ष पर हैं। इसके बाद 388 अरब डॉलर के साथ लैरी एलिसन दूसरे, 269 अरब डॉलर के साथ मार्क जुकरबर्ग तीसरे, 250 अरब डॉलर के साथ जेफ बेजोस चौथे और 221 अरब डॉलर के साथ लैरी पेज पांचवे स्थान पर होंगे।

# भारत तो अपना भाई है...जेलेंस्की ने उड़ाई ट्रंप के दावों की धज्जियां

**नई दिल्ली,24 सितंबर।** ट्रंप ने दावा किया था कि भारत और चीन रूस से तेल खरीद कर यूक्रेन युद्ध को फंड कर रहे हैं। लेकिन जेलेंस्की ने न सिर्फ इस आरोप को गलत बताया बल्कि भारत को हमारा साथी, हमारे पक्ष में और जरूरी साझेदार कहा है। ये बताता है कि वैश्विक राजनीति में भारत की भूमिका अब निर्णायक हो चुकी है। जब किसी बड़े मंच से भारत पर आरोप लगते हैं तो पूरी दुनिया की नजर हमारे जवाब पर टिकी होती है। लेकिन इस बार जवाब भारत ने नहीं बल्कि यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने दिया है। वो भी अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप को। ट्रंप ने दावा किया था कि भारत और चीन रूस से तेल खरीद कर यूक्रेन युद्ध को फंड कर रहे हैं। लेकिन जेलेंस्की ने न सिर्फ इस आरोप को गलत बताया बल्कि भारत को हमारा साथी, हमारे पक्ष में और जरूरी साझेदार कहा है। ये बताता है कि वैश्विक राजनीति में भारत की भूमिका अब निर्णायक हो चुकी है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के भारत पर लगातार हमलों के बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने भारत का बचाव किया है। इतना ही नहीं भारत को यूक्रेन के साथ बताया है। इसके साथ ही यूरोप को नई दिल्ली के साथ संबंधों को बेहतर करने की अपील भी की है।

ट्रंप ने भारत पर यूक्रेन युद्ध में फंडिंग करने का आरोप लगाया था। लेकिन यूक्रेनी राष्ट्रपति ने भारत का बचाव करते हुए ट्रंप के दावों की पोल खोल कर रख दी। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की अपने अमेरिकी समकक्ष से इस बात पर असहमत नजर आ रहे हैं कि यूक्रेन में रूस के युद्ध को कौन वित्तपोषित कर रहा है, और उनका कहना है कि भारत यूक्रेन के साथ है। फॉक्स न्यूज को दिए एक साक्षात्कार में जेलेंस्की ने स्पष्ट किया कि भारत यूक्रेन के पक्ष में है, हालांकि उन्होंने ऊर्जा से जुड़ी कुछ समस्याओं का भी ज़िक्र किया। यूक्रेनी राष्ट्रपति की यह टिप्पणी अमेरिकी



राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा भारत और चीन की आलोचना के बीच आई है, जिसमें उन्होंने इन देशों को यूक्रेन में चल रहे युद्ध का फंडर बताया। जेलेंस्की ने कहा कि मुझे लगता है कि भारत, ज्यादातर, हमारे साथ है। हाँ, ऊर्जा को लेकर हमारे सामने कुछ सवाल हैं, लेकिन मुझे लगता है कि राष्ट्रपति ट्रंप इसे संभाल सकते हैं। उन्होंने यह तो कहा कि रूस के साथ भारत के ऊर्जा समझौतों में कुछ समस्याएँ हैं, लेकिन उम्मीद जताई कि भारत रूसी ऊर्जा क्षेत्र के प्रति अपना रुख बदलेगा। यूक्रेन के राष्ट्रपति की यह टिप्पणी उस रिपोर्टर के बयान के जवाब में थी जिसमें भारत को युद्ध में योगदान देने वालों में से एक बताया गया था। उसी साक्षात्कार में जेलेंस्की ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प युद्ध के प्रति अपने चीनी समकक्ष शी जिनपिंग के रवैये को बदल सकते हैं। जेलेंस्की ने फॉक्स न्यूज़ की स्पेशल रिपोर्ट में कहा कि मुझे लगता है कि राष्ट्रपति ट्रम्प इस युद्ध के प्रति शी जिनपिंग के रवैये को बदल सकते हैं, क्योंकि चीन, हमें नहीं लगता कि चीन इस युद्ध को ख़त्म करना चाहता है। जेलेंस्की का साक्षात्कार राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के संयुक्त राष्ट्र महासभा में दिए गए संबोधन के कुछ घंटों बाद सामने आया, जिसमें उन्होंने यूक्रेन में चल रहे युद्ध के "प्राथमिक वित्तपोषक" होने के लिए भारत और चीन पर निशाना साधा था।

# लद्दाख में युवाओं का आंदोलन हिंसक पत्थरबाजी के बाद भाजपा दफ्तर फूंका

**श्रीनगर,24 सितंबर।** केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख की राजधानी लेह में छात्रों और युवाओं का प्रदर्शन बुधवार को तब हिंसक रूप ले लिया, जब प्रदर्शनकारियों ने भाजपा के दफ्तर पर पत्थरबाजी करने के बाद उस पर हमला बोल दिया और वहां आग लगा दी। आंदोलनकारी युवाओं को काबू में करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले भी दागे। इससे लोग और उग्र हो गए और पत्थरबाजी करने लगे। पुलिस कार्रवाई से भड़के प्रदर्शनकारी छात्रों ने पुलिस वैन को भी आग के हवाले कर दिया। पुलिस ने उग्र छात्रों पर लाठीचार्ज भी किया है। एक अधिकारी ने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने लेह में भाजपा कार्यालय के बाहर एक सुरक्षा वाहन को आग लगा दी। उन्होंने बताया कि व्यवस्था बहाल करने के लिए अतिरिक्त बल तैनात किया गया है। छात्रों का यह विरोध प्रदर्शन लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा दिए जाने और संविधान की छठी अनुसूची

#### प्रदर्शनकारियों की चार मांगें क्या हैं

प्रदर्शनकारियों की चार मांगें हैं। पहली लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा दिया जाए। दूसरी, लद्दाख को संविधान की छठी अनुसूची में शामिल किया जाए। तीसरी, लद्दाख में लोकसभा सीटें बढ़ाकर दो की जाएं और चौथी लद्दाख की जनजातियों को आदिवासी का दर्जा दिया जाए। छात्रों ने इन मांगों के समर्थन में रैली भी निकाली है। बता दें कि 5 अगस्त 2019 को अनुच्छेद 370 निरस्त करते हुए केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर को दो केंद्रशासित प्रदेशों में बांट दिया था। जम्मू-कश्मीर को एक केंद्र शासित प्रदेश जबकि लेह, लद्दाख और करगिल को मिलाकर एक प्रदेश बनाया गया था। अब उसी लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा देने की मांग उठ रही है।




पर पत्थरबाजी की फिर सीआरपीएफ की गाड़ियां फूंक दी। भाजपा दफ्तर को भी आग के हवाले कर दिया। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है। हालात को देखते हुए अतिरिक्त बल की तैनाती की गई है।

में शामिल किए जाने की मांग के समर्थन में है। इसी मांग को लेकर मशहूर पर्यावरणविद सोनम वांगचुक पिछले 15 दिनों से भूख हड़ताल पर हैं। उन्हीं के समर्थन में छात्रों का बड़ा हुजूम लेह की सड़कों पर उतर आया और केंद्र सरकार से लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा देने की मांग करने लगा।

**पुलिस और प्रदर्शनकारियों में भिड़ंत-**इसी दौरान प्रदर्शनकारी छात्रों की पुलिस से भिड़ंत हो गई और देखते ही देखते प्रदर्शन हिंसक रूप अख्तियार कर लिया। प्रदर्शनकारी छात्रों ने पुलिस

**15 दिनों से सोनम वांगचुक भूख हड़ताल पर-**बता दें कि बुधवार को स्थानीय लोगों ने सोनम वांगचुक के समर्थन में लद्दाख बंद का आह्वान किया था। इसके बाद सैकड़ों लोग लेह की सड़कों पर उतर आए थे। जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक और उनके कई साथी 10 सितंबर से 35 दिनों की भूख हड़ताल पर बैठे हैं। हालांकि, केंद्र सरकार ने 6 अक्टूबर को लद्दाख के प्रतिनिधियों को बातचीत के लिए बुलाया है। इसमें लेह एपेक्स बॉडी (LAB) और कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस (KDA) के सदस्य शामिल हैं।

# डबल इंजन की सरकार का पिस्टन खराब: भूपेश बघेल

**पटना,24 सितंबर।** बिहार की राजनीतिक धरती पर रविवार का दिन ऐतिहासिक बन गया। आजादी के बाद पहली बार कांग्रेस कार्यसमिति (CWC) की विस्तारित बैठक पटना के सदाकत आश्रम में आयोजित की गई। बैठक में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्री, डिप्टी सीएम, प्रदेश अध्यक्ष और कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए। राहुल गांधी इस बैठक के लिए अकेले ही पटना पहुंचे, उनके साथ सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी मौजूद नहीं थीं। इस बीच छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पत्रकारों से बातचीत में केंद्र की मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला। भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आर्थिक और विदेश नीति के मोर्चे पर पूरी तरह विफल करार दिया और कहा कि "आज देश की स्थिति बेहद नाजुक है, जनता की क्रय शक्ति समाप्त हो चुकी है और पड़ोसी देशों का झुकाव चीन की ओर बढ़ गया है।"

बिहार की स्थिति पर टिप्पणी करते हुए बघेल ने कहा कि डबल इंजन की सरकार अब कमजोर हो चुकी है। उन्होंने व्यंग्य करते हुए कहा, "इसका रिंग पिस्टन खराब हो गया है और अब केवल धुआं छोड़ रहा है।" उन्होंने याद दिलाया कि कभी बिहार से 33% चीनी की आपूर्ति होती थी, जो आज घटकर महज 3% रह गई है। राज्य में बेरोजगारी दर भी लगातार बढ़ रही है। भूपेश बघेल ने बताया कि मल्लिकार्जुन खरगे ने अपने उद्घाटन संबोधन में बैठक को "देश की दूसरी आजादी का दिन" करार दिया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार 2017 में आधी रात को नोटबंदी की घोषणा की गई थी और गरीबों, किसानों, मजदूरों, व्यापारियों और उद्योगपतियों के हालात सुधारने का दावा किया गया था, उसी तरह आज भी केंद्र सरकार केवल वादों और उत्सवों में जनता को उलझा रही है। बघेल ने आरोप लगाया कि पिछले आठ सालों में केंद्र सरकार ने 50 लाख करोड़ रुपये से अधिक वसूले हैं, लेकिन आम जनता की हालत लगातार बिगड़ती गई है। उन्होंने कहा, "जब लोगों के पास क्रय शक्ति ही नहीं है तो सरकार किस बात का उत्सव मना रही है?"

**पड़ोसी देशों और विदेश नीति पर निशाना-**पूर्व मुख्यमंत्री ने विदेश नीति के मुद्दे पर भी मोदी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि श्रीलंका, बांग्लादेश, नेपाल और म्यांमार जैसे पड़ोसी देशों का झुकाव अब चीन की ओर है।

उन्होंने डोकलाम विवाद का जिक्र करते हुए कहा कि जब चीन की घुसपैठ का मुद्दा राहुल गांधी ने उठाया, तो प्रधानमंत्री ने इसे नकार दिया। उन्होंने बांग्लादेश और नेपाल की स्थिति का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां लोकतंत्र के चार स्तंभ न्यायपालिका, कार्यपालिका, विधायिका और मीडिया पूरी तरह कमजोर हो चुके हैं।

### भारत ने खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू के खिलाफ कसी सख्ती

**नई दिल्ली ,24 सितंबर ।** खालिस्तानी संगठन सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) और आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू के खिलाफ भारत ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने गुरपतवंत सिंह पन्नू के खिलाफ नया मामला दर्ज किया है।

एनआईए ने यह कार्रवाई गुरपतवंत सिंह पन्नू की उस टिप्पणी को लेकर की, जिसमें खालिस्तानी आतंकी ने प्रधानमंत्री को लाल किले पर तिरंगा फहराने से रोकने वाले को 11 करोड़ रुपए का इनाम देने का ऐलान किया था।

# झारखंड मुठभेड़ में मार गिराए गए तीन नक्सली, दो पांच-पांच लाख के इनामी

**रांची ,24 सितंबर।** झारखंड के गुमला जिले में बुधवार सुबह सुरक्षा बलों और पुलिस के साथ मुठभेड़ में तीन नक्सली मारे गए हैं। इनमें पांच-पांच लाख के इनामी लालू लोहरा और छोटू उरांव के अलावा सुजीत उरांव शामिल हैं। तीनों प्रतिबंधित नक्सली संगठन झारखंड जनमुक्ति परिषद (जेजेएमपी) से जुड़े थे। यह मुठभेड़ बिशुनपुर थाना क्षेत्र के केचकी जंगल में हुई।

गुमला पुलिस ने तीन नक्सलियों के मारे जाने की पुष्टि की है। मारे गए नक्सलियों में लोहरदगा निवासी लालू लोहरा जेजेएमपी का सब-जोनल कमांडर था। उसके पास से एके-47 राइफल बरामद हुई है। दूसरा नक्सली छोटू उरांव लातेहार का रहने वाला था और वह भी नक्सली संगठन में सब-जोनल कमांडर था। इन दोनों पर पांच-पांच लाख रुपए के इनाम थे। वहीं, तीसरा नक्सली सुजीत उरांव, लोहरदगा का रहने वाला था और संगठन में कैडर के रूप में सक्रिय था। मारे गए नक्सलियों के पास से एके 47 सहित कई हथियारों की बरामदगी हुई है। मुठभेड़ के बाद इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है। सितंबर महीने में सुरक्षा बलों और पुलिस के साथ नक्सलियों की मुठभेड़ की यह चौथी घटना है, जिसमें आठ नक्सली मारे गए हैं। 15 सितंबर को हजारीबाग जिले के गोरहर थाना क्षेत्र में एक करोड़ के इनामी माओवादी नक्सली सहदेव सोरन उर्फ प्रवेश, 25 लाख के इनामी और भाकपा माओवादी संगठन की झारखंड स्पेशल एरिया कमेटी का सदस्य रघुनाथ हेंब्रम और 10 लाख के इनामी वीर सेन गंझू मारे गए थे। 14 सितंबर को पलामू के मनातू जंगल में सुरक्षाबलों और प्रतिबंधित संगठन टीएसपीसी (तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी) के बीच मुठभेड़ में 5 लाख का इनामी नक्सली मुखदेव यादव मारा गया था।

# राजधानी में भव्य मेगा स्वच्छता अभियान सीएम रेखा गुप्ता ने रिंग रोड पर किया नेतृत्व

**नई दिल्ली ,24 सितंबर ।** राजधानी दिल्ली को साफ सुथरा और स्वच्छ बनाने के लिए आज पूरी दिल्ली सरकार सड़कों पर उतर आई। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में चल रहे 'सेवा पखवाड़े' के अंतर्गत आयोजित इस भव्य मेगा स्वच्छता अभियान में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता समेत पूरा मंत्रिमंडल, विधायक, पार्षदों के अलावा आमजन भी आज सड़कों पर उतरे और उन्होंने हाथों में झाड़ू लेकर विभिन्न इलाकों में सफाई व स्वच्छता अभियान में अपनी भागीदारी की। मुख्यमंत्री का कहना है कि स्वच्छता सिर्फ एक कार्य नहीं बल्कि जीवन जीने की संस्कृति है। जब तक हम सब लोग मिलकर स्वच्छता को आदत नहीं बनाएंगे, तब तक 'स्वच्छ दिल्ली का सपना पूरा नहीं होगा। इस अभियान के अंतर्गत मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आज शालीमार बाग के रिंग रोड पर स्वच्छता अभियान में सक्रिय रूप से भाग लिया और स्वयं झाड़ू लगाकर जनसामान्य को स्वच्छता का संदेश दिया। वहां पर उन्होंने दीवारों पर लगे पुराने बैनर और पोस्टर भी स्वयं हटाए। मुख्यमंत्री का स्पष्ट संदेश था कि स्वच्छता केवल सड़कों और गलियों की ही नहीं, बल्कि सार्वजनिक स्थलों की दीवारों और आसपास के वातावरण की भी होनी जरूरी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वच्छता सिर्फ एक कार्य नहीं बल्कि जीवन जीने की संस्कृति है। जब तक हम सब लोग मिलकर स्वच्छता को आदत नहीं बनाएंगे।

# देखते ही देखते नाले में बह गई स्विफ्ट कार 3 लोगों ने जैसे-तैसे बचाई अपनी जान

**सारंगढ़-बिलाईगढ़,24 सितंबर।** छत्तीसगढ़ के सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले से एक दिल दहला देने वाला वीडियो सामने आया है, जिसमें देखते ही देखते एक स्विफ्ट कार नाले में बह गई. कार में सवार तीन लोगों ने पानी में कूदकर किसी तरह अपनी जान बचाई. बता दें कि बीती रात से जारी मूसलाधार बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है. नाले और नदियां उफान पर हैं. बरमकेला के विक्रमपाली के पास बुधवार को किकारी नाले को नाला पार कर रही कार अचानक तेज धार में बह गई. मौके पर मौजूद लोगों में यह नजारा देख हड़कंप मच गया. कार पानी के बहाव में तेजी से बहने लगी. समय रहते कार सवारों ने तैरकर अपनी जान बचाई, जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया. वहीं देखते ही देखते कार नदी में समा गई. जानकारी के मुताबिक, उड़ीसा नंबर की स्विफ्ट कार में सवार तीन लोगों ने जोखिम उठाते हुए पुल के ऊपर से बहते पानी को पार करने की कोशिश की. तेज बहाव में कार अचानक बेकाबू होकर नाले में बह गई. मौके पर मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया, गनीमत रही कि कार सवार तीनों व्यक्ति तैरकर सुरक्षित बाहर निकल आए. इस खतरनाक घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें साफ दिख रहा है कि चालक ने भारी लापरवाही बरती है. प्रशासन लगातार लोगों को उफनते नालों और पुलों को पार न करने की चेतावनी दे रहा है, बावजूद इसके लापरवाही जानलेवा साबित हो सकती थी. घटना के दौरान मौजूद ग्रामीणों ने कहा कि अगर थोड़ी भी देर हो जाती तो बड़ा हादसा हो सकता था. फिलहाल, यह घटना पूरे इलाके में चर्चा का विषय बनी हुई है.

# भारत ने पाक लताड़ा, याद दिलाया बमबारी वाला कांड

**नई दिल्ली,24सितंबर।** भारत ने यूएनएचआरसी यानी संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में पाकिस्तान को घेर लिया। भारतीय राजनयिक क्षितिज त्यागी का बयान सामने आया। उन्होंने कहा कि अवैध कब्जे वाले क्षेत्र को पाकिस्तान खाली करे। संयुक्त राष्ट्र के मंच का पाकिस्तान द्वारा दुरुपयोग किया जा रहा है। निराधार और भड़काऊ बयानबाजी करने की उसकी आदत है। भारतीय राजनयिक ने कहा कि पाक अपने नागरिकों पर बमबारी करने वाला देश है। आतंकियों को उसके द्वारा पनाह दिया जाता है। यूएनएचआरसी सत्र के एजेंडा आइटम 4 के दौरान बोलते हुए 2012 बैच के भारतीय विदेश सेवा अधिकारी ने पाकिस्तान के हस्तक्षेप को भारत के खिलाफ निराधार और भड़काऊ बयान बताकर खारिज कर दिया। हमारे क्षेत्र पर लालच करने के बजाय, उनके लिए बेहतर होगा कि वे अपने अवैध कब्जे वाले भारतीय क्षेत्र को खाली कर दें और जीवन रक्षक प्रणाली पर निर्भर अर्थव्यवस्था, सैन्य प्रभुत्व से दबाई गई राजनीति और उत्पीड़न से दागदार मानवाधिकार रिकॉर्ड को बचाने पर ध्यान केंद्रित करें - शायद तब जब उन्हें आतंकवाद का निर्यात करने, संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित आतंकवादियों को शरण देने और अपने ही लोगों पर बमबारी करने से समय मिल जाए। उनकी यह तीखी फटकार पाकिस्तान के ख़ैबर पख्तूनख्वा प्रांत की तिराह घाटी के मत्रे दारा गाँव में पाकिस्तानी वायु सेना के हमले की ख़बरों के ठीक एक दिन बाद आई है,



जिसमें महिलाओं और बच्चों समेत कम से कम 30 नागरिक मारे गए थे। प्रत्यक्षदर्शियों ने जले हुए वाहनों, ढही हुई इमारतों और मलबे से निकाले गए शवों के साथ तबाही के मंजर का वर्णन किया। भारत ने परिषद को यह भी याद दिलाया कि उसका अधिदेश सार्वभौमिक, वस्तुनिष्ठ और गैर-चयनात्मक बना रहना चाहिए, और देश-विशिष्ट अधिदेशों के प्रति आगाह किया, जो उसके अनुसार "पक्षपात और चयनात्मकता की धारणाओं को बढ़ावा देते हैं। इस बीच, पाकिस्तान मानवाधिकार आयोग (एचआरसीपी) ने हवाई हमले में नागरिकों के हताहत होने पर आश्चर्य व्यक्त किया और जवाबदेही तय करने का आग्रह किया।

# सामने आई स्वामी चैतन्यानंद की व्हाट्सएप चैट

#### अश्लील मैसेज और धमकियों का खेल

**नई दिल्ली,24 सितंबर।** व्हाट्सएप पर अश्लील मैसेज, देर रात बुलाने और फेल करने की धमकी दिल्ली के श्री शारदा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन मैनेजमेंट से निकली यह कहानी किसी थ्रिलर से कम नहीं. छात्राओं से छेड़खानी करने वाला कथित संत स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती उर्फ पार्थ सारथी अब पुलिस के शिकंजे से बचने की कोशिश कर रहा है,वह फरार हो चुका है. विदेश ले जाने के लालच से लेकर परीक्षा में नंबर काटने तक, बाबा का पूरा खेल पीड़िताओं की चैट्स और बयानों से उजागर हो चुका है. दिल्ली पुलिस की एफआईआर के मुताबिक, स्वामी चैतन्यानंद छात्राओं को देर रात व्हाट्सएप मैसेज भेजता था. उसके मैसेज की भाषा इतनी अश्लील थी कि पढ़कर लड़कियों की रूह कांप जाती. उसके कुछ मैसेज इस प्रकार थे 'मेरे कमरे में आ जाओ, तुम्हें विदेश घुमाने ले चलूंगा, तुम्हारा पैसा भी नहीं लगेगा. अगर मेरी बात नहीं मानी तो तुम्हें फेल कर दूंगा. पीड़िताओं का कहना है कि अगर वे विरोध करतीं, तो उन्हें एग्जाम में नंबर काटने और करियर बर्बाद करने की धमकी दी जाती थी. इस कहानी में सिर्फ बाबा ही दोषी नहीं. इंस्टीट्यूट की तीन महिला वार्डन भी इस साजिश में शामिल पाई गई. पुलिस जांच में सामने आया कि वार्डन लड़कियों को दबाव डालकर चुप रहने को कहतीं और उनके मोबाइल से चैट्स डिलीट करवाती थी. छात्राओं ने बताया कि वार्डन हमें धमकाती थीं कि अगर शिकायत की तो हॉस्टल से निकाल दिया जाएगा. हम मजबूरी में खामोश रहीं. दिल्ली पुलिस ने तीनों वार्डनों के बयान दर्ज कर लिए हैं और उनकी भूमिका की भी जांच की जा रही है.4 अगस्त 2025 को श्री शृंगेरी मठ की ओर से प्रशासक पी.ए. मुरली ने दिल्ली पुलिस में शिकायत दर्ज कराई. शिकायत में साफ लिखा था कि चैतन्यानंद ने EWS (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग) की छात्राओं के साथ यौन उत्पीड़न किया और धोखाधड़ी भी की. यहीं से पुलिस की जांच शुरू हुई और बाबा के खिलाफ परत-दर-परत सच सामने आता गया. जांच के दौरान पुलिस ने जब इंस्टीट्यूट का सीसीटीवी फुटेज खंगालना चाहा तो कई दिन की रिकॉर्डिंग डिलीट मिली. शक है कि वार्डनों और बाबा ने मिलकर सबूत मिटाने की कोशिश की. DVR अब फॉरेंसिक लैब भेजा गया है. छात्राओं के मोबाइल फोन भी फॉरेंसिक जांच के लिए भेजे गए हैं, क्योंकि कई चैट्स डिलीट करवाई गई थीं. पुलिस का मानना है कि डिलीट डेटा रिकवर होने के बाद केस और मजबूत होगा. एफआईआर दर्ज होने के वक्त चैतन्यानंद लंदन में था. यहां नहीं, उसकी आखिरी लोकेशन आगरा में ट्रेस हुई थी. पुलिस को आशंका है कि वह विदेश भागने की फिराक में था. इसी वजह से पुलिस ने तुरंत LOC (Look Out Circular) जारी किया.

## एक नजर



ट्रक चालक नशीली गोली सहित गिरफ्तार

**भिलाई, 24 सितंबर।** भिलाई आआंध्रप्रदेश से नशीली टेबलेट खरीदकर दुर्ग भिलाई में खपाने वाले ट्रक चालक कुलविंदर सिंग को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। यह ट्रक से प्रतिबंधित दवा ला रहा था उसके पास से 480 नशीली टेबलेट बरामद कर ट्रक को भी जब्त किया है। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की दुर्ग पुलिस नशे के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई कर रही है पुलिस को सूचना मिली कि आंध्रप्रदेश से ट्रक चालक प्रतिबंधित दवाइयां खरीद कर यहां बेचता है।

### क्रिकेट सट्टा,चार लोग गिरफ्तार



**भिलाई, 24 सितंबर।** भिलाई एशिया कप भारत-पाकिस्तान क्रिकेट मैच में आनलाइन सट्टेबाजी करने वाले गिरोह का भिलाईनगर पुलिस ने पर्दाफाश कर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से नगदी 32,500 रूपये, मोबाइल में लाखों रूपये के सट्टेबाजी का हिसाब किताब सहित 04 नग मोबाइल जब्त किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि अनिल सिंह साही उर्फ झमरू (32 साल ) निवासी रूआंबांधा बस्ती, मयंक गावड़े (32 साल ) निवासी सेक्टर - 5, सड़क 26, क्वाटर 05 ए, सत्यम साहू (24 साल ) निवासी रिसाली सेक्टर और निखिल साहू (22 साल ) निवासी रूआंबांधा को गिरफ्तार किया गया है।

### म्यूल खाता धारक पर केस दर्ज

**भिलाई, 24 सितंबर।** भिलाई सुपेला पुलिस ने म्यूल अकाउंट धारक के खिलाफ केस दर्ज किया है आरोपी ने बैंक ऑफ इंडिया की सुपेला स्थित शाखा में खाता खुलाकर साइबर ठगों को दे दिया खाते में 4.99 लाख रुपए का संदिग्ध लेनदेन होने पर साइबर टीम ने पकड़ लिया पुलिस ने बताया कि गृह मंत्रालय द्वारा संचालित समन्वय पोर्टल के माध्यम से प्राप्त म्यूल अकाउंट धारक तुषार बडगईया (21 साल ) निवासी संजय नगर सुपेला के बार में जानकारी दी उसने बैंक आफ इंडिया की सुपेला ब्रांच में खाता खुलवाकर अवैध रूप से धन अर्जित करने के लिए दूसरों को दे दिया उसके अकाउंट में 16 सितंबर 2024 से 14 मार्च के बीच 4 लाख 99 हजार 393 रुपए की सबाइक ठगी की रकम डिपॉजिट हुई पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 317(2), 318(4) के तहत केस दर्ज किया है ।

### एणबीबीएस के छात्र से 18 लाख की ठगी

**भिलाई, 24 सितंबर।** भिलाई स्मृति नगर नगर चौकी अतंर्गत एमबीबीएस का छात्र शेयर मार्केट से मुनाफा कमाने के झांसे में आकर ठगी का शिकार हो गया। आरोपियों ने उसे झांसे में लेने के लिए रिटर्न देना शुरू किया। इसके बाद उसे बड़ी रकम इनवेस्ट कराकर 6.18 लाख रुपए से ज्यादा ट्रांसफकर करा लिए। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 318 (4) बीएनएस के तहत केस दर्ज किया है पुलिस ने बताया कि कॉन्टेक्टर कॉलोनी, सुपेला निवासी अमृत साव (24 साल ) ने रिपोर्ट दर्ज कराई। प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि वह एमबीबीएस की पढाई कर रहा है। करीब 4-5 महीने पहले मरीन ड्राइव रायपुर में एक व्यक्ति ने उसे टेलीग्राम पर शेयर इनवेस्ट स्कीम के बारे में जानकारी दी ग्रुप में ज्वाइन कराकर 50 फीसदी मुनाफा मिलने का झांसा दिया। 17 सितंबर को उसे अनजान नबंर से कॉल करके पूर्व ज्वाइन ग्रुप के बारे में जानकारी दी उसकी बातों में आकर इन्वेस्ट के लिए लॉगिन आईडी बना ली पहली बार उसे 150 रुपए रिटर्न आया। 4 हजार डिपॉजिट करने पर 5920 रुपए मिले। विश्वास होने पर बड़ी-बड़ी राशि इनवेस्ट करने लगा। इस तरह कुल 6 लाख 18 हजार 340 रुपए जमा करा दिया। इसके बाद 10 लाख मिलने का झांसा देकर और पैसा मांगने लगे। शंका होने पर साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज करा दी ।

### दुर्ग में राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन 25 सितंबर को

**दुर्ग, 24 सितंबर ।** खेल प्रतिभाओं को निखारने और युवाओं में खेल भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता-2025 का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन का उद्घाटन सांसद श्री विजय बघेल के मुख्य आतिथ्य में होगा।

उद्घाटन समारोह गुरुवार 25 सितंबर 2025 को दोपहर 12 बजे भिलाई विद्यालय, सेक्टर-2 भिलाई दुर्ग में आयोजित होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं दुर्ग (ग्रामीण) विधायक श्री ललित चंद्राकर करेंगे विशिष्ट अतिथि के रूप में वैशालीनगर विधायक श्री राकेश सेन, भिलाई विधायक देवेंद्र यादव और जिला पंचायत दुर्ग की अध्यक्ष श्रीमती सरस्वती बंजारे उपस्थित रहेंगी। ज्ञात हो कि राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में विभिन्न खेलों का प्रदर्शन होगा। जिसमें फेंसिंग, नेटबॉल, ट्रैक साइक्लिंग, लॉन टेनिस, जूडो और टेबल टेनिस (बालक/बालिका) जैसे रोमांचक खेल शामिल हैं। इन प्रतियोगिताओं में राज्य भर के युवा खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

# विधायक भावना बोहरा ने किया 46 लाख रुपए से अधिक के अधोसंरचना निर्माण कार्यों का भूमिपूजन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,24 सितंबर।** पंडरिया विधानसभा की महिलाओं के सशक्तिकरण एवं ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी ने 24 लाख 70 हजार रुपए की लागत से निर्मित होने वाले महतारी सदन का लोकार्पण किया।

इस दौरान भावना बोहरा ने मुख्यमंत्री जी का आभार व्यक्त किया और क्षेत्रवासियों को इस सौगात के लिए बधाई दी। तत्पश्चात पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने जनता की मांग व क्षेत्र में जनसुविधाओं के विस्तार के तहत आज 46 लाख 34 हजार रुपए के विकास एवं अधोसंरचना निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया और क्षेत्रवासियों को बधाई दी। आज कुल 71 लाख रुपए से अधिक के विकास एवं अधोसंरचना निर्माण कार्यों की सौगात पंडरिया विधानसभा वासियों को मिली है जिसके प्रति जनता ने भी मुख्यमंत्री जी एवं पंडरिया विधायक भावना बोहरा का आभार व्यक्त किया। पंडरिया जनपद अध्यक्ष नंदनी साहू , जनप्रतिनिधि और समस्त भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित रहे ।



कवर्धा। नेउरगांव खुर्द में मां दुर्गा की मूर्ति विराजित



कवर्धा । पोड़ी गांव में मां दुर्गा की मूर्ति विराजित

### काव्य-पाठ प्रतियोगिता 26 सितंबर को

**दुर्ग, 24 सितंबर ।** छत्तीसगढ़ राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर रजत जयंती 2025-26 के उपलक्ष्य में संभाग स्तरीय काव्य-पाठ प्रतियोगिता का आयोजन 26 सितम्बर 2025 दिन शुक्रवार को पूर्वान्ह 10.00 बजे, विवेकानंद सभागार पद्मनाभपुर, उतई रोड दुर्ग में किया जा रहा है।

## जिला पंचायत सभापति ने बरबसपुर में नवनिर्मित महतारी सदन का लोकार्पण किया

**कवर्धा,24 सितंबर।** छ.ग. प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं सम्माननीय उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा जी के द्वारा प्रदेश के 51 महतारी सदनो का लोकार्पण धमतरी जिले से वर्चुअल माध्यम से किया गया। इसी कड़ी में विकास खण्ड कवर्धा के ग्राम पंचायत बरबसपुर में नवनिर्मित महतारी सदन का लोकार्पण पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष व जिला पंचायत सभापति रामकुमार भट्ट के द्वारा किया गया उक्त अवसर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष व जिला पंचायत सभापति रामकुमार भट्ट ने कहा कि महतारी सदन योजना ग्राम पंचायतों में ग्रामीण महिलाओं को स्वावलंबी एवं अत्मा निर्भर बनाने तथा आपसी समरस्ता स्थापित करने व सामाजिक कार्यक्रमों में सामुहिक भागीदारी तथा महिला ससक्तिकरण में सार्थक सिद्ध होगा। महतारी सदन महिलाओं के शिक्षा कौशल और उद्यामिता का द्वार खुलेगा। महतारी सदन योजना छ.ग. प्रदेश में केवल महिलाओं की तरक्की का आधार ही नही बल्कि यह पूरे प्रदेश की तरक्की का आधार बनेगा। ग्राम पंचायत बरबसपुर के महतारी सदन का लोकार्पण से ग्राम विकास में एक और की कड़ी जुड़ गई। उक्त अवसर पर पंचायत के सरपंच श्री प्रकाश यादव, अनुसुचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष श्री पंच राम कोसले ग्राम पंचायत के पंच तथा बिहान योजना से जुड़ी हुई समुह की बहने तथा ग्रामवासी गण उपास्थित रहे ।



## जिला पंचायत अध्यक्ष ने महतारी सदन का लोकार्पण किया

**कवर्धा 24 सितंबर ।** महिलाओं को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने की दिशा में एक और ऐतिहासिक कदम बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज धमतरी जिले में आयोजित कार्यक्रम से महतारी सदन योजना के अंतर्गत निर्मित भवनों का वर्चुअल लोकार्पण किया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री विजय शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर पूरे प्रदेश के 51 महतारी सदनों का लोकार्पण किया गया, जिनमें से कबीरधाम जिले के 5 महतारी सदन भी शामिल हैं। इनमें विकासखंड कवर्धा के अंतर्गत 4 तथा पंडरिया विकासखंड के अंतर्गत 1 भवन का शुभारंभ हुआ। इस दौरान ग्राम सम्पदा मोबाईल ऐप का शुभारंभ किया गया। इस ऐप के माध्यम से गांव में होने वाले विकास कार्यों की जानकारी उपलब्ध होगी। जिले में 3 करोड़ 45 लाख रुपए की लागत से 14 महतारी सदन बन रहे है। जिला स्तरीय कार्यक्रम कवर्धा विकासखंड के ग्राम बिरकोना में आयोजित हुआ, जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, जिला पंचायत सदस्य वीरेन्द्र साहू, कलेक्टर गोपाल वर्मा सहित जनप्रतिनिधि और दीदी वर्चुअल माध्यम से जुड़े रहे। जिले के पांचों महतारी सदन के लोकार्पण में अपने स्थल में स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक सहित दीदियां और आम नागरिक उपस्थित रहे।



## नगर को स्वच्छ बनाए रखना सबकी जिम्मेदारी:आयुक्त



**भिलाई, 24 सितंबर।** नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने रजत जयंती एवं स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत मंगलवार को गोल मार्केट, वैशाली नगर में स्वच्छता संदेश दिया। उन्होंने स्वयं झाड़ू लगाकर श्रमदान किया और उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों तथा व्यापारियों को स्वच्छता अपनाने की शपथ दिलाई। पाण्डेय ने कहा कि सफाई केवल निगम की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि नागरिकों की भागीदारी से ही शहर को स्वच्छ रखा जा सकता है। आयुक्त ने जैन मंदिर समीप त्रिकोणा उद्यान में चल रहे अमृत मित्र 2.0 - वूमन फॉर ट्री पौधरोपण कार्यक्रम का निरीक्षण कर उद्यान में लगी खेलकूद सामग्री के संधारण के निर्देश दिए। इस दौरान वार्ड पार्षद स्मिता दोड़के सहित निगम के वरिष्ठ अधिकारी, सफाई मित्र और स्थानीय व्यापारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। इसी क्रम में जोन-02 इंदिरा गांधी शासकीय महाविद्यालय, जोन-03 मदर टेरेसा नगर पावर हाउस मार्केट, जोन-04 स्वामी आत्मानंद पं. नेहरू स्कूल न्यू खुर्सीपार और जोन-05 सेक्टर-06 साईं मंदिर परिसर में भी आयुक्त के मार्गदर्शन में स्वच्छता शपथ और श्रमदान किया गया। बच्चों ने स्वच्छता सेल्फी प्वाइंट, रंगोली और स्लोगन प्रतियोगिता से स्वच्छता का संदेश फैलाया।

## बकायेदारों से संपत्ति कुर्क कर राशि वसूली जा रही

**भिलाई, 24 सितंबर ।** निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत स्थित भवन भूमियों पर बकाया राशि की वसूली हेतु नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 175 के अधीन संपत्तिकर के बकाया राशि की वसूली हेतु कुर्की की कार्यवाही लगातार जारी है। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा गठित टीम अलग-अलग जोन क्षेत्र में जाकर भवन/भूमि स्वामीयों से संपर्क कर बकाया संपत्तिकर राशि की जानकारी दे रहे हैं। जिनके द्वारा बकाया संपत्तिकर की राशि जमा किया जा रहा है, उनको मौके पर जमा राशि का रसीद दिया जा रहा है । कुछ बकायेदारों द्वारा समय मांगा जा रहा है, उन्हे समय भी प्रदान किया जा रहा है। दिनांक 23 सितम्बर 2025 को सहायक राजस्व अधिकारी अजय शुक्ला, शरद दुबे, प्रसन्न तिवारी, बालकृष्ण नायडू द्वारा बकायादारों पर कुर्की की कार्यवाही कर 5,12,849.00 रूपये निगम कोष में जमा कराया गया है। बकाया राशि जमा नहीं करने वालो का संपत्ति पर कुर्की की कार्यवाही कर राशि वसूल किया जाएगा, यह कार्यवाही लगातार जारी रहेगा।





## महापौर ने रेलवे इंस्टिट्यूट, एसएलआरएम सेंटर और उमदा का किया निरीक्षण

**भिलाई 03।** नगर निगम भिलाई-चरोदा की स्वच्छता व्यवस्था को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से महापौर निर्मल कोसरे ने बुधवार सुबह 7 बजे से निरीक्षण अभियान चलाया। उन्होंने रेलवे इंस्टिट्यूट चरोदा, एसएलआरएम सेंटर चरौदा और उमदा क्षेत्र का दौरा कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी अश्विनी चंद्राकर और रेलवे यूनियन के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। इस अवसर पर क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। महापौर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सफाई कार्यों को और बेहतर और व्यवस्थित तरीके से संचालित किया जाए, ताकि शहर को स्वच्छता रैंकिंग में ऊँचा स्थान दिलाया जा सके।

## लोक कल्याण मेले में पथ विक्रेताओं को मिली योजनाओं की जानकारी



**भिलाई, 24 सितंबर।** नगर पालिक निगम भिलाई मुख्य कार्यालय सभागार में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत लोक कल्याण मेला आयोजित किया गया। मेले में शहर के पथ विक्रेताओं को अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए ऋण सुविधाओं और संबंधित योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बताया गया कि पीएम स्वनिधि योजना से लाभ लेने पर पथ विक्रेता अन्य 8 कल्याणकारी योजनाओं से भी जुड़ सकेंगे। सरकार ने ऋण की राशि में बढ़ोतरी करते हुए प्रथम लोन 10 हजार से बढ़ाकर 15 हजार, द्वितीय लोन 20 हजार से 25 हजार और तृतीय लोन 50 हजार रुपये तक कर दिया है। समय पर भुगतान करने पर बैंक द्वारा 7 प्रतिशत ब्याज सब्सिडी का लाभ भी मिलेगा।आवेदन प्रक्रिया के तहत पथ विक्रेता प्रथम लोन के लिए च्वाइस सेंटर के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं, जबकि तृतीय लोन के लिए नगर निगम मुख्य कार्यालय के कक्ष क्रमांक 57 (राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन विभाग) से संपर्क करना होगा।



## भिलाई-चरौदा निगम की नीलामी में दोगुनी से अधिक बोली

**भिलाई-3।** नगर पालिक निगम भिलाई-चरौदा द्वारा मंगलवार को विश्व बैंक कॉलोनी स्थित 18 रिक्त भूखंडों की नीलामी में उम्मीद से कहीं अधिक राशि प्राप्त हुई। निगम ने इन प्लॉटों की शासकीय दर लगभग 83 लाख तय की थी, जबकि जोरदार प्रतिस्पर्धा में यह रकम बढ़कर 1 करोड़ 81 लाख तक पहुँच गई। शेष 14 भूखंडों की नीलामी बुधवार को होगी। महापौर निर्मल कोसरे ने नागरिकों का आभार जताते हुए 25 सितंबर से पालिका बाजार की दुकानों की नीलामी में भी उत्साहपूर्ण भागीदारी की अपील की। वहीं सभापति कृष्णा चंद्राकर ने कब्जाधारी प्लॉटों पर कार्रवाई न होने पर नाराजगी जताई और चेतावनी दी कि मामला महापौर परिषद में नहीं आने पर वे नीलामी रद्द करने की मांग करेंगे। आयुक्त डीएस राजपूत ने सफलता का श्रेय व्यापक प्रचार-प्रसार को दिया और कहा कि यह निगम कोष को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

## गजेंद्र यादव ने तिलक स्कूल की 55 छात्राओं को साइकिल वितरित की



**दुर्ग, 24 सितंबर ।** स्कूल शिक्षा मंत्री श्री गजेंद्र यादव ने आज सरस्वती साइकिल योजना के तहत तिलक उच्चतर माध्यमिक कन्या शाला में 55 छात्राओं को साइकिल वितरण किया। उन्होंने कक्षा 10वीं एवं 12वीं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त छात्राओं को सम्मानित किया। स्कूल शिक्षा मंत्री श्री यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार शासकीय विद्यालयों के छात्रों के भविष्य गढ़ने में तत्पर है। गुजरात मॉडल की तरह छत्तीसगढ़ में भी सेटेलाइट के माध्यम से शिक्षा की व्यवस्था की जाएगी। जिससे विद्यालय में विषय शिक्षकों की कमी दूर हो सकेगी एवं छात्र-छात्राओं को शिक्षा का बेहतर लाभ मिल सकेगा। उन्होंने यह भी कहा कि पूर्व काल की तरह पुनः प्राथमिक कक्षाओं में बारहखडी का अभ्यास कराया जाए, जिससे बच्चे भाषा का बेहतर ज्ञान प्राप्त कर सके। साथ ही गणितीय संक्रियाओं को भी बेहतर तरीके से समझाने हेतु प्रयास किए जाए। मंत्री श्री यादव ने बताया कि उन्होंने 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा तिलक कन्या विद्यालय से ही दी हैं अतः इस विद्यालय से उनका भावनात्मक संबंध रहा है। उन्होंने कहा विद्यालय के लिए मांगने की आवश्यकता नहीं है मुझे जो बेहतर लगेगा विद्यालय के लिए करूंगा। मंत्री श्री यादव ने प्राचार्य की मांग के अनुसार अत्याधुनिक डोम तैयार करने की घोषणा की। उन्होंने सभी को शुभकामनाएं दी और कहा कि अभाव से अच्छा सीखने का और कोई माध्यम नहीं हो सकता। सभी सुविधाएं देने पर सीखने की गति कम होती है अतः बच्चे पढ़ाई पर विशेष रूप से ध्यान दें। छत्तीसगढ़ शासन शैक्षणिक सुविधाओं की पूर्ति के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।

### विकास कार्य के लिए 11 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति

**दुर्ग, 24 सितंबर ।** कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह द्वारा सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजनांतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए निर्माण कार्य के लिए 11 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। सांसद श्री विजय बघेल द्वारा अनुशंसित उक्त कार्यो का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत दुर्ग द्वारा किया जाएगा।

## सीएम ने दुर्ग जिले के दो महतारी सदन भवन का किया वर्चुअल लोकार्पण

**दुर्ग, 24 सितंबर ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज वर्चुअल माध्यम से छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में निर्मित 51 महतारी सदनों का लोकार्पण किया। इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम के माध्यम से दुर्ग जिले को विकास की एक बड़ी सौगात मिली है। जिले में स्वीकृत 9 महतारी सदनों में से नगपुरा और निकुम स्थित भवनों का आज वर्चुअल शुभारंभ किया गया।नगपुरा में निर्मित महतारी सदन का कुल क्षेत्रफल 2507 वर्गफुट है, जिसमें कार्यालय, दुकान, किचन, स्टोर रूम और शौचालय जैसी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इस अवसर पर सांसद श्री विजय बघेल ने प्रतीकात्मक रूप से फीता काटकर भवन का उद्घाटन किया।कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने स्व-सहायता समूहों की महिलाओं से संवाद कर उनके अनुभव साझा किए। दुर्ग जिले के जय बजरंग महिला स्व-सहायता समूह की सदस्य श्रीमती हेमलता साहू से टू-वे कोम्युनिकेशन के माध्यम से चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने उनकी आजीविका गतिविधियों की जानकारी ली। श्रीमती साहू ने बताया कि समूह गाय, बकरी पालन और वर्मी कम्पोस्ट निर्माण जैसे कार्यों में संलग्न है। उन्होंने महतारी सदन मिलने पर आभार व्यक्त करते हुए बताया कि पहले उन्हें बैठक और प्रशिक्षण के लिए पेड़ की छांव में बैठना पड़ता था, लेकिन अब यह सभी कार्य भवन के भीतर आसानी से हो सकेंगे।मुख्यमंत्री श्री साय ने सभी महिला समूहों को बधाई देते हुए कहा कि यह महतारी सदन ग्रामीण महिलाओं को स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर विधायक श्री ललित चंद्राकर ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नवरात्रि जैसे पावन पर्व पर दुर्गवासियों को महतारी सदन के रूप में एक बहुमूल्य उपहार प्राप्त हुआ है,

एक नजर

## बिजली के ऑनलाइन बिल में लूट:कुसुम दुबे




**राजनांदगांव, 24 सितंबर।** छ ग प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की सचिव एवं शहर जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव की कार्यकारिणी सदस्य कुसुम रूपेश दुबे ने विद्युत मंडल पर ऑन लाइन बिल पटाने पर जनता लूट का शिकार होने का आरोप लगाते हुए कही कि मुख्यमंत्री के स्वयं के विभाग में ऐसी अंधेरगर्दी है तभी प्रदेश में लूट, अपराध,नशाखोरी के साथ साथ सरकारी खरीदी में भ्रष्टाचार चरम पर है। श्रीमती दुबे ने सबूत उजागर करते हुए कही कि सर्विस क्र 1006530583 में बिजली बिल मैनुअल एवं एसएमएस से 680/- है वहीं ऑन लाइन पटाने प्रयास करने पर यह बिल 810 दिखा रहा है इससे यह साबित होता है कि विद्युत विभाग अंधेरगर्दी के साए में है। ऑन लाइन सुविधा में जनता सिर्फलुट का शिकार हो रही है । एक तो सरप्लस राज्य में बिजली की दर बढाकर भाजपा सरकार अन्याय कर रही है। क्योंकि वे अपने पूंजीपति मित्रों को लाभ देना चाहती है।। कोयला उन्हीं का सोलर प्लेट उन्हीं का सरकार जनता को पूंजीपतियों के हाथों पीसने छोड़ दी है। अघोषित बिजली कटौती के साथ साथ हल्के फुल्के हवा में भी घंटों बिजली बंद आम बात हो गई है वर्तमान में छ ग की भाजपा सरकार पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की जनहितकारी 400 यूनिट मुफ्त बिजली योजना को समाप्त कर बिजली का दर बढ़ा कर बिल भेजी है जो जनता को झटका एवं पूरे परिवार के साथ अन्यायकारी नीति का प्रमाण है।

## टूर द बलौदाबाजारर साइक्लोथॉन में 924 प्रतिभागियों ने कराया पंजीयन

**बलौदाबाजार, 24 सितम्बर।** विश्व पर्यटन दिवस और छत्तीसगढ़ रजत जयंती वर्ष के अवसर पर आयोजित होने वाले टूर द बलौदाबाज़ार साइक्लोथॉन में देश भर के 924 लोगों ने पंजीयन किया है। यह आयोजन आगामी 28 सितंबर को किया जा रहा है। जिला प्रशासन आयोजन की तैयारियों में जुटा हुआ है।

कलेक्टर दीपक सोनी ने बताया कि यह आयोजन स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और जिले में पर्यटन की संभावनाओं को पोषित करने में उद्देश्य से किया जा रहा है। उन्होंने खुशी ज़ाहिर करते हुए कहा कि सिर्फ़ छत्तीसगढ़ नहीं बल्कि देशभर के साइकिलिस्ट इस आयोजन का हिस्सा बनने के इच्छुक हैं। अमृतसर , दिल्ली ,मुंबई जैसे शहरों से भी साइकिल प्रेमियों ने पंजीयन किया है। साइक्लोथॉन में प्रतियोगिता की दो श्रेणियां है जिसमें पहली ज़िले के निवासियों के लिए और दूसरी अन्य ज़िले अथवा राज्य के निवासियों के लिए है।

दोनों श्रेणियों में महिला एवं पुरुष वर्ग में पृथक पुरस्कार दिए जाएंगे। बलौदाबाज़ार जिले के प्रतिभागियों के लिए पुरुष वर्ग में प्रथम पुरस्कार 25,000, द्वितीय पुरस्कार 15,000 और तृतीय पुरस्कार 10,000 इसी प्रकार महिला वर्ग में भी प्रथम पुरस्कार 25,000, द्वितीय पुरस्कार 15,000 और तृतीय पुरस्कार 10,000 देय होगा।

### निधन

## ओम प्रकाश तंबोली



**सिमगा, 24 सितंबर।** सिमगा निवासी सेवा निवृत्त शिक्षक ओम प्रकाश तंबोली 71वर्ष का निधन हो गया उनका अंतिम संस्कार सोमवार को शिवनाथ नदी के तट पर मुक्तिधाम में किया गया।वे शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हथबंद में प्रथम सेवारंभ 1973 से 1985 तक हथबंद में पदस्थ थे।वे विशाल और विभव के पिता थे।

# वीर अभिमन्यु नाटक के कलाकारों ने मन मोहा

## नाटक देखने के लिए पहले दिन उमड़ी भीड़

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा, 24 सितंबर।** आदर्श रामलीला नाटक मंडली नवरात्र के प्रथम दिवस से अपने 106वें वर्ष का आरंभ मुकुट एवं गणेश पूजन के साथ वीर अभिमन्यु नाटक के भव्य प्रस्तुति के साथ हुआ।

वीर अभिमन्यु, कृष्ण, अर्जुन, द्रोणाचार्य एवं सात वीरो के दमदार संवाद और बेहतरिन अभिनय ने दशको का मनमोहा और खुब तालिया बटोरी। उत्तरा, सुभद्रा के अभिनय की काफिसराहना हुई । अभिमन्यु के वीरगति का दृष्य अत्यंत रोमाचित और मार्मिकता के साथ प्रस्तुत हुई जिसमें अभिमन्यु का रथ का पहिया उठाना, सातो वीरो का एक साथ तलवार और तीरो से अभिमन्यु को छलनी कर देने का सीन लोगो को बांधकर रखा। अभिमन्यु के पात्र मे आदित्य जोशी ने कमाल का संवाद और अभिनय का प्रदर्शन किया। वीर अभिमन्यु के पात्रों में नजर आए श्रीकृष्ण आयुष तिवारी, अर्जुन लव शर्मा , द्रोणाचार्य वैभव तिवारी, अभिमन्यु आदित्य जोशी, युधिष्ठिर जय मल, नकुल लक्ष्य चौरसिया, सहदेव रौशन जैन, भीम सुयश गब्बर शर्मा, दुर्योधन अभि अग्रवाल, दुःशासन श्याम मल, जयद्रथ आदित्य सोनी, शकुनि काव्यांश शर्मा, शल्य नमन मल, कर्ण निलेश मल, अश्वत्थामा मुकुल शर्मा, उत्तरा शुभ केशरवानी, सुभद्रा धरमपाल सोनी एवं मुकेश, कृपांश, कार्तिक पांडे, आकर्ष जैसे बाल कलाकारो ने भुमिका निभाई। आदर्श रामलीला नाटक मंडली प्रारंभ गणेश पूजन एवं मुकुट पूजन अस्त्र-शस्त्र पूजन के साथ प्रारंभ हुआ। सत्यनारायण जोशी संरक्षक मंडल के सदस्य के द्वारा पुजन यजमान बन कार्यक्रम पूर्ण कराया गया। भगवान श्रीकृष्ण की आरती में ब्राम्हण समाज एवं राजपुत क्षत्रिय समाज से अपार जन समूह उपस्थित रहे। जिनमें प्रमुख रूप से अटल त्रिवेदी, हरगोपाल शर्मा, अजयकांत शुक्ला, मनीष शर्मा, महेश उपाध्याय, सुनील दुबे, संतोष पुरोहित, राधेश्याम शर्मा, विजय पांडे, धनंजय तिवारी, मनोज पांडे, ढाल सिंह ठाकुर, प्रदीप ठाकुर, विकास ठाकुर, संजय सिंह उपस्थित थे। अतिथियों ने अपने ने अपने संबोधन में रामलीला के इस 106 वर्षों के सफर को अलौकिक बताया और प्रबंधन समिति को साधुवाद देते हुए कलाकारो की प्रशंसा की एवं अनवरत परंपरा निर्वहन की आशा जताई।

# कलेक्टर ने 8 आदतन अपराधियों को किया एक वर्ष के लिए जिलाबदर

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार,24 सितम्बर।** जिले में वर्तमान कानून व्यवस्था को देखते हुए कलेक्टर दीपक सोनी ने पुलिस प्रशासन से प्राप्त जांच रिपोर्ट के आधार पर 8 आदतन अपराधियों को एक वर्ष के लिए जिला बदर के आदेश जारी किया है। आदेशानुसार कुंजराम अंजान पिता मन्नू अंजान निवासी करही बाजार,उदल प्रताप यादव पिता समारु राम यादव निवासी लटुवा, रितिक बंजारे उर्फ़मनोज बंजारे पिता तुलसी राम बंजारे निवासी रवान, धनेश टंडन पिता सुरेश टंडन निवासी सेंदरी थाना भाटापारा, जवाहर लाल साहु पिता बेदराम साहु निवासी दर्रा चौकी गिरौदपुरी, श्रवण देवार पिता फगुराम देवार निवासी करमदा, ईश्वर गोंड पिता संतराम गोंड निवासी सेमरा भैंसामुड़ा,सबरिया डेरा एवं ग्राम मोहतरा थाना गिधौरी निवासी ऋषि पाटिल पिता मयाराम पाटिल को को जिला बदर किया गया है। यह कार्रवाई छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3,5 (ख) के तहत किया गया है जिसमें 1 वर्ष के कालावधि के लिए बलौदाबाजार-भाटापारा जिले एवं उसके सीमावर्ती जिले बिलासपुर, रायपुर, रायगढ़ महासमुंद, मुंगेली, जांजगीर-चांपा, सक्ति, बेमेतरा एवं सारंगढ़- बिलाईगढ़ जिलों की सीमाओं से आदेश पारित होने 24 घंटे के भीतर हटने एवं बाहर चले जाने के आदेश दिए है।

# रन फॉर आयुर्वेदा में बच्चे,अधिकारी और कर्मचारी हुए उत्साह से शामिल

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 24 सितंबर।** राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के अवसर पर मंगलवार को आयुष विभाग द्वारा रन फॉर आयुर्वेदा का आयोजन किया गया। रन फॉर आयुर्वेदा प्रातः 7 बजे पण्डित चक्रपाणी शुक्ल हाई स्कूल मैदान से प्रारम्भ हुआ जिसमें जनप्रतिनिधि, अधिकारी - कर्मचारी, स्कूली बच्चे शामिल हुए। इस अवसर पर स्वस्थ जीवन के लिए आयुर्वेद अपनाने का संकल्प लिया गया।




नगरपलिका अध्यक्ष अशोक जैन ने हरी झंडी दिखाकर रन फॉर आयुर्वेदा को रवाना किया। दौड पण्डित चक्रपाणी शुक्ल हाई स्कूल मैदान से प्रारम्भ होकर, तहसील कार्यालय, गार्डन चौक, बस स्टैंड होते हुए गौरव पथ एवं पुनः स्कूल मैदान मे सम्पन्न हुआ। बताया गया कि रन फॉर आयुर्वेदा का उद्देश्य आयुर्वेद की शक्तियों और समग्र स्वास्थ्य सिद्धांतो के बारे में जन-जागरूकता लाना है। इसके अंतर्गत राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति को आकार देने सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से आयुर्वेद विश्वास बढ़ाने रोग से अरोग्यता की अवधारणा को सशक्त बनाने तथा आयुर्वेद को वैश्विक स्वास्थ्य पटल पर स्थापित करने जैसे लक्ष्य शामिल है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर द्वय सुश्री दीप्ति गौते,अवध राम टंडन, एससडीएम प्रकश कोरी, जिला आयुर्वेद अधिकारी गोदावरी पैकरा सहित अन्य अधिकारी एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

# राजकीय पशु वन भैंसों के लिए बारनावापारा अभयारण्य अनुकूल

### संख्या 6 से बढ़कर हो गई 10



**बलौदाबाजार, 24 सितंबर।** बारनवापारा अभयारण्य क्षेत्र राजकीय पशु वन भैंसों के लिए अनुकूल साबित हो रहा है। इस अभयारण्य क्षेत्र में वन भैसो की संख्या में वृद्धि हो रही है। अब यहां वन भैसों की संख्या 6 से बढ़कर 10 हो गई है। वनमण्डलाधिकारी गणवीर धम्मशील ने बताया कि छत्तीसढ़ राज्य में राजकीय पशु वन भैंसा के संख्या में वृद्धि करने के उद्देश्य से राज्य वन्यप्राणी बोर्ड 2017 की बैठक में मानस टायगर रिजर्व असम से वन भैंसे लाकर छत्तीसगढ़ राज्य में चयनित स्थल बारनवापारा में रख कर संख्या वृद्धि किये जाने संबंधित अनुमति प्राप्त हुई थी। तत्संबंध में भारत शासन पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली के द्वारा मानस टायगर रिजर्व से बारनवापारा अभयारण्य लाने की अनुमति प्राप्त हुई थी । असम राज्य से वर्ष 2020 में 1 नर एवं 1 मादा वनभैंसा तथा वर्ष 2023 में 4 मादा वनभैंसो को बारनवापारा अभयारण्य लाया गया जिसे बारनवापारा अभयारण्य के कोठारी परिक्षेत्र के अंतर्गत निर्मित 10 हेक्टेयर के बाड़े में रखा गया है।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 में वनभैंसा संरक्षण एवं संवर्धन केन्द्र खैरछापर में राजकीय पशु वनभैसा मादा (मानसी) द्वारा एक नर बच्चा को एवं एक अन्य मादा वनभैंसा द्वारा एक मादा बच्चे को जन्म दिया गया था। वर्ष 2025 में 2 मादा एवं 1 नर बच्चा जन्म हुआ है, जिनमे से एक मादा बच्चे की आकस्मिक मृत्यु हो गई है जिसका विधिवत पशु चिकित्सको की टीम द्वारा शव परीक्षण किया गया है। वर्तमान में वनभैसों की संख्या 6 से बढ़कर कुल 10 हो गई है, जो कि बारनवापारा अभ्यारण्य क्षेत्र का वन भैंसों के लिए अनुकूलता का परिचायक है।

# छवि शर्मा ने शहर ही नहीं प्रदेश को किया गौरवान्वित: कुलबीर



**राजनांदगांव, 24 सितंबर।** नारी पढ़ेगी और आगे बढ़ेगी इसकी जीता जागता उदाहरण है राजनांदगांव शहर की बेटियां। आज फिर शहर की बेटी छवि शर्मा ने राज्य स्तरीय एक्वाथलन चयन प्रतियोगिता में अपना शानदार प्रदर्शन कर शहर व प्रदेश को गौरवान्वित किया हैं। उनकी इस उपलब्धि पर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने बधाई व शुभकामनाएं दी। शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि बड़े ही हर्ष की बात है कि अधिवक्ता व शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री नरेश शर्मा की सुपुत्री छवि शर्मा ने शहर ही नहीं पूरे प्रदेश को गौरवान्वित किया है संस्कारधानी की बेटी छत्तीसगढ़ ट्रायथलान एसोसिएशन के सौजन्य से रविवार 21 सितंबर को आयोजित राज्य स्तरीय एक्वाथलन सब जूनियर में 50 बालिकाओं ने भाग लिया था जिसमें छवि शर्मा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान प्राप्त किया। कुमारी छवि शर्मा आगामी नेशनल एक्वाथलन चैम्पियशिप जो 10 से 12 अक्टूबर को भोपाल में आयोजित होगी उसमें छवि शर्मा छत्तीसगढ़ की टीम का प्रतिनिधित्व करेंगी। बेटी की कड़ी मेहनत व चयन से आज परिवार, समाज, राजनांदगांव शहर व प्रदेश का नाम रौशन हो रहा है। जिसके लिए मैं शहर की बेटी को बधाई देता हूं और खासकर उनके मां-बाप को जिसके संस्कार से बेटी ने इस मुकाम तक पहुंची है। श्री छाबड़ा ने आगे कहा कि बेटियां आज हर क्षेत्र में अपना प्रतिभा का लोहा मनवा रही। बेटियों को शिक्षित करना बहुत ज्यादा जरूरी है क्योंकि बेटियों एक परिवार नहीं दो परिवार को संभालती है। आज बेटियां खेलकूद से लेकर राजनीति व अन्य क्षेत्रों में अपनी पूरी सहभागिता निभा रही है। शहर कांग्रेस परिवार इस होनहार बेटी के उज्जवल भविष्य की मंगल कामना करता हैं।

# टाउन हॉल में लोक कल्याण मेला 26 को

### प्रधानमंत्री स्व निधि योजनांतर्गत स्ट्रीट वेंडर्स को व्यवसाय के लिये मिलेगा ऋण

**राजनांदगांव 24 सितम्बर।** नगर पालिक निगम राजनांदगांव अंतर्गत शासन द्वारा संचालित स्वरोजगार घटक प्रधानमंत्री स्व निधि अंतर्गत स्ट्रीट वेंडर्स को निजी व्यवसाय के लिए व्यक्तिगत ऋण देने 26 सितम्बर 2025 शुक्रवार दोपहर 12 बजे से नगर निगम टाउन हॉल में लोक कल्याण मेला का आयोजन किया गया है।

लोक कल्याण मेला के संबंध में निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि मेला में बैंको में स्वीकृत एवं लंबित प्रकरणो का ऋण वितरण कराना, बैक द्वारा वापस किये गये 'रिटर्न बाय बैक' श्रेणी के त्वरित निराकरण/निपटान करना, स्ट्रीट वेंडर्स को दिए गये ऋण उपरांत प्रोफाईलिंग कराना इत्यादि कार्य किया जायेगा। उन्होंने बताया कि पीएम स्वनिधि योजना के प्रावधानों के तहत स्ट्रीट वेंडर्स को विभिन्न बैकों के माध्यम से तीन स्तर में प्रथम ऋण राशि 15 हजार रूपेय, प्रथम ऋण अदायगी करने पर द्वितीय ऋण रूपये 25 हजार एवं द्वितीय ऋण अदायगी करने पर तृतीय ऋण राशि 50 हजार रूपये का ऋण देने लक्ष्य रखा गया है। मेले में बैंकर्स भी उपस्थित रहेंगे।

लोक कल्याण मेला में फेरी वाले एवं छोटा मोटा व्यवसाय करने वाले पात्र स्ट्रीट वेडर्स के चिन्हांकन एवं बैको से ऋण दिलाने हेतु ऑनलाईन आवेदन कराने के लिए आवश्यक दस्तावेंज जैसे आधार कार्ड, (मोबाईल नम्बर लिंग हो) बैंक पास बुक, मतदाता परिचय पत्र, 02 फोटो के साथ साथ मोबाईल फोन साथ लाना अनिवार्य है। नये आवेदन के लिए ऑनलाईन आवेदन भी भराया जावेंगा। आयुक्त ने स्ट्रीट वेंडर्स को 26 सितम्बर को टॉउन हाल में आयोजित लोक कल्याण मेला में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर स्वयं के व्यवसाय हेतु ऋण प्राप्त करने की अपील की है।

# चेतन को जागृत करना आवश्यक : मुनि वीरभद्र

### चातुर्मासिक प्रवचन

**राजनांदगांव 24 सितंबर।** श्री विनय कुशल मुनि के सुशिष्य एवं 171 दिन तक उपवास का रिकॉर्ड बनाने वाले जैन मुनि वीरभद्र (विराग) जी ने आज यहां कहा कि चेतन के विपरीत दर्शन नुकसानदायक होता है। इसलिए चेतन को जागृत करना आवश्यक है। चेतन यदि जागृत हो जाए तो विपरीत कार्य नहीं होंगे। जैन बगीचे के उपाश्रय भवन में आज मुनि वीरभद्र (विराग) ज़ी ने कहा कि हमारी बुद्धि चेतन होते हुए भी जड़ हो गई है जिसे जागृत करना आवश्यक है, नहीं तो हमें काफी नुकसान होगा। पहले इस आर्य भूमि में वैराग्य कूट-कूट कर भरा था। जैन दर्शन में ही महात्मा नहीं हुए बल्कि अन्य दर्शनों में भी महात्मा हुए हैं। पहले जैसा वैराग्य अब नहीं रह गया है। उस समय लोगों में त्याग की भावना प्रबल थी। मुनि श्री वीरभद्र (विराग)जी ने कहा कि हमने अपने गुणों को खो दिया है। पहले हमने तत्काल निर्णय लेने की क्षमता थी लेकिन अब हम तत्काल निर्णय नहीं ले पाते। इसके लिए हमें चेतन को जागृत करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि आज हम पत्नी को पूछे बिना कोई निर्णय नहीं ले पाते। चेतन जागृत हुआ तो हम तत्काल निर्णय ले पाएंगे। इसके लिए पुरुषार्थ करना होगा। उन्होंने कहा कि पुरुषार्थ करना हो तो मोक्ष प्राप्ति के लिए करो। परिणाम यदि पॉजिटिव हो तो मोक्ष अवश्य मिलेगा। हमें यह भव मिला है, इसका फायदा अवश्य उठाएं और आत्म कल्याण के मार्ग में बढ़ें।

# गुम सोने की चेन और स्कूटी पुलिस ने ढूंढ निकाली




**राजनांदगांव, 24 सितंबर।** आवेदिका श्रीमती योगेश्वरी साहू पति अनेश कुमार साहू निवासी नंदई चौक वार्ड नं. 40 बसंतपुर राजनांदगांव दिनांक 21.09.2025 को थाने में आवेदक प्रस्तुत की जिसमें यह दिनांक 19.09.2025 को त्रिपदा फैशन स्टोर जय स्तंभ चौक राजनांदगांव में कपड़ा खरीदने गई थी, जहां इसकी गले में पहने सोने की चैन किमती 2,00,000 रूपये गुम हो गई ढुंढने पर नहीं मिलना बतायी। जिस पर थाना कोतवाली पुलिस स्टॉफ भेजकर सी0सी0टी0व्ही0 कैमरे के फुटेज को चेक कर ढुंढवाया गया, जो कपड़ा चेजिंग रूम के पास उक्त सोने की चैन गिर कर नीचे बिछे मेट के अंदर मिलने पर आवेदिका को तलब कर सुरक्षार्थ सुपूर्द किया गया। आवेदक राजा पारख पिता ज्ञानचंद पारख उम्र 39 वर्ष निवासी सर्किट हाउस रोड़ अनुपम नगर राजनांदगांव का थाना आकर सूचना दिया कि आज से 03 माह पूर्व अपनी नीले रंग की टी0व्ही0एस0 जूपीटर स्कुटी क्रमांक सी0जी0 08 ए0यु0-0318 राजनांदगांव शहर में कही खड़ी कर भूल गया, कहां पर खड़ी किया था उसे याद नहीं होना बताया। जिस पर थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा शहर के प्रमुख चौक चौराहो/स्थानों में लगे सी0सी0टी0व्ही0 कैमरे के फुटेज चेक कर कलेक्ट्रेट परिसर के पास से ढुंढकर आवेदक को तलब कर सुरक्षित सुपूर्द किया गया। आवेदक आवेदिका के गुम सोने की चैन एवं स्कुटी मिल जाने से खुशी कर लहर दौड़ गई एवं उनके द्वारा कोतवाली पुलिस की त्वरित कार्यवाही से खुश होकर सभी स्टाफको धन्यवाद दिया गया। उपरोक्त कार्यवाही में प्र0आर0 संदीप चौहान, आरक्षक प्रयंश सिंह, रंजित चौरसिया, प्रदीप जायसवाल, श्रीनिवास राव की सराहनीय भूमिका रही।

# स्वच्छता सेवा अभियान चलाकर की शहर में सफाई

### स्कूल एवं कालेज में स्वच्छता संबंधित,निबंध, चित्रकला व भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने लिया उत्साह से भाग

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 24 सितम्बर।** स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 में स्वच्छता पखवाड़ा अंतर्गत नगर निगम द्वारा महापौर श्री मधुसूदन यादव एवं आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा के नेतृत्व में शहर में साफ सफाई के अलावा विभिन्न गतिविधिया संचालित की जा रही है। जिसके तहत आज निगम सीमाक्षेत्र के स्कूल एवं कालेज में विद्यार्थियों को स्वच्छता अपनाने जानकारी देकर, उनके लिये विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित की गयी, जिसमें उन्होंने बढ चढ कर हिस्सा लिया। स्वच्छता पखवाड़ा में शासन द्वारा निर्धारित गतिविधिया संचालित करने के लिये आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने अधिकारी कर्मचारियों को दायित्व सौपा है।

आज शासकीय कमला देवी राठी महिला स्नाकोत्तर महाविद्यालय में रजत जयंती महोत्सव के तहत स्वच्छोत्सव-स्वच्छ एवं हरित उत्सव थीम पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गयी, जिसमे विद्यार्थियों ने स्वच्छता अपनाने व उसके लाभ संबंधी सारगर्भित भाषण प्रस्तुत किये। इसी प्रकार स्कूलों में विद्यार्थियों के लिये स्वच्छता संबंधित स्वच्छ इंटर स्कूल प्रतियोगिता आयोजित की गयी, जिसमें निबंध व चित्रकला प्रतिस्पर्धा में विद्यार्थियों ने बढ चढ कर हिस्सा लेकर अपनी कला का प्रदर्शन कर स्वच्छता का संदेश दिया। साथ ही स्वच्छता अपनाने, घर के आस पास साफ सफाई रखने, गिला व सुखा कचरा पृथक पृथक करने, झिल्ली पन्नी का उपयोग नही करने तथा स्वच्छता से लोगो को जोडने शपथ ली गयी। इसी कडी में पर्यावरण संरक्षण के लिए स्कूलों एवं कालेजो में विद्यार्थियों ने वृक्षारोपण भी किया। नगर निगम द्वारा शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने स्वच्छता अभियान के तहत शहर के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों में स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाकर स्वच्छता से जुडने एवं स्वच्छता अपनाने अपील की जा रही है।



# मां ने दिव्यांग बेटे को पेट्रोल डालकर जलाया, इलाज के दौरान हुई मौत

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव, 24 सितंबर।** छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां अटल आवास कॉलोनी की रहने वाली एक बुजुर्ग महिला ने अपने ही दिव्यांग बेटे पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी।

राजनांदगांव के अटल आवास कॉलोनी पेण्ड्री में एक ऐसा मामला सामने आया जिसने सभी को झकझोर दिया। यहां एक मां ने अपने ही दिव्यांग बेटे को आग के हवाले कर दिया। बेटे की इलाज के दौरान मौत हो गई और अब मां जेल की सलाखों के पीछे है।

पुलिस रिपोर्ट के मुताबिक, मृतक विरेन्द्र साहू अपने परिवार के साथ अटल आवास कॉलोनी में रहता था। 22 सितंबर की सुबह उसका अपनी मां सुहागा बाई साहू से विवाद हुआ। बताया जाता है कि लगातार शराब पीने और गाली-गलौच करने से परेशान होकर मां ने यह खौफनाक कदम उठाया। सुबह लगभग 9:45 बजे जब विरेन्द्र की पत्नी हिना बच्चों को स्कूल छोड़ने गई हुई थी, तभी मां सुहागा बाई ने अपने ही बेटे पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी और कमरे का दरवाजा बाहर से बंद कर दिया। वीरेंद्र चीखता चिल्लाता रहा।

इधर पड़ोसियों की आवाज सुनकर हिना घर लौटी और पानी डालकर आग बुझाने की कोशिश की। इसके बाद एम्बुलेंस से गंभीर हालत में विरेन्द्र को शासकीय मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने काफी प्रयास किया लेकिन बुरी तरह झुलसने के कारण विरेन्द्र ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। इस घटना की सूचना मिलते ही थाना लालबाग पुलिस मौके पर पहुंची और मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी राजेश साहू ने टीम के साथ फरार मां की तलाश शुरू की। आरोपी सुहागा बाई साहू को गांधी चौक स्थित अपनी बहन-दमाद के घर से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने अपराध स्वीकार करते हुए कहा कि उसका बेटा नशे और गाली-गलौज से कई वर्षों से परिवार को परेशान कर रहा था। जिसके चलते उसने यह कदम उठाया।

## संपादकीय

### भ्रष्टाचार का हुआ है विस्तार

वक्त के साथ भ्रष्टाचार का स्वरूप बदला है। नए नए तरीकों से भ्रष्टाचार किया जा रहा है। व्यक्ति तक भ्रष्टाचार सीमित हजार लाख रुपए तक हुआ करता था, संस्थागत हुआ तो उसका आकार कई करोड़ तक बढ़ा और पहले से ज्यादा भ्रष्टाचार होने लगा और सरकार ही भ्रष्टाचार करने लगी तो भ्रष्टाचार हजारों करोड़ का होने लगा है। इससे साफ है कि भ्रष्टाचार का विस्तार वहां भी हुआ है जहां पहले भ्रष्टाचार नहीं होता था। दिल्ली की केजरीवाल सरकार और छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार इसका उदाहरण हैं। जब सरकार ही भ्रष्टाचार को रोकने की जगह खुद परिवार व पार्टी के लिए पैसा जुगाडऩे लगती है तो भ्रष्टाचार का कोई रोकने वाला नहीं होता है,इसलिए हजारों करोड़ का भ्रष्टाचार पांच साल में हो जाता है। सत्ता में अगर परिवारवादी पार्टी है तो भ्रष्टाचार एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी के डीएनए में जाता है और भ्रष्टाचार को पीढ़ी दर पीढ़ी अपना अधिकार समझ लिया जाता है। यानी भ्रष्टाचार किसी को गलत लगता ही नहीं है। हाल ही में प्रदेश भाजपा प्रवक्ता शिवनारायण पांडेय में इस ओर संकेत करते कहा है कि कांग्रेस सहित विपक्षी दलों के भ्रष्टाचार में परिवारवाद का नया ट्रेंड देखने को मिल रहा है। घोटाले में पिता का नाम आता है तो बेटे के खिलाफ मामला दर्ज होता है, गिरफ्तारी होती है। लालू परिवार सहित कई कांग्रेस नेताओं के परिवार इसका उदाहरण है। परिवार के मुखिया के उसके बेटे का नाम भ्रष्टाचार में आने से भ्रष्टाचार का दायरा बढ़ा है। पहले के नेता खुद भले भ्रष्टाचार करें लेकिन अपने परिवार को उससे दूर रखते थे, अब वह अपने परिवार को भी शामिल करने लगे हैं। यही नहीं पहले प्रदेश के आईएएस अधिकारी का नाम भ्रष्टाचार में नहीं आता था, वह इससे दूर रहते थे, उनको जितना वेतन मिलता था, वह उसे ही काफी मानते थे, अब जब से भ्रष्टाचार सौ और हजार करोंड़ का होने लगा है, उनके नाम भी भ्रष्टाचार के मामले में सामने आने लगे है। इससे भी पता लगता है कि भ्रष्टाचार अब वहां भी पहुंच गया है,जहां पहले उसकी कल्पना तक नहीं की जाती थी। जनता तो सीएम साय जैसी सरकार को पसंद करती है जो भ्रष्टाचार रोकने का काम करती है।

## राशिफल

मेष आज का दिन आपके लिए धन-धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। आप अपने कामों को लेकर काफी व्यस्त रहेंगे। पारिवारिक मामले में आपको पूरी निगरानी बनाए रखनी होगी। किसी नए मेहमान का आगमन होने से आपका मन काफी खुश रहेगा। प्रेम जीवन में सहयोग की भावना बनी रहेगी। सिंगल लोगों की उनके साथी से मुलाकात होगी। आपका भाई-बहनों का पूरा सहयोग मिलेगा। आपको यदि किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करने का मौका मिले, तो अवश्य करें।

वृषभ आज का दिन आपके लिए रचनात्मक कार्य से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा। आपका किसी चल-अचल संपत्ति को खरीदने का सपना पूरा होगा। आपको घूमने फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी, लेकिन आप किसी की कहीसुनी बातों पर भरोसा ना करें। आपकी पद और प्रतिष्ठा बढ़ने से आपका मन काफी खुश रहेगा। आप जीवनसाथी को कहीं घूमाने-फिराने को लेकर जा सकते हैं।

मिथुन आज का दिन आपके में लिए धन के मामले में थोड़ा सावधान रहने को रहेगा। आप अपने करीबियों का विश्वास जीतने में कामयाब रहेंगे। यदि अपने जीवनसाथी को शॉपिंग पर लेकर जाएं, तो आप उसमें अपनी जेब का ख्याल अवश्य रखेंगे। यदि आप किसी वाहन आदि की खरीदारी के लिए कोई लोन अप्लाई कर रहे थे, तो उसके लिए दिन अच्छा रहेगा, जो लोग शेयर मार्केट में इन्वेस्टमेंट करना चाहते हैं, उनको थोड़ा सावधान रहना होगा। आप अपने काम को लेकर योजना बनाकर चलें और किसी से बेवजह वाद-विवाद में ना पड़ें।

कर्क आज का दिन आपके लिए किसी जोखिम भरे काम में हाथ डालने से बचने के लिए रहेगा। तकनीकी समस्या के कारण आप परेशान रहेंगे। प्रॉपर्टी को लेकर कोई मुद्दा छिड़ सकता है, जो आपकी टेंशनों को बढ़ाएगा। वाहन की अकस्मात खराबी के कारण आपका खर्च अधिक होगा। आपको अपने आसपास रह रहे लोगों से थोड़ा सावधान रहना होगा। परिवार में किसी सदस्य के स्वास्थ्य में गिरावट आ सकती है, जिससे आपकी टेंशन बढ़ेगी।

सिंह आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपका बिजनेस बेहतर चलेगा और आप अपने कुछ नई योजनाओं को लेकर कहीं बाहर भी जा सकते हैं। घर-परिवार में चल रही कलह फिर से सिर उठाएगी, जिससे आपने बैठकर दूर करने की कोशिश करेंगे। आपको अपनी माताजी से भी कुछ पारिवारिक मामलों को लेकर बातचीत करनी होगी। संतान पक्ष से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

कन्या आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपको किसी पर आंख मूंदकर भरोसा करने से बचना होगा। यदि आपने किसी से धन उधार लिया था, तो वह आपको वापस मिल सकता है। परिवार में किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है। आपके सामने आज कुछ ऐसे खर्च आएंगे, जो आपको मजबूरी में ना चाहते हुए भी करने पड़ेंगे। कार्यक्षेत्र में आपके ऊपर काम का दवाब अधिक रहेगा, जिससे आपको मेहनत भी अधिक करनी होगी। आज आप अपने घर किसी पूजा-पाठ का आयोजन कर सकते हैं।

तुला आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है, लेकिन आप अपने ऊर्जा को सभी कामों में लगाएं, क्योंकि कार्यक्षेत्र में कोई आपको बहलाने फुसलाने की कोशिश कर सकता है। आपके पिताजी को कोई पैरों से संबंधित समस्या हो सकती है। आप उनकी सेवा के लिए भी कुछ समय निकालेंगे। आपको बिजनेस से संबंधित किसी काम को लेकर कहीं बाहर जाना पड़ सकता है और आप कोई बड़ा जोखिम न ले, नहीं तो इससे बाद में आपको कोई भारी नुकसान उठाना पड़ेगा, जो आपकी टेंशनों को बढ़ाएगा।

वृश्चिक आज आपकी कोई मन की इच्छा पूरी होगी। यदि जीवनसाथी से आपने कोई बात गुप्त रखी थी, तो वह उनके सामने उजागर हो सकती है। आप उन्नति की राह पर आगे बढ़ेंगे। मित्रों और सगे संबंधियों से आपकी खूब पटेगी। आपकी वाणी आपको मान सम्मान दिलवाएगी। आपका धन को लेकर यदि कोई काम रुका हुआ था, तो वह भी पूरा हो सकता है। शारीरिक समस्याओं को लेकर आपको थोड़ा एतियात बरतनी होगी।

धनु आज का दिन आपके लिए सावधान रहने के लिए रहेगा। आप किसी से कोई जरूरी जानकारी शेयर ना करें। आपके मन में ईर्ष्या की भावना बनाए रखेंगे। आपको अपने धन को लेकर योजना बनाकर चलना होगा। नौकरी को लेकर काम को लेकर परेशान चल रहे लोगों को मन मुताबिक काम मिलने की संभावना है। आप कोई प्रॉपर्टी से जुड़े मुद्दे को फाइनल कर सकते हैं। आपका कोई विरोधी आपको नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर सकता है।

मकर आज का दिन आपके लिए किसी वाद-विवाद से दूर रहने के लिए रहेगा। आर्थिक दृष्टिकोण से आज का दिन अच्छा रहने वाला है। कानूनी मामले में आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिलेगी। आपकी कुछ नए लोगों से मुलाकात होगी, जो आपके लिए लाभदायक रहेगी। सामाजिक कार्यक्रमों से जुड़कर आप अच्छा नाम कमाएंगे। आपको अकस्मात धन लाभ मिलने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपकी कोई नया काम करने की इच्छा जागृत हो सकती है। विद्यार्थी शिक्षा में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। आर्थिक मामलों में आपको सफलता हासिल होगी।

कुंभ आज का दिन आपके लिए सांसारिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि लेकर आने वाला है। कार्यक्षेत्र में आपको आपकी मेहनत का पूरा फल मिलेगा। आपको अपनी आय और व्यय में भी तालमेल बनाकर चलना होगा। नौकरी को लेकर परेशान चल रहे लोगों को कोई बेहतर अवसर हाथ लगेगा। आप अपनी संतान के मन में चल रही इच्छाओं को जानने की कोशिश करेंगे। आपको यदि किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करने का मौका मिले, तो अवश्य करें।

मीन आज का दिन आपके लिए तनावग्रस्त रहने वाला है। आज आपको काम को लेकर टेंशन रहेगी और आपकी किसी सदस्य से कहासुनी होने की संभावना है। जीवनसाथी को नौकरी से संबंधित किसी काम को लेकर कहीं बाहर जा सकते हैं। राजनीति में काम कर रहे लोगों को उनके सहयोगियों का पूरा साथ मिलेगा, जिससे उनके जनसंपर्क में भी इजाफा होगा। आप अपने बॉस की बात को नजरअंदाज ना करें, नहीं तो आपके बेवजह के लड़ाई-झगड़े हो सकते हैं।

# ईमानदार कोशिशों को नाकाम कर रही है बेलगाम नौकरशाही

**मनोज कुमार अग्रवाल**



देश भर में अफसरशाही नौकरशाही का बोलबाला है बेलगाम होती नौकरशाही पर सख्ती से नकेल डालने की जरूरत है। एक कुशल नेतृत्व और ईमानदार प्रयास वाली सरकार सत्ता में है लेकिन नौकरशाही बेलगाम हो चली है पुलिस थाना हो या बड़ा छोटा सरकारी दफ्तर लोकसेवक दोनों हाथों से अपने पद और रुतबे का मनमाना दुरूपयोग कर अथाह धन संपत्ति बटोर रहें हैं देश भर में ऐसे धनकुबेर पकड़े जा रहे हैं मामूली क्लर्क के घरों में भी छापे में अकूत संपदा बरामद हो रही है। आपको बता दें अभी तेलंगाना में भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई है. तेलंगाना के एंटी करप्शन ब्यूरो ने एक असिस्टेंट डिविजनल इंजीनियर को गिरफ्तार कर लिया और उसके पास से तलाशी के दौरान 2.18 करोड़ रुपये नकद जब्त कर लिए गए. इसी तरह असम में सिविल सेवा देने वाली अधिकारी नूपुर बोरा को पुलिस ने कथित तौर आय स अधिक संपत्ति रखने के आरोप में गिरफ्तार किया है। असम में भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कार्रवाई के तहत मुख्यमंत्री विशेष सतर्कता सेल ने नूपुर बोरा के गुवाहाटी स्थिति आवास पर छापा मारा। यहां से 92 लाख रुपये नगद बरामद हुए और करीब 1 करोड़ रुपये के आभूषण जब्त किए गए। इतना ही नहीं बारपोटा स्थिति उनके किराए के घर पर छापेमारी के दौरान 10 लाख रुपये नगद बरामद किए गए।नूपुर बोरा असम के गोलाघाट की रहने वाली हैं। बोरा साल 2019 में असम सिविल सेवा में भर्ती हुईं थीं। मौजूदा समय में वो कामरूप जिले के गोरोइमारी में सर्कल ऑफिसर के पद पर तैनात थी। राज्य के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि विवादास्पद भूमि संबंधी मुद्दों में कथित संलिप्तता की शिकायतों के बाद पिछले छह महीनों से उन पर निगरानी रखी जा रही थी।

आरोप है कि नूपुर जब बारपेटा राजस्व मडल में तैनात थीं, तब उन्होंने पैसों के बदले हिंदुओं की जमीन संदिग्ध लोगों को ट्रांसफर कर दिया था। उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई है। सरमा ने कहा कि अल्पसंख्यक बाहुल्य इलाकों में राजस्व मंडलों में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार सामने आया है। इतना ही नहीं विशेष सतर्कता सेलने नूपुर के सहयोगियों के ठिकानों पर भी छापा मारा है। ये वही लोग हैं, जो बारपेटा में राजस्व सर्कल ऑफिस में काम करते हैं।

उधर छोटे से राज्य तेलंगाना में भ्रष्टाचार के बड़े मामले पकड़ में आ रहे हैं तेलंगाना दक्षिणी विद्युत वितरण कंपनी के असिस्टेंट डिविजनल इंजीनियर (ऑपरेशंस) के खिलाफ आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति का केस दर्ज किया गया है. उन पर अपनी सेवा के दौरान कथित तौर पर गैरकानूनी गतिविधियों और संदिग्ध तरीकों से संपत्ति अर्जित करने का आरोप लगा हुआ है.बिजली विभाग के आरोपी इंजीनियर के घर और उसके तथा उसके रिश्तेदारों के 10 अन्य ठिकानों पर तलाशी ली गई. तलाशी के दौरान, एक फ्लैट, एक भूतल और पांच मंजिला इमारत, 10 एकड़ जमीन पर एक कंपनी, छह आवासीय ओपन प्लॉट, एक खेती योग्य जमीन, 2 कार, सोने के आभूषण और बैंक जमा सहित कई तरह की संपत्तियां मिलीं.इसके अलावा, अधिकारी की एक संदिग्ध बेनामी संपत्ति के घर से 2.18 करोड़ रुपये कैश भी बरामद किए गए. जांच एजेंसी एसीबी के अनुसार एजेंसी की तलाशी के दौरान पता चला कि बिजली विभाग के वरिष्ठ अधिकारी ने अपने पद का दुरुपयोग करके भारी मात्रा में चल-अचल संपत्तियां अर्जित की थीं. तलाशी अभियान अभी भी जारी है.

एसीबी ने इंजीनियर और उनके रिश्तेदारों से जुड़े कई स्थानों पर तलाशी ली और माधापुर तथा गाचीबोवली सहित हैदराबाद में करीब 15 टीमें तैनात कीं.फिलहाल इन संपत्तियों का बाजार मूल्य आधिकारिक मूल्य से कहीं अधिक होने की उम्मीद है. भ्रष्टाचार के आरोपी अधिकारी को गिरफ्तार कर लिया गया है. एसीबी का कहना है कि आगे की जांच जारी है.।

अभी हाल ही में रंगारेड्डी जिले के नरसिंगी नगरपालिका कार्यालय में मंगलवार, 9 सितंबर 2025 को, तेलंगाना भ्रष्टाचार निवारण ब्यूरो ने टाउन प्लानिंग अधिकारी, एस मणिहरिका को 4 लाख की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। अधिकारी पर आरोप है कि उन्होंने मंचिरेवुला निवासी विनोद से नियमित स्कीम के तहत प्लॉट की स्वीकृति के लिए 10 लाख की मांग की थी, जिसमें 4 लाख अग्रिम के रूप में प्राप्त किए गए थे। शिकायत मिलने पर भ्रष्टाचार निवारक ब्यूरो ने एक जाल बिछाया और लेनदेन की कार्रवाई के दौरान अधिकारी को पकड़ लिया।

इससे पहले 19 अगस्त को एसीबी ने एक तहसीलदार के यहां भी छापा मारा था. छापे के दौरान 5 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति का पता चला था. अधिकारियों ने वारंगल जिले के वारंगल फोर्ट मंडल के तहसीलदार बांदी नागेश्वर राव से जुड़े सात स्थानों पर तलाशी ली थी.

आपको बता दें कि एसीबी ने अकेले जुलाई 2025 माह में कुल 22 मामले दर्ज किए, जिनमें 13 ट्रेप केस एक आय से अधिक संपत्ति का मामला, एक आपराधिक कदाचार का मामला, एक नियमित जांच और छह औचक निरीक्षण शामिल हैं।जनवरी से जुलाई तक, सात महीने की इस अवधि में , ब्यूरो ने 148 मामले दर्ज किए, जिनमें 93 ट्रैप मामले, नौ आय से अधिक संपत्ति के मामले, 15 आपराधिक कदाचार के मामले, 11 नियमित पूछताछ, 17 औचक निरीक्षण और तीन गोपनीय पूछताछ शामिल हैं। दस आउटसोर्सिंग कर्मचारियों और निजी व्यक्तियों सहित कुल 145 लोक सेवकों को गिरफ्तार कर रिमांड पर लिया गया। इस दौरान ब्यूरो ने ट्रैप मामलों में 30.32 लाख जब्त किए और 39.16 करोड़ से अधिक की आय से अधिक संपत्ति का पता लगाया।

आप को याद होगा इस से पहले भी 12 जून 2025 को तेलंगाना के ही एक इंजीनियर पर भ्रष्टाचार का मामला दर्ज किया गया था . छापेमारी में इतनी संपत्ति मिली , जिसे देखकर जांच ऐजेंसी भी हैरान रह गयी. सवाल यही कि आखिर तेलंगाना में सिंचाई विभाग के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर के पास इतना पैसा आया कहां से. उसने अपने बेटे की थाईलैंड में डेस्टिनेशन वेडिंग की, जिसमें कथित तौर पर करोड़ों रुपए खर्च किए गए. संपत्ति की अगर बात करें को उसके पास एक विला, तीन इंडिपेंडेंट बिल्डिंग्स, 19 प्राइम रेजिडेंशियल प्लॉट्स, करीब 4 फ्लैट और कई होटलों में हिस्सेदारी है. वह पेशे से तो सिंचाई विभाग में एग्जीक्यूटिव इंजीनियर है, लेकिन लाइफस्टाइल ऐसा जैसे कोई रईस व्यापारी हो.

एंटी करप्शन ब्यूरो ने एग्जीक्यूटिव इंजीनियर नुने श्रीधर से जुड़े 13 ठिकानों पर छापेमारी की. इस दौरान ऐसी संपत्तियां बरामद की, जिससे पता चलता है कि ये सब उसकी कमाई से कहीं ज्यादा है. प्रॉपर्टी की लिस्ट में हैदराबाद के शेखपेट में स्काई हाई नाम के एक आलीशान रेंजिडेंशियल आवासीय परिसर में 4,500 वर्ग फुट का फ्लैट और करीमनगर में कम से कम तीन अन्य फ्लैट शामिल हैं.ये मामले तो सिर्फ बानगी मात्र है देश भर में कमोबेश यही हालात बने हैं सरकारी कर्मचारी हो या अधिकारी बिना सुविधा शुल्क के कोई फाइल टस से मस करने को तैयार नहीं है। स्थिति यह है कि उच्च पदों पर बैठे अधिकारी बेहिसाब अवैध ढंग से आय से सौ सौ गुना संपत्ति बटोर बैठे हैं आपको बता दें कि यूपी की पूर्व मुख्य सचिव नीरा यादव और चीफ इंजीनियर यादव सिंह कभी भ्रष्टाचार के पर्याय बने थे लेकिन अब हर प्रदेश में नीरा यादव और यादव सिंह जैसे सरकारी अधिकारी लाखों करोड़ो की संपति बटोर कर कुंडली मार कर बैठे हैं ऐसे समय में जब पडोसी देश नैपाल के जैनजी युवा भ्रष्टाचार के कारण ही आंदोलित होकर सड़कों पर उतरे और सत्ता परिवर्तन कर दिया हमारी सरकारों को भी सरकारी अधिकारियों के भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस पालिसी लागू कर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए ताकि आम आदमी सुशासन के नारों को धरातल पर महसूस करे।

# अमेरिकी आत्मघाती वीजा बंदिशें भारत के लिए नये अवसर

**ललित गर्ग**



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दुनिया भर के पेशेवरों, खासकर भारतीयों के सपनों पर एक नई काली छाया डाल दी है, उनके सपनों को चकनाचूर कर दिया है एवं एक बड़ा संकट खड़ा दिया है। 21 सितंबर की रात 12 बजे के बाद अमेरिका में प्रवेश करने वालों को एच1बी वीज़ा प्राप्त करने के लिए लगभग एक लाख डॉलर यानी करीब 88 लाख रुपये सालाना शुल्क देना होगा। यह निर्णय केवल एक प्रशासनिक आदेश नहीं, बल्कि वैश्विक प्रतिस्पर्धा, प्रतिभा-प्रवास और अमेरिका-भारत संबंधों पर गहरा प्रभाव डालने वाला कदम है। अमेरिका के इस कदम के बाद भारत को अपनी आत्म-निर्भरता, स्वदेशी भावना एवं देश की प्रतिभाओं का देश में ही उपयोग को बल देना होगा। भारत अब दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनने की ओर अग्रसर होने के साथ अवसरों की भूमि बन रहा है। इसलिये अमेरिका के निर्णय से ज्यादा परेशान होने की बजाय इसको सकारात्मक दृष्टि से लेने की जरूरत है। निश्चित ही अमेरिका दशकों से अवसरों की भूमि माना जाता रहा है। यहां आने का सपना रखने वालों के लिए एच1बी वीज़ा एक सुनहरा टिकट एवं उन्नत जीवन का आधार रहा है। हर साल हजारों भारतीय इंजीनियर, डॉक्टर, वैज्ञानिक और तकनीकी विशेषज्ञ इस वीज़ा के माध्यम से अमेरिका जाकर अपने सपनों को साकार करते रहे हैं। सिलिकॉन वैली की चमक और वहां भारतीय प्रतिभाओं का वर्चस्व इसका जीता-जागता प्रमाण है। गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, आईबीएम और फेसबुक जैसी दिग्गज कंपनियों में उच्च तकनीकी पदों पर भारतीय मूल के लोगों की उपस्थिति सर्वाधिक है। भारतीय आईटी पेशेवरों के बिना अमेरिकी तकनीकी जगत की कल्पना करना कठिन है। एच-1 बी वीजा की फीस में अप्रत्याशित वृद्धि का फैसला भारतीय आइटी कंपनियों के साथ अमेरिकी हितों को भी चोट पहुंचाने वाला है। इनमें आइटी सेक्टर से इतर क्षेत्र की कंपनियां भी हैं। इसका प्रमाण यह है कि उनके फैसले की आलोचना अनेक अमेरिकी ही कर रहे हैं। यदि ट्रंप यह सोच रहे हैं कि एच-1बी वीजा धारकों की फीस एक हजार डालर से एक लाख डालर सालाना करने से भारतीय और अमेरिकी कंपनियां अमेरिका के युवाओं को नौकरी देने के लिए बाध्य हो जाएंगी तो यह उनकी भूल है, क्योंकि इन कंपनियों को जैसे और जितने सक्षम युवा पेशेवर चाहिए, वे अमेरिका में हैं ही नहीं। अमेरिकी राष्ट्रपति यह भी भूल रहे हैं कि अमेरिका के आर्थिक विकास में अप्रवासियों विशेषतः भारतीय प्रतिभाओं का सर्वाधिक योगदान है और यह केवल पेशेवर लोगों का ही नहीं, बल्कि कामगारों का भी है। भले ही ट्रंप प्रशासन का यह आदेश उनकी ''अमेरिका फर्स्ट'' नीति की अगली कड़ी है। उनका तर्क है कि विदेशी पेशेवर सस्ते श्रम के रूप में अमेरिकी नागरिकों की नौकरियां छीन रहे हैं। शुल्क इतना अधिक करके वे चाहते हैं कि केवल वही विदेशी पेशेवर अमेरिका आएं, जो न केवल उच्च योग्यता रखते हों बल्कि भारी शुल्क अदा करने की क्षमता भी रखते हों। लेकिन यह कदम अमेरिका के लिये ही आर्थिक दृष्टि से आत्मघाती साबित हो सकता है, क्योंकि अमेरिकी कंपनियों को उच्च कौशल वाले पेशेवरों की भारी ज़रूरत है और भारतीय आईटी पेशेवरों की कमी वहां सीधे तौर पर नवाचार और प्रतिस्पर्धा को प्रभावित करेगी। ट्रंप के फैसले को आपदा नहीं, बल्कि अवसर के रूप में देखना चाहिए।

पहले भारतीय प्रतिभा अमेरिका की ओर बहती थी, अब यह प्रवाह कनाडा, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया और सिंगापुर की ओर मुड़ सकता है। छात्र और युवा पेशेवर पहले से ही अमेरिकी वीज़ा नीतियों को लेकर असमंजस में रहते थे। अब यह आदेश उनके आत्मविश्वास और योजनाओं को और झकझोर देगा। हालांकि एक सकारात्मक पहलू यह भी है कि कई युवा भारत में ही स्टार्टअप्स, शोध और नई तकनीक के क्षेत्रों में काम करने की ओर आकर्षित होंगे। भारत पर इस नीति का असर केवल युवाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि व्यापक सामाजिक-आर्थिक असर डाल सकता है। भारतीय आईटी कंपनियां जैसे इन्फोसिस, टीसीएस, विप्रो आदि अमेरिका में बड़े पैमाने पर कार्यरत हैं। एच1बी वीज़ा पर निर्भरता ज्यादा होने के कारण उनका खर्च बढ़ेगा और प्रतिस्पर्धा कमजोर होगी। भारतीय पेशेवर हर साल अरबों डॉलर भारत भेजते हैं, वीज़ा बाधाओं से यह प्रवाह घटेगा। हजारों भारतीय छात्र अमेरिका में उच्च शिक्षा लेकर वहीं काम करने का सपना देखते हैं। अब शुल्क की बाधा उनके लिए अमेरिका को कम आकर्षक बनाएगी। साथ ही भारत में ही वैश्विक स्तर के शोध और नवाचार केंद्र विकसित करने की संभावना भी बढ़ेगी।




अमेरिका और भारत के संबंध बीते दो दशकों में आर्थिक, रणनीतिक और तकनीकी सहयोग की नई ऊँचाइयों पर पहुंचे हैं। अमेरिका ने भारत को रणनीतिक साझेदार माना है। रक्षा, व्यापार और तकनीक में गहरे संबंध बने हैं और भारतीय प्रवासी अमेरिकी राजनीति और अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। लेकिन ट्रंप के निर्णय से यह संदेश गया है कि अमेरिका भारत को साझेदार तो मानता है, लेकिन जब घरेलू राजनीति का दबाव आता है तो साझेदारी पीछे छूट जाती है। भारत-अमेरिका संबंधों का आधार लोगों से लोगों का संपर्क रहा है। यदि भारतीय पेशेवर अमेरिका में कम होते हैं तो यह आधार कमजोर होगा। इन जटिल से जटिलतर होती स्थितियों में भारतीय कंपनियों को देश में ही अपना कारोबार बढ़ाने के जतन करने चाहिए, क्योंकि आने वाले समय में ट्रंप कुछ और ऐसे कदम भारतीय हितों को आहत करने वाले उठा सकते हैं। उन्होंने भले ही टैरिफ के मामले में लचीला रवैया अपनाते हुए भारत से शीघ्र व्यापार समझौता होने की संभावना जताई हो, लेकिन वे अब भी भारतीय हितों के विपरीत काम करते दिख रहे हैं। वे केवल यही दबाव नहीं बना रहे कि भारत रूस से तेल खरीदना बंद करे, बल्कि उन्होंने ईरान के चाबहार बंदरगाह में भारत के लिए मुसीबत खड़ी करने का काम किया है। ट्रंप अपने फैसलों को इस रूप में रेखांकित कर रहे हैं कि उनसे अमेरिकी अर्थव्यवस्था को पंख लग जाएंगे, लेकिन आठ माह का उनका कार्यकाल उनकी नाकामी ही बयान कर रहा है। चौंकाने वाले फैसले लेना भले ही ट्रंप की आदत हो, लेकिन सेवा क्षेत्र में पहली बार अपनी संरक्षणवादी नीति के दर्शन करा, वह भूल रहे हैं कि अमेरिका को बनाने में अप्रवासियों की बड़ी भूमिका रही है। सिलिकॉन वैली के करीब एक-तिहाई टेक-कर्मचारी भारतीय मूल के हैं। फॉर्च्यून 500 की लगभग डेढ़ दर्जन कंपनियों में शीर्ष पर भारतीय बैठे हैं, जो अमेरिकी अर्थव्यवस्था के इंजन भी हैं। 2024 में 72 यूनिकॉर्न स्टार्टअप भारतीय मूल के लोगों के थे, जिनका कुल मूल्य करीब 195 अरब डॉलर आंका गया था। इन कंपनियों में अमेरिकी भी काम करते हैं। अमेरिकी आबादी में बमुश्किल डेढ़ फीसदी होने के बावजूद भारतीय पांच से छह फीसदी कर अदा करते हैं। नैसकॉम का यह कहना उचित ही है कि एच-1बी वीजा जैसे फैसलों का नकारात्मक असर अमेरिका में नवाचार के माहौल और रोजगार आधारित अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। दुनिया के अन्य देशों की नीतियों से तुलना की जाए तो कनाडा प्रवासी पेशेवरों और छात्रों को आकर्षित करने के लिए वीज़ा और स्थायी निवास की नीतियों को सरल बना रहा है। जर्मनी और ऑस्ट्रेलिया तकनीकी प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने के लिए रेड कार्पेट बिछा रहे हैं, जबकि अमेरिका उल्टा रास्ता चुन रहा है जो दीर्घकाल में उसे वैश्विक प्रतिभा की कमी की ओर धकेल सकता है। भारत के लिए यह अवसर है कि वह प्रतिभाओं के पलायन को रोकने के लिए अपनी नीतियों और बुनियादी ढांचे को सशक्त बनाए। शिक्षा, शोध और स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा देकर भारत अमेरिका के विकल्प के रूप में उभर सकता है। अमेरिका के लिए यह कदम उसके उस आदर्श को धूमिल करेगा जिसके अनुसार वह इमिग्रेशन की भूमि कहलाता है और उसकी वैश्विक नेतृत्व क्षमता को कमजोर करेगा। रवींद्रनाथ टैगोर की ये पंक्तियाँ यहां सार्थक लगती हैं- ''स्वतंत्रता वह है, जहां ज्ञान निर्भय होता है और दुनिया सीमाओं से विभाजित नहीं होती।'' अमेरिका की यह दीवार प्रतिभा की उड़ान को थाम नहीं पाएगी। भारतीय युवाओं को अब अपने ही देश को अवसरों की भूमि में बदलना होगा।

# सावधान! आप भी तो नहीं कर रहे व्रत में साबूदाना खाने की ये बड़ी गलती?

शारदीय नवरात्रि की शुरुआत हो चुकी है। मां दुर्गा के दिव्य नौ स्वरुपों की पूजा 9 दिनों तक पूजा अर्चना और व्रत रखा जाता है। इस दौरान लोग नौ दिनों तक व्रत रखते हैं, जिसमें सिर्फ फलाहारी भोजन किया जाता है। फलाहर में लोग साबूदाना का सेवन करते हैं, इसका सेवन अधिक करते हैं। लोग खिचड़ी, वड़े, खीर से लेकर तमाम नई-नई साबूदाना की डिशेज बनाते हैं। वैस तो साबूदान हेल्दी होता है, इसमें प्रोटीन, मैग्नीशियम, आयरन, कार्बोहाइड्रेट, फाइबर और जिंक जैसे कई पोषक तत्व मौजूद होते हैं। हालांकि, कुछ लोगों के लिए साबूदाना खाना सेहत के लिए हानिकारक हो सकता है। अधिक सेवन करने से सेहत पर बुरा असर पड़ सकता है।



**पाचन समस्या**-जिन लोगों को पाचन से जुड़ी समस्याएं रहती हैं, उनके लिए साबूदाना परेशानी का कारण बन सकता है। साबूदाना में जिंक की मात्रा ज्यादा होती है, जिससे यह पेट फूला देता है, कब्ज, मतली, पेट दर्द और उल्टी जैसी समस्याएं हो सकती है। इसमें फाइबर अधिक होता है, जो कि कब्ज की समस्या उत्पन्न कर सकता है।

**डायबिटीज की समस्या**-डायबिटीज रोगियों के लिए व्रत में अत्यधिक साबूदाना नहीं खाना चाहिए। साबूदाना में कार्बोहाइड्रेट होता है, जिसे खाने से ब्लड शुगर तेजी से बढ़ने लगता है। यदि आपका शुगर लेवल बढ़ा हुआ है, तो साबूदाना खाना नहीं खा सकते हैं।

**लो बीपी के मरीज**-यदि आप ब्लड प्रेशर लो रहता है, तो आपको साबूदाना का सेवन नहीं करना चाहिए। क्योंकि इसमें पोटैशियम की मात्रा अधिक होती है, जो बीपी को और कम कर देता है। अगर आपका बीपी कम रहता है, तो इससे समस्या और भी बढ़ जाती है। यदि आप बीपी कंट्रोल करने के लिए दवाई ले रहे हैं, तो डॉक्टर की सलाह जरुर लें।

**किडनी की समस्या हो तो**-अगर आपको किडनी से जुड़ी कोई भी समस्या है, उन लोगों को साबूदाना का सेवन नहीं करना चाहिए। जिन लोगों को किडनी स्टोन, वो भूलकर भी साबूदाना ना खाएं। क्योंकि साबूदाना में कैल्शियम अधिक पाया जाता है, तो किडनी में पथरी और अन्य समस्याएं उत्पन्न हो जाती है।

**मोटापे से हैं परेशान**-यदि आप मोटापे से परेशान हैं, तो आप वेट लॉस डाइट पर है, तो साबूदाना बिल्कुल भी ना खाएं। साबूदाना में कार्बोहाइड्रेट से भरपूर मात्रा में होता है और इसमें कैलोरी भी काफी ज्यादा होती हैं। व्रत के दौरान साबूदाना खाने से आपका वेट बढ़ सकता है।

## सू- दोकू क्र.180

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.179 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## एक नजर

### सेवा पखवाड़े में दिव्यांग बच्चों ने समाज को नशे से दूर रहने का संदेश दिया



**बीजापुर , 24 सितंबर।** रजत जयंती और सेवा पखवाड़ा के मौके पर समर्थ दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में दिव्यांग बच्चों ने नशा मुक्ति कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में बच्चों ने ड्राइंग और पेंटिंग के जरिए समाज को नशा से दूर रहने का संदेश दिया।बच्चों की रचनाओं में यह दिखाया गया कि नशा व्यक्ति और पूरे समाज को प्रभावित करता है। उनके चित्रों में आशा, स्वस्थ जीवन और अच्छे भविष्य की झलक नजर आई।कार्यक्रम में आए अतिथियों, अभिभावकों और लोगों ने बच्चों की इस पहल की खूब सराहना की। इसका मकसद समाज में नशा छोड़ने और संयमित जीवन जीने की जागरूकता फैलाना था, और बच्चों ने इसे बड़ी खूबसूरती से पेश किया। समर्थ दिव्यांग पुनर्वास केंद्र का यह प्रयास बच्चों की प्रतिभा दिखाने के साथ-साथ समाज में नशा मुक्ति का संदेश फैलाने में प्रेरणादायक साबित हुआ।

### डोमन सिंह ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से ली स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक

**जगदलपुर, 24 सितम्बर ।** कमिश्नर बस्तर श्री डोमन सिंह ने कहा कि अंचल के जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं और उपचार सुविधाएं देने के लिए संवेदनशीलता के साथ सार्थक प्रयास करें। इस दिशा में जिला अस्पताल सहित सिविल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र और उप स्वास्थ्य केंद्रों के जरिए स्वास्थ्य सेवाओं को प्रभावी बनाएं, साथ ही मैदानी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं एवं मितानिनों के द्वारा अंदरूनी इलाकों के ग्रामीणों तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को सुनिश्चित करें। कमिश्नर बस्तर संभाग श्री डोमन सिंह ने मंगलवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए स्वास्थ्य विभाग की विस्तृत समीक्षा के दौरान उक्त निर्देश दिए। उन्होंने वर्तमान में विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा पर्व और नवरात्र के मद्देनजर मां दन्तेश्वरी शक्तिपीठ में दर्शनार्थ आने वाले पदयात्रियों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता पर जोर देते हुए पदयात्रियों के लिए पदयात्री सेवा केंद्रों में प्राथमिक उपचार व्यवस्था, मेडिकल टीम की रोस्टर के अनुरूप ड्यूटी सुनिश्चित करने सहित सम्बंधित ईलाके के स्वास्थ्य केन्द्रों पर इमरजेंसी सर्विसेस को 24 घण्टे सक्रिय रखने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कमिश्नर ने शासन की मंशानुरूप आयुष्मान भारत से हरेक जरूरतमंद को उपचार सुविधाओं की उपलब्धता हेतु आयुष्मान कार्ड पंजीयन प्रगति की जानकारी ली और अधिकारियों को निर्देशित किया कि आयुष्मान कार्ड का सेचुरेशन जल्द से जल्द सुनिश्चित करने की दिशा में विशेष अभियान चलाकर शिविर लगाकर लक्षित सभी लोगों का पंजीयन किया जाए। पंजीयन से छूटे हुए व्यक्तियों को लक्षित कर प्रत्येक सप्ताह सूची को अपडेट करें और पंचायत सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, मितानिनों एवं अन्य मैदानी अमले के सहयोग से इन लक्षित लोगों को लाभान्वित करने पहल किया जाए।

### आपदा प्रबंधन के लिए किया टेबल टॉप एक्सरसाइज का आयोजन

**कांकेर, 24 सितम्बर ।** नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, गृह मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राज्य स्तरीय टेबल टॉप एक्सरसाइज का आयोजन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया। कांकेर जिले से सयुंक्त कलेक्टर श्रीमती एस. बंजारे सहित संबंधित विभागीय अधिकारियों ने भाग लिया। प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की सचिव श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने सभी जिलों के आपदा प्रबंधन प्रमुखों एवं विभागीय अधिकारियों को बाढ़ आपदा से निपटने की तैयारियों से संबंधित दिशा-निर्देश दिए और महत्वपूर्ण जानकारियों को साझा किया। राहत एवं बचाव दल की तैयारी, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस एवं स्थानीय टीमों की तैयारियों पर जोर दिया गया।

# बचेली में स्थित डीएवी स्कूल के प्राचार्य को हटाने सभी शिक्षकों व चपरासी ने दिया धरना

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बचेली, 24 सितंबर।** बचेली के डीएवी स्कूल के महिला प्राचार्य डॉ चेतना शर्मा को हटाने के लिए स्कूल के शिक्षकों ने विरोध प्रदर्शन कियाशिक्षकों का आरोप है, प्राचार्य द्वारा पिछले 4 वर्षो से फूट डालो शासन करो की नीति अपनाई जा रहीं है शिक्षकों को आपस में लड़वाया जाता है। प्राचार्य अपने घर के काम के लिए भी शिक्षकों को निर्देश देती है तथा उसे न करने पर उन्हें सबके सामने अपमानित प्रताड़ित करती है, तथा नौकरी से निकालने की धमकी भी प्राचार्य द्वारा लगातार दी जाती है।शिक्षकों के निजी मामले को भी हथियार बनाकर उन्हें अपमानित किया जाता है।

शिक्षकों का आरोप है, एनएमडीसी प्रबंधन को पिछले 11 सितंबर को लिखित शिकायत देने पर भी इस मामले पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है, इसलिए उन्हें प्राचार्य के तानाशाही नीति के खिलाफ आज आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा। पिछले कुछ वर्षों से लगातार मिल रही शिकायत के बाद आज नगर पालिका अध्यक्ष राजु जायसवाल एवं पालिका उपाध्यक्ष सतीष प्रेम चंदानी भी आज शिक्षको के साथ डॉ चेतना शर्मा प्राचार्य के विरोध करते नजर आये..एनएमडीसी बचेली के अधिकारी डीजीएम पर्सनल राकेश रंजन,एवं दोनी त्रिपतराव ने शिक्षकों की मांग को मानते हुए, तथा मामले की गंभीरता को समझते हुए प्राचार्य डॉ चेतन शर्मा को अगले निर्णय आने तक के लिए स्कूल प्राचार्य पद से और स्कूल प्रबंधन से अलग कर दिया गया हैं।

### जिला नक्सल पीड़ित पुनर्वास कमेटी की बैठक में प्रकरणों पर विचार

**कांकेर, 24 सितम्बर ।** कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला स्तरीय नक्सल पीड़ित पुनर्वास कमेटी की बैठक आयोजित की गई, जिसमें नक्सली हत्या के प्रकरणों में आश्रितों को अनुकम्पा नियुक्ति, नक्सली आगजनी में संपत्ति नुकसान पर क्षतिपूर्ति, आत्म समर्पित नक्सलियों को प्रोत्साहन राशि जैसे प्रकरणों पर विचार किया गया एवं कार्योत्तर स्वीकृति दी गई। नक्सली आगजनी में आवेदक देवदास पिता श्री चीर सिंह साहू ग्राम कुरूद जिला दुर्ग भिलाई के वाहन एजाक्स मिक्चर मशीन सीजी 07 सीजी 0112 को जो थाना परतापुर अंतर्गत ग्राम गोटॉज गट्टाकाल रोड निर्माण में लगा हुआ था।

# कांग्रेस सरकार के कार्यों का श्रेय ले रही है साय सरकार : सुशील मौर्य

■ कांग्रेस शासनकाल में बने सामाजिक भवन का उद्घाटन कर लूट रही है वाहवाही
■ भाजपा सरकार में विकास को मार गया है लकवा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर।** बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य ने साय सरकार पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार कराए गए कार्यों का झूठा श्रेय साय सरकार ले रही है। वास्तव में भाजपा की सरकार में विकास को लकवा मार गया है। दो साल बीत गए, साय सरकार के पास बताने को कोई उपलब्धि ही नहीं है।

कांग्रेस नेता सुशील मौर्य ने कहा है कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा माहरा समाज, धुरवा समाज के सामाजिक भवन सहित कुल 22 समाजों को भूमि आबंटन और भवन निर्माण हेतु राशि स्वीकृत की गई थी, जिसका परिणाम अब देखने को मिल रहा है। बस्तर के आदिवासी समाज के बाद सबसे बड़े समाज माहरा समाज के लिए शहर के धरमपुरा में कीमती जमीन और भवन निर्माण के लिए राशि स्वीकृत कर समाज की वर्षो से लंबित मांग को पूरा कर कांग्रेस सरकार ने बस्तर के सामाजिक उत्थान के लिए ऐतिहासिक और क्रान्तिकारी कदम उठाए थे। श्री मौर्य ने कहा पूरे 2 साल होने के बावजूद भाजपा सरकार में विकास की गति सिर्फ कछुए की चाल चल रही है। विकास को लकवा मार गया है। प्रदेश में भाजपा की साय सरकार ने बीते 2 सालों में एक भी विकास कार्य नहीं किया। वहीं पूर्ववर्ती कांग्रेस शासनकाल में बने सामाजिक भवन का उद्घाटन कर सिर्फ वाहवाही लूट रही है। आखिर साय सरकार खुद के कार्य कब स्वीकृत करेगी? कब अपने कार्य का फीता काटेगी? या फिर कांग्रेस सरकार में स्वीकृत कार्यों का श्रेय ही लेते रहेगी।

### कौशल विकास तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार अनुसूचित जाति विकास मंत्री का आत्मीय स्वागत

**कांकेर, 24 सितम्बर।** कौशल विकास तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार, अनुसूचित जाति विकास मंत्री गुरू खुशवंत साहेब के कांकेर पहुंचने पर विश्राम गृह में जनप्रतिनिधियों एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों ने मंत्री का आत्मीय स्वागत किया। विधायक कांकेर श्री आशाराम नेताम, छत्तीसगढ़ मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष श्री भरत मटियारा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण नरेटी, नगरपालिका कांकेर के अध्यक्ष श्री अरूण कौशिक, पूर्व सांसद श्री मोहन मंडावी एवं पूर्व विधायक श्रीमती सुमित्रा मारकोले, कलेक्टर जिला पंचायत सीईअ पुष्प गुच्छ भेंटकर मंत्री गुरू खुशवंत साहेब का स्वागत किया।

## समाचार संक्षेप

### नवरात्रि यात्रा में हाइड्रा चालक की लापरवाही से एक श्रद्धालु की मौत



**बीजापुर, 24 सितंबर।** नवरात्रि पर्व पर बीजापुर से दंतेवाड़ा पैदल दर्शन के लिए निकले श्रद्धालुओं पर मंगलवार देर शाम एक भयावह हादसा हुआ। बीजापुर के एजुकेशन सिटी क्षेत्र के पास नशे की हालत में हाइड्रा वाहन चालक ने अपनी वाहन नियंत्रण खो दिया और आठ श्रद्धालुओं को रौंद दिया।इस दुर्घटना में एक श्रद्धालु और 12वीं कक्षा की छात्रा साक्षी नक्का की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं एक अन्य श्रद्धालु प्राची पूनम गंभीर रूप से घायल हुई हैं। घायलों श्रद्धालुओं को तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज जारी है।श्रद्धालु अपने निर्धारित मार्ग पर पैदल जा रहे थे कि तभी वाहन ने अचानक उन्हें रौंद दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हादसे के समय श्रद्धालु अपनी साइड में ही चल रहे थे। घटना के तुरंत बाद चीख-पुकार मच गई और श्रद्धालु भयभीत हो गए।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और वाहन को जब्त कर चालक को हिरासत में ले लिया। चालक से पूछताछ जारी है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।नवरात्रि जैसे पावन अवसर पर इस तरह की दुर्घटना बेहद दुखद है। इस दुखद हादसे ने पूरे इलाके को शोक में डाल दिया है।

### ग्राम पंचायत नैमेड़ में बस स्टैंड परिसर को सफाई कर बनाया स्वच्छ और सुंदर



**बीजापुर, 24 सितंबर।** स्वच्छता ही सेवा है अभियान के तहत ग्राम पंचायत नैमेड़ में एक विशेष स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना और सामूहिक प्रयास से सार्वजनिक स्थानों को साफ-सुथरा बनाना था।स्वच्छग्रही समूह की दीदियों एवं स्थानीय ग्रामीणों ने मिलकर बस स्टैंड परिसर की सफाई की। कार्यक्रम के दौरान झाड़ू लगाना, कचरा उठाना और परिसर को व्यवस्थित करना शामिल था। इस प्रयास में महिलाओं, युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जानकारी दी गई और खुले में शौच न करने, कचरा प्रबंधन और दैनिक जीवन में सफाई बनाए रखने की सलाह दी गई। स्वच्छता केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य भी है।ग्राम पंचायत नैमेड़ में आयोजित यह स्वच्छता कार्यक्रम ने यह स्पष्ट किया कि जब जनता जागरूक होती है और मिलकर प्रयास करती है, तो परिवर्तन संभव है और सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छ और सुरक्षित बनाया जा सकता है।

### कलेक्टर ने की योजनाओं की समीक्षा अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

**बीजापुर, 24 सितंबर।** कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने मंगलवार को जिला कार्यालय में आयोजित समय सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, महिला एवं बाल विकास तथा प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति पर विस्तार से चर्चा हुई। कलेक्टर ने अधूरे कार्यों को शीघ्र पूरा करने और आम जनता तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए।जल जीवन मिशन की प्रगति की जानकारी लेते हुए कलेक्टर ने कहा कि प्रभावित गांवों में शीघ्र पेयजल उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने सभी ब्लॉकों में आधार कार्ड, राशन कार्ड, जन्म प्रमाणपत्र, पैन कार्ड आदि आवश्यक दस्तावेजों से जुड़ी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।बैठक में आत्मसमर्पित नक्सलियों और नक्सल पीड़ितों से संबंधित मामलों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने पुनर्वास और सहायता योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू करने पर बल दिया, ताकि प्रभावित परिवारों को राहत मिल सके।कलेक्टर ने बिजली विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति की जानकारी ली। अधूरे कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने और लाभार्थियों को समय पर सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए।स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं पर चर्चा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। पोटा केबिन आश्रमों और अन्य छात्रावासों में भोजन की गुणवत्ता व बच्चों की नियमित स्वास्थ्य जांच पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने अधीक्षकों को भोजन व्यवस्था का विवरण फोटो सहित प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए।बैठक में जिले में चल रहे रजत महोत्सव कार्यक्रमों की जानकारी भी साझा की गई। शिक्षा के मुद्दे पर कलेक्टर ने संवेदनशीलता दिखाते हुए अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# नपा दंतेवाड़ा को उप मुख्यमंत्री ने बाढ़ क्षतिपूर्ति के लिए 5 करोड़ देने की घोषणा की,अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष ने आभार माना

**दंतेवाड़ा,24 सितंबर।** छत्तीसगढ़ शासन के उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन विभाग के मंत्री अरुण साव कल नवरात्री के प्रथम दिन दंतेवाड़ा पहुंचे और माँ दंतेश्वरी के दर्शन कर पूजा अर्चना किया, उप मुख्यमंत्री के साथ प्रभारी मंत्री केदार कश्यप भी दंतेवाड़ा पहुंचे ।उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने बाढ़ से प्रभावित हुए दंतेवाड़ा पालिका परिसर के जीर्णोद्धार कार्य एवं विभिन्न वार्डो के सड़क,नाली,पूल तथा पेय जल फिल्टर प्लांट के मरम्मत कार्य हेतु 05 करोड़ रुपये देने की घोषणा की । नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता एवं उपाध्यक्ष कैलाश गुप्त मिश्र ने उप मुख्यमंत्री अरूण साव नगरपालिका क्षेत्र की जनता के ओर से आभार व्यक्त किया । अध्यक्ष पायल एवं उपाध्यक्ष कैलाश ने नवरात्री के पावन पर्व की क्षेत्रवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दिया । अध्यक्ष पायल



गुप्ता ने कहा की हाल ही में दंतेवाड़ा में हुई मूसलधार वर्षा के कारण नगर पालिका क्षेत्र को भीषण बाढ़ का सामना करना पड़ा, जिससे व्यापक स्तर पर हानि और आधारभूत संरचनाओं को नुकसान पहुंचा। इस कठिन समय में दंतेवाड़ा को पुनः विकास की दिशा में अग्रसर करने हेतु एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। शारदीय नवरात्रि के शुभ अवसर पर दंतेवाड़ा प्रवास के दौरान उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन और विकास विभाग मंत्री अरुण साव द्वारा दंतेवाड़ा नगर पालिका क्षेत्र के पुनर्निर्माण एवं राहत कार्यों के लिए 05 करोड़ की राहत राशि की घोषणा की गई। यह सहायता राशि दंतेवाड़ा क्षेत्र के लिए बड़ी राहतकारी सिद्ध होगी।नगर पालिका उपाध्यक्ष कैलाश गुप्त मिश्र ने कहा की इस महत्वपूर्ण घोषणा एवं दंतेवाड़ा के प्रति संवेदनशीलता के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव का दंतेवाड़ा नगर पालिका क्षेत्र की जनता के ओर से हार्दिक धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करता हु ।दंतेवाड़ा नगर पालिका इस सहायता राशि का उपयोग प्राथमिकता के आधार पर नगर के पुनर्वास, जल निकासी व्यवस्था, सड़क मरम्मत, एवं अन्य आवश्यक विकास कार्यों के लिए करेगी।

### जवानों ने पांच आईईडी मौके निष्क्रिय कर नक्सलियों की साजिश नाकाम की

**बीजापुर, 24 सितंबर।**



जिले के भोपालपटनम ब्लॉक स्थित चिल्लामरका-कांडलापड़ती के जंगली में सुरक्षा बलों ने एरिया डॉमिनेशन अभियान के दौरान सफलता मिली है।माओवादियों ने सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के लिए पूर्व में आईईडी प्लांट किया था लेकिन सतर्कता और कुशलता के चलते सुरक्षा बलों ने सभी विस्फोटकों को समय रहते निष्क्रिय कर दिया।11 सितंबर को चिल्लामरका में नया कैम्प नियाद नेल्लानार योजना के तहत स्थापना हुआ था। जहां 214 बटालियन सीआरपीएफ, 206 बटालियन, डीआरजी और बीडीएस की संयुक्त टीम अभियान पर निकली थी। चिल्लामरका से लगभग 4 किलोमीटर आगे काडला दिशा की ओर बढ़ते समय पहले नाले को पार करने के बाद बीडीएस टीम ने एक के बाद एक लगातार पांच आईईडी बरामद किया। पांचों विस्फोटक सक्रिय हो जाते तो जवानों के साथ बड़ी दुर्घटना हो सकती थी मगर सभी आईईडी को मौके पर ही सुरक्षित तरीके से निष्क्रिय कर दिया गया।

# विधायक चैतराम ने किया तपेश्वरी माता मंदिर समलूर में ज्योति कलश भवन का शुभारंभ

**दंतेवाड़ा,24 सितंबर।** विधायक चैतराम अटामी ने तपेश्वरी माता मंदिर समलूर में नव निर्मित ज्योति कलश भवन का उद्घाटन किया। यह भवन नवरात्रि के पावन पर्व पर बनकर तैयार हुआ है, जिसे विधायक चैतराम अटामी ने 10 जनवरी को क्षेत्र भ्रमण के दौरान समलूर पहुंचने पर घोषणा किया था। समलूर ग्राम देवी और आस्था से जुड़ा हुआ है, और तपेश्वरी माता के प्रति आस्था और श्रद्धा रखने वाले लोगों के लिए यह ज्योति कलश भवन एक महत्वपूर्ण स्थल होगा विधायक चैतराम अटामी ने कहा कि यह भवन क्षेत्र के लोगों की आस्था और श्रद्धा को और मजबूत करेगा। विधायक चैतराम अटामी ने अपनी घोषणा के अनुसार इस भवन का निर्माण करवाया, जो कि क्षेत्र के लोगों के लिए



एक बड़ी उपलब्धि है। इस दौरान पूर्व जिला अध्यक्ष अभिमन्यु सोनी,मण्डल महामंत्री लोकेन्द्र ठाकुर,सरपंच मोतीराम सोरी,मंदिर के प्रधान पुजारी परमानंद जिया,बलदेव कश्यप, लक्ष्मीनाथ पोडेयाम,रामराज ठाकुर एवं अन्य जनप्रतिनिधि कार्यकर्तगण व ग्रामवासी उपस्थित रहे और क्षेत्र के लोगों ने विधायक चैतराम अटामी का आभार व्यक्त किया।

# महाराज अग्रसेन जयंती में शामिल हुए विधायक अनुज



**धरसींवा, 24 सितंबर।** धरसींवा विधानसभा के नगर पंचायत खरोरा में महाराज अग्रसेन जयंती के अवसर पर अग्रवाल समाज महिला सभा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक अनुज शर्मा इस अवसर पर श्री शर्मा ने महाराज अग्रसेन के चित्र पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना किया।

विधायक अनुज ने समाज को संबोधित करते हुए कहा कि सभी को महाराजा अग्रसेन जयंती और नवरात्रि पर्व की बहुत-बहुत बधाई। अग्रवाल समाज हर क्षेत्र में अग्रणी रहने वाला समाज है। चाहे वह सेवा का क्षेत्र हो या शिक्षा और व्यापार की बात हो, हर क्षेत्र में अग्रवाल समाज ने महत्त्वपूर्ण योगदान दिया है। कोई भी समाज अपनी संस्कृति और अपनी अर्थव्यवस्था के बल पर आगे बढ़ता है। इन दोनों के संतुलन से ही वास्तविक उन्नति होती है। महाराजा अग्रसेन जी ने यही शिक्षा हम सभी को दी है। उन्होंने जहां व्यापार और आर्थिक विकास के सिद्धांत हमें दिए, वहीं वैदिक धर्म, संस्कृति और आदर्शों का पालन करते हुए समाज के सभी वर्ग के लोगों की उन्नति के लिए समान अवसरों के निर्माण पर भी उन्होंने जोर दिया। महाराजा अग्रसेन जी ने समाज में समानता, भाईचारे और न्याय की स्थापना के लिए जो आदर्श प्रस्तुत किए, वे आज भी हमारे लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। उनके आदर्शों पर चलते हुए अग्रवाल समाज के लोगों ने अपने व्यापार-व्यवसाय में ऊंची सफलता हासिल करते हुए देश के आर्थिक विकास में भी अपना उत्कृष्ट योगदान दिया है। इस अवसर पर विधायक अनुज सहित अग्रवाल समाज के लोग उपस्थित रहे।

# आयुर्वेद दिवस पर रन फॉर आयुर्वेद के प्रतिभागियों ने ली स्वस्थ जीवन के लिए शपथ

**बीजापुर, 24 सितंबर।-** आयुष विभाग द्वारा राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में रन फॉर आयुर्वेद का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आयुर्वेद के प्रति जनजागृति फैलाना और स्वस्थ जीवन के लिए प्राचीन भारतीय चिकित्सा पद्धति को बढ़ावा देना है।



कार्यक्रम की शुरुआत प्रातःकाल उत्साहपूर्ण वातावरण में हुई, जिसमें विभिन्न आयु वर्ग के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। दौड़ के माध्यम से प्रतिभागियों ने आयुर्वेदिक जीवनशैली को अपनाने का संदेश दिया।इस अवसर पर उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने आयुर्वेद के सिद्धांतों के अनुरूप दिनचर्या का पालन करने और प्राकृतिक जीवनशैली अपनाकर स्वस्थ रहने की शपथ भी ली। शपथ में दैनिक आहार-विहार, योग, प्राणायाम, समय पर सोना और जागना जैसे आयुर्वेदिक नियमों को जीवन में शामिल करने का संकल्प लिया गया।कार्यक्रम के अंत में विभाग के अधिकारियों द्वारा आयुर्वेद की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए इसे आधुनिक जीवन में अधिकाधिक अपनाने की अपील की गई।आयुष विभाग द्वारा आयोजित यह आयोजन जनस्वास्थ्य की दिशा में एक सराहनीय प्रयास रहा, जिसने आयुर्वेद के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# महिलाओं ने सेंटरिंग प्लेट को बनाया आजीविका का आधार

**बीजापुर,24 सितंबर।** जिले की ग्रामीण महिलाएं अब आत्मनिर्भरता की नई कहानी लिख रही हैं। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) योजना के तहत जिले के चार ग्राम संगठनों के स्व-सहायता समूहों की 33 महिलाओं ने सेंटरिंग प्लेट का व्यवसाय शुरू किया है। महिलाओं द्वारा तैयार की गई सेंटरिंग प्लेटें गाँवों में चल रहे निर्माण कार्यों, खासकर प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत बनाए जा रहे मकानों में किराए पर दी जा रही हैं इससे महिलाओं को नियमित और भरोसेमंद आय मिल रहा है।

### कमाई से बदली जिंदगी

इस व्यवसाय से हीरापुर (विकासखंड उसूर) की



रोशनी ग्राम संगठन को 35,400 रुपये, बोरजे (विकासखंड बीजापुर) की सरोजनी ग्राम संगठन को 14,000 रुपये, चेरपल्ली (विकासखंड भोपालपटनम) की जय बुढ़ादेव ग्राम संगठन को 8,000 रुपये और ईतामपार (विकासखंड भैरमगढ़) की माँ दन्तेश्वरी ग्राम संगठन को 36,000 रुपये इन ग्राम संगठनों ने आय प्राप्त किया है।पहले जहां महिलाएं केवल घरेलू जिम्मेदारियों तक सीमित थीं, वहीं अब वे परिवार की आर्थिक नींव मजबूत करने में अहम भूमिका निभा रही हैं। उनके आत्मविश्वास और सामाजिक पहचान दोनों में ही बढ़ोतरी हुई है।

### महिलाओं की जुबानी

ईतामपार विकासखंड भैरमगढ़ की माँ दन्तेश्वरी ग्राम संगठन की अध्यक्ष फरीदा बताती हैं कि जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बड़ी संख्या में मकान स्वीकृत हुए हैं। इसकी मांग देखते हुए हमने सेंटरिंग प्लेट व्यवसाय अपनाया। इससे हमें अच्छी आमदनी हो रही है और अब हम खुद को आत्मनिर्भर महसूस कर रहे हैं।

### नवाचार से खुल रहे नए अवसर

बिहान योजना के अंतर्गत महिलाओं का यह कार्य जिलेभर में प्रेरणादायी उदाहरण बन चुका है। सेंटरिंग प्लेट जैसा अनोखा व्यवसाय साबित कर रहा है कि सामूहिक प्रयास और सही दिशा मिलने पर ग्रामीण महिलाएं किसी भी चुनौती का सामना कर सकती हैं और रोजगार के नए अवसर तलाश सकती हैं। समूह की महिलाएं आर्थिक रुप से मजबूत और ग्रामीण अंचल में नारी शक्तियों के लिए प्रेरणा देने का काम कर रही है।

## एक नजर

### आयुर्वेद को भी अपने जीवन का हिस्सा बनाएं: योगेश्वर



**महासमुंद 24 सितम्बर।** राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय चिकित्सा शिविर का शुभारंभ आज विधायक श्री योगेश्वर राजू सिन्हा द्वारा भगवान धनवंतरी जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के आयुर्वेद दिवस पर दिए गए संदेश का वाचन किया। विधायक श्री सिन्हा ने सभी से आग्रह करते हुए कहा कि आधुनिक चिकित्सा के साथ-साथ हम आयुर्वेद को भी अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं, क्योंकि यह हमारी संस्कृति और परंपरा से जुड़ा हुआ अमूल्य धरोहर है। कार्यक्रम में मिलेट्स, औषधीय द्रव्य एवं पौधों की प्रदर्शनी का अवलोकन जनप्रतिनिधियों एवं आमजन ने किया। साथ ही अतिथियों द्वारा पौधरोपण भी किया गया। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष श्री निखिलकांत साहू, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्री पवन पटेल, नगरपालिका उपाध्यक्ष श्री देवीचंद राठी, श्री राजू चंद्राकर, श्री संदीप वर्मा एवं अन्य जनप्रतिनिधि गण मौजूद थे।साथ ही रन फॉर आयुर्वेदा का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मोंगरा पटेल एवं कलेक्टर श्री विनय लंगेह ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस दौड़ में लगभग 500 धावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, इनमें डॉ. एकता लंगेह, सहित वृद्धजन, दिव्यांगजन, वन विभाग के प्रशिक्षु, नर्सिंग कॉलेज की छात्राएं एवं शहर के गणमान्य नागरिक सम्मिलित रहे। दौड़ का समापन कलेक्ट्रेट परिसर में हुआ।

### कलेक्टर ने बैठक में विभागीय योजनाओं की समीक्षा की

**महासमुंद 24 सितम्बर।** कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने आज शाम 5 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक लेकर विभिन्न विभागीय योजनाओं, कार्यक्रमों की गहन समीक्षा की। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री सचिन भूतड़ा एवं रवि कुमार साहू, अनुविभागीय अधिकारी, सभी विभाग के जिला अधिकारी उपस्थित रहे। वीसी के माध्यम से जनपद सीईओ, नगरीय निकायों के सीएमओ सहित सभी ब्लॉक स्तरीय संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।कलेक्टर लंगेह ने 02 अक्टूबर तक चलने वाले रजंत जयंती वर्ष एवं स्वच्छता ही सेवा अभियान पखवाड़ा के आयोजन तथा आदिकर्मयोगी अभियान अंतर्गत विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे विविध गतिविधियों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों एवं जनपद सीईओ को निर्देशित किया है कि अभियान की महत्ता को ध्यान में रखते हुए सभी गतिविधियों का सफल आयोजन सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने आदि कर्मयोगी अभियान की समीक्षा करते हुए अब ग्राम एक्शन प्लान बनाने के निर्देश दिए हैं। जो पूरी तरह सहभागी नियोजन के आधार पर बने। कलेक्टर ने आगामी त्यौहारों के सीजन को ध्यान में रखते हुए सभी अनुविभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संवेदनशील क्षेत्रों की सतत मॉनिटरिंग और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। किसी भी प्रकार की अफवाह या अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए सतर्क रहने के निर्देश दिए। खाद्य एवं औषधि प्रसाधन विभाग को सभी मिठाई दुकानों में मिठाई एवं खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए नियमित जांच के निर्देश दिए हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं को पूर्ण करने एवं विभिन्न प्राधिकरण अंतर्गत अपूर्ण निर्माण कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने सांसद खेल महोत्सव में अधिक से अधिक पंजीयन करने कहा है।

### दरबा परिक्षेत्र अध्यक्ष राधेश्याम चुने गए

**अंवरी।** साहू समाज दरबा परिक्षेत्र का चुनाव ग्राम बिरेझर के साहू समाज भवन में 22 सितंबर दिन सोमवार को तहसील साहू समाज के पदाधिकारियों द्वारा चुनाव सम्पन्न कराया गया जिसमें निर्वाचन अधिकारी तहसील साहू समाज अध्यक्ष राधेश्याम साहू , उपाध्यक्ष रामेश्वर साहू, सचिव लिखन लाल साहू, सुशील साहू कमलनारायण साहू, लकेश्वर साहू , ने चुनाव सम्पन्न कराया जिसमें दरबा परिक्षेत्र के निर्वाचित पदाधिकारी अध्यक्ष रामचंद्र साहू , उपाध्यक्ष जीवन लाल साहू , संगठन सचिव लिकेश कुमार साहू, उपाध्यक्ष महिला हुलसी साहू , महिला संगठन सचिव सुनीता साहू बने । जिसे शपथ दिलाई गई और प्रमाण पत्र दिया गया नये पदाधिकारियो को साहू समाज के लोगो द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएं दिया गया जिसमेंसंतराम साहू , कमलेश साहू , लेखराम साहू , के आर साहू, धनसिंग साहू , तिरथ साहू, मंसा राम साहू, फुल सिंग साहू, दुलारु राम साहू, भुनेश्वर साहू , थानसिग साहू भादु राम, अरुण साहू, सुशांत साहू, गुलशन साहू, दुरेन्द्र साहू, भुपेन्द्र साहू, नागेश्वर साहू एवं ग्रामीण साहू समाज एवं परिक्षेत्र साहू समाज द्वारा बधाई दिया गया।

### जिले में अब तक 842.7 मिलीमीटर औसत वर्षा

**महासमुंद 24 सितम्बर ।** महासमुंद जिले में चालू मानसून के दौरान 01 जून 2025 से अब तक 842.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख से मिली जानकारी के अनुसार जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा पिथौरा तहसील में 1079.5 मिलीमीटर, सरायपाली में 912.3 मिलीमीटर, कोमाखान में 819.5 मिलीमीटर, बसना में 814.8 मिलीमीटर, बागबाहरा में 771.4 मिलीमीटर और सबसे कम वर्षा 659.0 मिलीमीटर महासमुंद तहसील में दर्ज की गई। आज 24 सितम्बर को 78.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई।

---

रायगढ़ जिले में भी तीन महतारी सदन समर्पित

# मुख्यमंत्री साय ने किया 51 महतारी सदनों का वर्चुअल लोकार्पण



**रायगढ़, 24 सितम्बर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने धमतरी जिले के ग्राम करेलीबाड़ी में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से वर्चुअल रूप से प्रदेशभर में 51 महतारी सदनों का लोकार्पण किया। इनमें रायगढ़ जिले के तीन महतारी सदन भी शामिल हैं। इसी क्रम में पुसौर विकासखंड के ग्राम गढ़उमरिया में आयोजित लोकार्पण समारोह में वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी शामिल हुए और 24.70 लाख रुपये की लागत से निर्मित महतारी सदन का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत अभियान और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के लिए सतत कार्य कर रही है। महतारी सदन न केवल महिलाओं के लिए सामूहिक गतिविधियों और सामाजिक कार्यक्रमों का केंद्र होगा, बल्कि यह महिला सशक्तिकरण की नई पहचान बनेगा। उन्होंने राज्य की सभी बहनों को इस योजना की बधाई दी और विश्वास जताया कि यह पहल ग्रामीण महिलाओं के सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण में मील का पत्थर सिद्ध होगी।

कार्यक्रम में वित्त मंत्री श्री चौधरी ने लखपति दीदी, पशु सखी और विभिन्न योजनाओं में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने गढ़उमरिया की महिलाओं को %लखपति दीदी से मिलियनर दीदी' बनने की ओर बढने् के लिए प्रोत्साहित किया। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार ने अल्प समय में ही कई ऐतिहासिक कार्य किए हैं। किसानों को 2 साल का बकाया बोनस एकमुश्त दिया गया, धान खरीदी 21 क्विंटल प्रति एकड़ की सीमा तक 3100 रुपये प्रति क्विंटल में की जा रही है। पीएम आवास योजना के तहत 18 लाख आवास की स्वीकृत हुए, जिसके तहत केवल गढ़उमरिया ग्राम पंचायत में ही 270 आवास स्वीकृत हुए हैं। भूमिहीन कृषक मजदूरों को सहायता राशि दी जा रही है। उन्होंने बताया कि महतारी वंदन योजना के अंतर्गत प्रतिमाह 70 लाख से अधिक महिलाओं को लाभ मिल रहा है। महतारी शक्ति ऋण योजना के तहत महिलाओं को बिना मॉर्टगेज 25 हजार रुपये तक का ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे वे स्वरोजगार और आजीविका के नए अवसर सृजित कर रही हैं।

जिला पंचायत सीईओ श्री जितेंद्र यादव ने बताया कि रायगढ़ जिले में महतारी सदन निर्माण योजना के अंतर्गत तीन महतारी सदनों का निर्माण क्रमशः पुसौर विकासखंड के ग्राम-गढ़उमरिया, घरघोड़ा विकासखंड के ग्राम छर्राटांगर और लैलूंगा विकासखंड के ग्राम भुईयापानी में कराया गया है। प्रत्येक भवन की लागत 24.70 लाख रुपये है, जिसमें हॉल, कमरा, किचन, स्टोर, दुकान, बाउंड्रीवाल, प्रसाधन और गुप्ता, संदीप पंडा, खितेश्वर गुप्ता, पावन अग्रवाल सहित जनप्रतिनिधि और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### चैतन्य देवियों की झाँकी आकर्षण का केन्द्र बनीं

**रायपुर, 24 सितम्बर ।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा नवरात्रि के पावन अवसर पर नवा रायपुर अटल नगर के सेक्टर-20 स्थित सेवाकेन्द्र में सजायी गई चैतन्य देवियों की झाँकी का ब्रिगेडियर तेजिन्दर सिंह बावा (सेना मेडल), श्रीमती कुकी बावा, ट्रीपल आई टी के डायरेक्टर ओ.पी. व्यास, जिन्दल जिन्दल स्टील एण्ड पावर कम्पनी के प्रेसीडेन्ट प्रदीप टण्डन, जीएसटी के असिस्टेण्ट कमिश्नर शैलेन्द्र पाटले, ब्रह्माकुमारी सविता दीदी और रश्मि दीदी ने दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया।झाँकी का अवलोकन करने के बाद ब्रिगेडियर तेजिन्दर सिंह बावा ने कहा कि यहाँआकर बहुत ही शान्ति की अनुभूति हुई। यह बहुत ही शान्त एवं शिक्षाप्रद जगह है। शान्ति शिखर का अवलोकन कर वह स्वयं को धन्य महसूस कर रहे हैं।जिन्दल जिन्दल स्टील एण्ड पावर कम्पनी के प्रेसीडेन्ट प्रदीप टण्डन ने कहा कि यह गहन शान्ति और आध्यात्मिक जागृति का केन्द्र है।

## विद्यालयों में शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर दें जोर:कलेक्टर



**रायगढ़, 24 सितम्बर।** कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने आज जिला कलेक्टोरेट स्थित अपने कक्ष में स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने विभागीय कार्यों की गहन समीक्षा की। उन्होंने जिले के सभी विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता, उपलब्ध सुविधाएँ, पूर्व परीक्षाओं के परिणाम, मध्यान्ह भोजन व्यवस्था, शिक्षक एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति, पोषण शक्ति, उत्कर्ष योजना, त्रैमासिक परीक्षा, रजत जयंती कार्यक्रम और स्वच्छता सेवा पखवाड़ा जैसे प्रमुख बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की।

कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले के प्रत्येक विद्यालय में शिक्षकों और विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि शिक्षा को परिणामोन्मुखी बनाने की दिशा में नवाचार आधारित शिक्षण पद्धतियों का उपयोग किया जाए और विद्यार्थियों की रुचि को ध्यान में रखते हुए शिक्षा को रोचक एवं प्रभावी बनाने के लिए गतिविधियों का आयोजन किया जाए। उन्होंने कई विद्यालयों में विद्यार्थियों की कम उपस्थिति पर कहा कि अभिभावकों से संवाद कर बच्चों के विद्यालय न आने के कारणों का पता लगाया जाए और उन्हें नियमित रूप से विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया जाए। साथ ही विद्यालयों में समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण और नेत्र जांच शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए, ताकि बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ मिल सकें। कलेक्टर ने कहा कि शिक्षकों का मूल कर्तव्य गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है और इस दिशा में सभी अधिकारी गंभीरता से कार्य करें। उन्होंने विशेष रूप से बोर्ड परीक्षार्थियों की तैयारी पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता बताई, ताकि जिले का परीक्षा परिणाम राज्य स्तर पर उत्कृष्ट हो। बैठक में कलेक्टर ने जिले के जर्जर स्कूल भवनों की जानकारी लेकर उनकी सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री के.वी.राव सहित सभी खंड शिक्षा अधिकारी और बीआरसी अधिकारी उपस्थित रहे।

## सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से रायगढ़ के अभिनव पटनायक बने ऊर्जा उत्पादक



**रायगढ़, 24 सितम्बर।** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना रायगढ़ जिले के आम नागरिकों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही है। इसका सजीव उदाहरण हैं रायगढ़ के जगन्नाथपुरम निवासी श्री अभिनव पटनायक, जिन्होंने इस योजना का लाभ उठाकर खुद को न केवल बिजली बिल के बोझ से मुक्त किया, बल्कि ऊर्जा आत्मनिर्भरता की नई मिसाल भी कायम की है।

बिजली बिल से आत्मनिर्भरता तक का सफर

हितग्राही श्री पटनायक को हर महीने 2500 रुपए से 3000 रुपए तक का बिजली बिल चुकाना पड़ता था, जिससे वे परेशान रहते थे। विभागीय अधिकारी द्वारा उन्हें पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की जानकारी मिली जिसके बाद उन्होंने अपने घर की छत पर सोलर पैनल लगवाने का निर्णय लिया। यह निर्णय उनके जीवन के लिए गेम-चेंजर साबित हुआ। अब स्थिति यह है कि उनके घर की जरूरत की बिजली सूरज की रोशनी से पूरी हो रही है। पिछले दो महीनों में उनके बिजली बिल पर -2 रुपए और -10 रुपए जैसी प्रविष्टियाँ दर्ज हुईं और उनका बिजली बिल शून्य हो गया।

#### सात दिनों में सब्सिडी, आसान प्रक्रिया

इस योजना की सबसे खास बात इसकी पारदर्शिता और सरलता है। सोलर पैनल लगवाने के मात्र सात दिनों के भीतर ही श्री अभिनव पटनायक को सरकारी सब्सिडी की राशि सीधे उनके बैंक खाते में जमा हो गई। इस त्वरित प्रक्रिया ने उनका आत्मविश्वास और भी बढ़ाया और योजना की विश्वसनीयता को मजबूत किया।

## आयुर्वेद दिवस पर जन-जन को आयुर्वेद की महत्ता बताई

**रायगढ़, 24 सितम्बर।** दसवें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के अवसर पर रायगढ़ जिला आयुष कार्यालय द्वारा विविध आयोजन कर जन-जन को आयुर्वेद की महत्ता से अवगत कराया गया। आयुर्वेद जन-जन के लिए, पृथ्वी के कल्याण के लिए, की थीम पर आधारित इस आयोजन का शुभारंभ प्रातः 6.30 बजे रन फॉर आयुर्वेदा से हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी और आम नागरिकों की सहभागिता रही।

इसके पश्चात् प्रतिभागियों ने 1 घंटे तक योगाभ्यास कर तन-मन को ऊर्जा से भर दिया। आयुर्वेद और प्रकृति के समन्वय को दर्शाते हुए वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें 50 पौधों का रोपण कर उनके संरक्षण का संकल्प लिया गया। प्रातः 10 बजे जिला आयुष कार्यालय के मीटिंग हॉल में भगवान धन्वंतरि की पूजा-अर्चना की गई, जिसमें सभी के स्वास्थ्य, समृद्धि एवं कल्याण की कामना की गई। जन और जीवन के लिए आयुर्वेद विषय पर सार्वजनिक व्याख्यान एवं संगोष्ठियों का आयोजन हायर सेकेंडरी स्कूल चक्रधर नगर, नटवर स्कूल, आई.टी.आई. बोईरदादर सहित विभिन्न स्थानों पर किया गया, जहां विशेषज्ञों ने आयुर्वेद की वैज्ञानिकता एवं उपयोगिता पर प्रकाश डाला।

#### निःशुल्क चिकित्सा शिविर एवं प्रदर्शनी आयोजित



प्रातः 11 बजे जिला आयुर्वेद चिकित्सालय परिसर में मुख्य अतिथि महापौर श्री जीवर्धन चौहान, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सुषमा खलखो तथा जिला आयुष अधिकारी डॉ. चंद्रशेखर गौरहा द्वारा विधिवत रूप से निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा एवं परामर्श शिविर का शुभारंभ किया गया। इस शिविर में कुल 196 मरीजों को परामर्श प्रदान कर निःशुल्क औषधियों का वितरण किया गया। शिविर स्थल पर विभिन्न आयुर्वेदिक विषयों पर आधारित पाम्पलेट जैसे- उच्च रक्तचाप, मधुमेह, वातरोग, ऋतुचर्या, योगाभ्यास आदि का वितरण किया गया एवं प्रदर्शनी के माध्यम से आमजन को जानकारी दी गई।

इस आयोजन का सफल संचालन जिला आयुष अधिकारी डॉ. चंद्रशेखर गौरहा के मार्गदर्शन एवं जिला नोडल अधिकारी डॉ. कुणाल पटेल के पर्यवेक्षण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर डॉ. मीरा भगत, डॉ. अजय नायक, डॉ. प्रियंका नायक, डॉ. प्रशांत सक्सेना, डॉ. रविशंकर पटेल, डॉ. नीरज मिश्रा, डॉ. देवाशीष राय चौधरी, डॉ. शेख सादिक, डॉ. संजीव पटेल, डॉ. सुभाष झा, डॉ. संतोष गुप्ता सहित समस्त विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



### मुख्यमंत्री ने प्रीति बिटिया को कराया स्वर्ण प्राशन


**धमतरी, 24 सितम्बर ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज करेलीबड़ी प्रवास के दौरान विभिन्न विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर वे स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा आयुष विभाग के स्टॉल में पहुंचे।यहां उपस्थित कुमारी प्रीति निर्मलकर, पिता श्री टिकेश्वर निर्मलकर, उम्र 4 वर्ष को मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने स्नेहिल व्यवहार से गोद में लेकर दुलार किया और अपने हाथों से स्वर्ण प्राशन भी कराया मुख्यमंत्री ने प्रीति के पिता से बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाने तथा उनके सुरक्षित और उज्ज्वल भविष्य के लिए निरंतर प्रयासरत रहने की बात कही। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा और सर्वांगीण विकास के लिए सतत रूप से योजनाएं संचालित कर रही ।

## मुख्यमंत्री ने किया विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण हितग्राहियों को वितरित किए चेक व प्रमाणपत्र

**धमतरी, 24 सितम्बर ।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज मगरलोड विकासखंड के ग्राम करेलीबड़ी प्रवास के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उनके साथ उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री टंकराम वर्मा भी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री ने आजीविका मिशन के तहत ग्रामीण परिवहन सुविधा को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 3 महिला समूहों को ई-रिक्शा की चाबी प्रदान की तथा हितग्राहियों से आत्मीय संवाद किया। उन्होंने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा प्रदर्शित मोर गांव-मोर पानी मॉडल, बाला कॉन्सेप्ट आधारित मॉडल आंगनबाड़ी, प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत ग्राम मसानडबरा में आवास कालोनी, संदर्भ केंद्र एवं औषधीय पौधों की खेती के मॉडल का अवलोकन किया।उन्होंने स्वच्छता ही सेवा, ग्रीन आर्मी और जेंडर रिसोर्स सेंटर के कार्यों की सराहना की। कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन एवं मत्स्य विभाग के स्टॉलों में मुख्यमंत्री ने लाभार्थियों को चेक, प्रमाण पत्र, फिश बॉक्स और जाल वितरित किए। इसी क्रम में कौशल विकास एवं युवा कार्यक्रम विभाग के स्टॉल पर जिले के पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु विशेष रूप से तैयार की गई पर्यटन वेबसाइट का शुभारंभ किया। स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल पर उन्होंने हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए।महिला एवं बाल विकास विभाग के स्टॉल निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने सक्षम योजना अंतर्गत हितग्राही श्रीमती जितेश्वरी साहू को 2 लाख रुपये का चेक प्रदान किया। साथ ही 5 कुपोषित बच्चों को सुपोषण किट तथा 5 किशोरी बालिकाओं को सुपोषण एवं स्वच्छता किट वितरित की गई।

## बाढ़ आपदा प्रबंधन पर बैठक में विस्तार से चर्चा, मॉक ड्रिल 25 सितंबर को



**रायगढ़, 24 सितम्बर।** बाढ़ आपदा प्रबंधन हेतु मॉक ड्रिल की तैयारी के लिए आज जिला कलेक्ट्रेट स्थित सभाकक्ष में टेबल टॉप एक्सरसाइज का आयोजन किया गया। यह अभ्यास राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, गृह मंत्रालय, भारत सरकार, छत्तीसगढ़ राज्य आपदा प्राधिकरण, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग और जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। राज्य स्तर से वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से बाढ़ आपदा प्रबंधन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। टेबल टॉप एक्सरसाइज के दौरान भारी बाढ़, इमारतों के ध्वस्त होने और गांवों के जलमग्न होने जैसी आपदा परिस्थितियों में नियंत्रण कक्ष के संचालन, आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता, राहत शिविरों की पहचान, आपातकालीन सहायता स्थल, स्वास्थ्य केंद्र, अन्य निकासी मार्ग, खोज एवं बचाव, नुकसान का आकलन तथा राहत एवं पुनर्वास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने संबंधित अधिकारियों को बाढ़ आपदा प्रबंधन हेतु मॉक ड्रिल की तैयारी के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि शासन के निर्देशानुसार आपदा प्रबंधन की तैयारी को परखने और आम जनता को जागरूक करने के लिए 25 सितंबर को प्रातः 10 बजे पुसौर तहसील के ग्राम चंघोरी एवं सिंगपुरी में मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी। संबंधित विभागों के अधिकारियों की ड्यूटी निर्धारित की गई है और आम जनता से भी प्रशासन के साथ सहयोग करने की अपील की गई है। इस अवसर पर सहायक कलेक्टर श्री अक्षय डोसी, अपर कलेक्टर श्री अपूर्व प्रियेश टोप्पो, संयुक्त कलेक्टर और प्रभारी अधिकारी राहत और आपदा प्रबंधन श्री राकेश कुमार गोलछा, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती पूजा बंसल, डिप्टी कलेक्टर श्री धनराज मरकाम, जिला सेनानी श्री बी.कुजूर, डीएसपी श्री उत्तम प्रताप सिंह, जिला परिवहन अधिकारी श्री अमित कश्यप सहित पंचायत, स्वास्थ्य, विद्युत, खाद्य और अन्य सहायक विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## अंडर-16 महिला भारतीय बास्केटबॉल टीम ने जीता एशिया कप-25



**महासमुंद 24 सितम्बर ।** अंडर 16 वूमेंस एशिया कप 2025 का आयोजन मलेशिया में 13 से 19 सितम्बर 2025 तक आयोजित किया गया, जिसमें भारतीय अंडर 16 महिला बास्केटबॉल टीम में छत्तीसगढ़ से महासमुंद जिले की बिटिया दिव्या रंगारी पिता विनोद रंगारी शामिल रहीं। भारतीय टीम में विहा रेड्डी, नेथरा, रेवा अमित कुलकर्णी, वैष्णवी प्रशांत परदेशी, महक शर्मा ने शानदार खेल जारी रखा और बेहतर प्रदर्शन कर टीम ने लगातार मैच जीताकर फाइनल तक पहुंचाया। एशिया कप 2025 में भारतीय टीम के विजेता बनने पर प्रदेश व जिले में खुशी की लहर देखी गई। इंडिया टीम ने पहले मैच में ईरान को 70-67 अंकों से हराया, इंडिया ने उज्बेकिस्तान को 81-69 से हराया, इंडिया ने समोआ को 71-54 अंकों से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल मैच में इंडिया ने इंडोनेशिया को 65-53 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। एशिया कप फाइनल मैच में इंडिया ने ईरान के साथ मैच खेला जिसमें पहले क्वार्टर में इंडिया ने 17 एवं ईरान ने 13 अंक बनाए। दूसरे क्वार्टर में इंडिया एवं ईरान दोनों ने 32-32 अंकों के साथ बराबरी पर रही, तीसरे क्वार्टर में इंडिया टीम ने 52-42 अंकों के साथ बढ़त बनाई। अंतिम क्वार्टर में ईरान पिछड़ने के बाद बराबरी करने में सफल रहीं एवं कड़े मुकाबले देखने को मिला। अंतिम समय में भारतीय टीम ने बढ़त बनाई एवं 1 अंकों से जीत दर्ज किया। अंतिम समय में स्कोर 67-66 रहा। भारतीय टीम एशिया कप 2025 की विजेता बनीं। भारतीय टीम ने लगातार सभी मैच जीतकर इतिहास रचा। 2017 के बाद भारतीय टीम ने डिवीजन बी से प्रमोट होकर डिवीजन ए में आने में सफल रहीं।

भारतीय टीम में छत्तीसगढ़ से दिव्या रंगारी, कर्नाटका से श्रवानी शिवन्ना, महक शर्मा एवं अदिति, तेलंगाना से विहा रेड्डी एवं नेथरा, केरला से एदिना मरियम जॉनसन, तमिलनाडु से एंजलीना अरुण जॉर्ज एवं सुमिथरा देवी कालीमुथु, महाराष्ट्र से रेवा कुलकर्णी एवं वैष्णवी प्रशांत परदेशी, गुजरात से दिनल वित्थानी शामिल रही। भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन कर लगातार 05 मैच जीता। एशियन चैंपियनशिप में भारतीय टीम ने अपने सभी मैच जीतकर विजयी रहीं। भारतीय टीम के एशियन चैंपियनशिप मलेशिया में विजेता बनने एवं इतिहास रचने पर छत्तीसगढ़ प्रदेश बास्केटबॉल संघ के अध्यक्ष राजीव जैन, चेयरमैन विजय अग्रवाल, नरेश डाकलिया, राजीव चैबे, राजेश गौर, भारतीय टीम के मुख्य प्रशिक्षक अनिथा पॉलदुरई, सहायक प्रशिक्षक रोहित एवं उमा कांत, सांसद रूपकुमारी चैधरी, विधायक महासमुंद योगेश्वर राजू सिंहा, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद निखिल कांत साहू, जिलाध्यक्ष येतराम साहू, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, सीईओ हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर रवि साहू, सचिन भूतड़ा, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरें, खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद मनोज धृतलहरे, जिला बास्केटबॉल संघ महासमुंद अध्यक्ष नुरेन चंद्राकर माता सपना रंगारी, योजना रंगारी, सुभाष मंडल खेल संघों एवं सभी खिलाड़ियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

## आदि कर्मयोगी अभियान: जिले के 308 ग्रामों में विविध गतिविधियां संचालित

**महासमुंद 24 सितंबर ।** जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आदिवासी बाहुल्य ग्रामों के सर्वांगीण विकास हेतु प्रारंभ किए गए विशेष आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत जिले में चयनित धरती आबा योजना के 308 ग्रामों में व्यापक गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं।

कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने समय सीमा की बैठक में सभी विभाग प्रमुखों एवं जनपद सीईओ को निर्देशित किया है कि अभियान की महत्ता को ध्यान में रखते हुए सभी गतिविधियों का सफल आयोजन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य व्यक्ति, परिवार और समुदाय केंद्रित विकास के साथ-साथ आदिवासी संस्कृति एवं सांस्कृतिक धरोहरों का संरक्षण है। विलेज एक्शन प्लान को वर्ष 2030 के ग्राम विकास दृष्टि को आधार बनाकर तैयार करने पर बल दिया।आदिवासी विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम स्तर पर आदि साथी, आदि सहयोगी और आदि कर्मयोगियों की टीम सक्रिय रूप से कार्ययोजना बना रही है। जिले के 6 मास्टर ट्रेनरों को राज्य स्तर पर प्रशिक्षित कर प्रत्येक विकासखंड में 10-10 मास्टर ट्रेनरों को तैयार किया गया है। इन्हीं मास्टर ट्रेनरों द्वारा ग्राम स्तर पर उन्मुखीकरण कार्यक्रम कराए गए, जिसमें ग्राम के युवा, जनजातीय मुखिया, महिलाएं और बुजुर्ग शामिल हुए। लगभग 20 सदस्यीय ग्राम टीम अब स्वयं अपने गांव के विकास हेतु विलेज एक्शन प्लान तैयार कर रही है। यह योजनाएँ आगामी 2 अक्टूबर को विशेष ग्राम सभाओं में अनुमोदित की जाएंगी, जिसके पश्चात इन्हें केंद्र सरकार के पोर्टल पर अपलोड कर क्रियान्वयन की दिशा में बढ़ाया जाएगा।

**एक नजर**

### श्रेयस अय्यर ने टेस्ट क्रिकेट से ब्रेक लिया



**अबु धाबी, 24 सितंबर।** मुंबई के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड और मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर को सूचित किया है कि वह अब लाल गेंद (रेड-बॉल) क्रिकेट यानी टेस्ट और प्रथम श्रेणी क्रिकेट से ब्रेक लेना चाहते हैं। यह फैसला उन्होंने लखनऊ में चल रहे इंडिया-ए और ऑस्ट्रेलिया-ए के बीच मैच से हटने के दो दिन बाद लिया। दो महीने के बाद 31 साल के होने वाले अय्यर ने मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर से बात कर अपनी परेशानी बताई। अय्यर ने कहा कि उनके लिए लंबे फॉर्मेट के क्रिकेट का दबाव झेलना मुश्किल हो रहा है और उन्हें पीठ में तकलीफ महसूस हो रही है। इसी कारण उन्होंने इंडिया-ए के मैच से नाम वापस ले लिया। अय्यर का यह फैसला उनके करियर के लिए एक बड़ा कदम हो सकता है। अब वह वनडे और टी-20 क्रिकेट पर ज्यादा ध्यान दे सकते हैं। साथ ही, पीठ की समस्या को ठीक करने के लिए वह रिहैबिलिटेशन और फिटनेस पर भी काम कर सकते हैं। चयनकर्ता 2 अक्टूबर से अहमदाबाद में शुरू होने वाली दो मैचों की वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज के लिए 24 सितंबर को टीम चुनने वाले हैं।

# टीम इंडिया आज जीती तो फाइनल पक्का

## एशिया कप में आज बांग्लादेश से मुकाबला, 5 साल से नहीं हारा है भारत

**दुबई, 24 सितंबर।** एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट के सुपर-4 मुकाबले में आज भारतीय टीम का सामना बांग्लादेश से होगा। भारत इस राउंड के पहले मुकाबले में पाकिस्तान को 6 विकेट से हरा चुका है। यानी आज जीत हासिल करने पर टीम की फाइनल में पहुंचने की राह बहुत आसान हो जाएगी। बांग्लादेश ने सुपर-4 के अपने पहले मैच में श्रीलंका को हराया था। अगर यह टीम भारत को मात देने में कामयाब होती है फाइनल में पहुंचने की उसकी उम्मीद भी काफी बढ़ जाएगी।



टी-20 क्रिकेट में भारत की टीम बांग्लादेश पर बहुत हावी रही है। दोनों टीमों के बीच अब तक 17 मुकाबले हुए हैं। इनमें 16 में भारतीय टीम जीती है। बांग्लादेश को सिर्फ एक मैच में जीत मिली है। बांग्लादेश ने भारत को इस फॉर्मेट में पहली और आखिरी बार 2019 में दिल्ली में हुए मुकाबले में 7 विकेट से हराया था। दोनों टीमों की आखिरी भिड़ंत पिछले साल हैदराबाद में हुई थी। तब भारतीय टीम ने 133 रन से जीत हासिल की थी।

भारतीय टीम इस मैच में उसी प्लेइंग-11 के साथ उतर सकती है जो पाकिस्तान के खिलाफ सुपर-4 के मुकाबले में खेली थी। यानी अभिषेक शर्मा के साथ फिर से शुभमन गिल ओपनिंग करते नजर आएंगे और संजू सैमसन मिडिल ऑर्डर में खेलेंगे। जसप्रीत बुमराह टीम में इकलौते स्पेशलिस्ट फास्ट बॉलर हो सकते हैं। ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या और शिवम दुबे पेस बॉलिंग डिपार्टमेंट में बुमराह का साथ देंगे। इनके अलावा अक्षर पटेल, कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती के रूप में तीन स्पिनर शामिल होंगे।

बांग्लादेश की प्लेइंग-11 में एक बदलाव मुमकिन है। शोरिफुल इस्लाम की जगह तंजिम हसन को मौका मिल सकता है। शोरिफुल ने श्रीलंका के खिलाफ पिछले मैच में 49 रन खर्च किए थे। कप्तान लिटन दास ने पिछले मुकाबले में पीठ में खिंचाव की शिकायत की थी। हालांकि, भारत के खिलाफ मैच से पहले उनके फिट हो जाने की उम्मीद है।

ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या अगर इस मैच में चार विकेट लेते हैं तो वे टी-20 इंटरनेशनल में भारत के सबसे सफल गेंदबाज बन सकते हैं। अभी 97 विकेटों के साथ हार्दिक दूसरे स्थान पर हैं। नंबर-1 पर मौजूद लेफ्ट आर्म पेपर अर्शदीप सिंह के नाम 100 विकेट हैं। अर्शदीप एशिया कप के भारतीय स्क्वॉड में शामिल हैं, लेकिन उन्हें अब तक सिर्फ एक मैच (ओमान के खिलाफ) खेलने का मौका मिला है।

**दोनों टीमों की पॉसिबल प्लेइंग-11**

भारतः अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), तिलक वर्मा, संजू सैमसन, शिवम दुबे, हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह और वरुण चक्रवर्ती

बांग्लादेशः सैफ हसन, तंजिद हसन, लिटन दास (कप्तान), तौहीद हृदॉय, शमीम हुसैन, ज़ाकिर अली, मेहदी हसन, नासुम अहमद, तस्किन अहमद, तंजिम हसन और मुस्तफिज़ुर रहमान।

### अबरार-हसरंगा ने सेलिब्रेशन कॉपी करके एक-दूजे को चिढ़ाया

**रिव्यू गंवाकर अपने बॉलर पर भड़के पाकिस्तानी कप्तान**



**अबू धाबी 24 सितंबर।** एशिया कप में मंगलवार को पाकिस्तान और श्रीलंका के बीच सुपर-4 मैच खेला गया, जिसे पाकिस्तान ने 5 विकेट से जीता। इस लो-स्कोरिंग मैच में पाकिस्तानी स्पिनर अबरार अहमद और श्रीलंकाई ऑलराउंडर के बीच जमकर तकरार देखने को मिली।

पाकिस्तानी कप्तान सलमान अली आगा रिव्यू गंवाने के बाद अपने ही गेंदबाज पर भड़क गए। इन सब के बीच दुष्मंथा चमीरा की बाउंसर फखर जमान के हेलमेट पर लगी। इससे उनका हेलमेट टूट गया और उन्हें हेलमेट बदलना पड़ा। ऐसे ही कुछ टॉप मोमेंट्स ने अबु धाबी के शेख जायद स्टेडियम में खेले गए मुकाबले को और रोचक बना दिया।

श्रीलंकाई बैटर दसुन शनाका टी-20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा 14 बार शून्य पर आउट होने वाले बैटर बन गए हैं। उन्होंने रवांडा के केविन इराकोज (13 बार) का रिकॉर्ड तोड़ा।

अबु धाबी के शेख जायद स्टेडियम में पाकिस्तानी कप्तान सलमान अली आगा ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया। टॉस हारकर बैटिंग कर रही श्रीलंकाई टीम ने पहले ही ओवर में विकेट गंवा दिया। उसके ओपनर कुसल मेंडिस अपनी पहली बॉल पर पवेलियन लौट गए। उन्हें शाहीन शाह अफरीदी ने तलत हुसैन के हाथों कैच कराया।

कुसल ने शाहीन की फुलर लेंथ बॉल को फ्लिक करना चाहते थे, लेकिन टाइमिंग सही नहीं होने के कारण बॉल सीधा मिडविकेट पर खड़े तलत हुसैन के पास चली गई। कुसल मेंडिस अपना खाता भी नहीं खोल सके।

श्रीलंकाई पारी का 8वां ओवर डाल रहे तलत हुसैन ने लगातार दो बॉल पर विकेट हासिल किए। उन्होंने दूसरी बॉल पर चरिथ असलंका को हारिस रऊफ के हाथों कैच कराया। असलंका 20 रन बनाकर आउट हुए।

# वैभव सूर्यवंशी ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेली तूफानी पारी

**नई दिल्ली, 24 सितंबर।** भारत और ऑस्ट्रेलिया की अंडर-19 टीम के बीच में खेली जा रही तीन मैचों की यूथ वनडे सीरीज के पहले मुकाबले को टीम इंडिया ने आसानी से 7 विकेट से अपने नाम किया था, वहीं इस यूथ वनडे सीरीज का दूसरा मुकाबला ब्रिस्बेन के इयान हीली ओवल स्टेडियम में खेला जा रहा है। इस मैच में भारतीय अंडर-19 टीम टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करने उतरी है, जिसमें उम्मीद के अनुसार टीम इंडिया के 14 साल के बाएं हाथ के बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी के बल्ले से 70 रनों की तूफानी पारी देखने को मिली है,



जिसमें उन्होंने कुल 11 चौके-छक्के लगाए। इस दौरे के शुरू होने से पहले ही वैभव सूर्यवंशी को लेकर लगातार चर्चा देखने को मिल रही थी, जिसमें दूसरे वनडे मैच में उनके बल्ले का कमाल भी फैंस को देखने को मिल गया।

भारतीय अंडर-19 टीम की दूसरे यूथ वनडे मैच में शुरुआत बिल्कुल भी उम्मीद के अनुसार नहीं रही, जिसमें उन्होंने अपना पहला विकेट पारी की दूसरी गेंद पर कप्तान आयुष म्हात्रे के रूप में गंवा दिया। वहीं इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरे विहान मल्होत्रा ने वैभव सूर्यवंशी का बखूबी साथ देते हुए शुरू में संभलकर बल्लेबाजी की। टीम इंडिया ने पहले 10 ओवर्स का खेल खत्म होने पर सिर्फ 39 रन बनाए थे। वैभव सूर्यवंशी ने यहां से स्कोर को तेजी के साथ आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी संभालते हुए बड़े शॉट खेलना शुरू किया, जिसमें उन्होंने अपनी फिफ्टी सिर्फ 54 गेंदों में पूरी कर ली। वैभव सूर्यवंशी अपनी इस पारी को शतक में बदलने में कामयाब नहीं हो सके लेकिन उनके बल्ले से 68 गेंदों में 70 रनों की पारी देखने को मिली, जिसमें उनका विकेट भारतीय मूल के खिलाड़ी यश देशमुख ने हासिल किया। वैभव ने अपनी इस पारी के दौरान कुल छह छक्के और पांच चौके लगाए, जिसमें उनका स्ट्राइक रेट 102.94 का रहा।

# एशेज सीरीज के लिए इंग्लैंड की टीम घोषित

## बेन स्टोक्स कप्तान और हैरी ब्रुक उपकप्तान

**लंदन, 24 सितंबर।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इस साल के अंत में होने वाली एशेज सीरीज के लिए इंग्लैंड की टीम घोषित कर दी गई है। बेन स्टोक्स की कप्तानी में इंग्लैंड को 21 नवंबर से 8 जनवरी तक ऑस्ट्रेलिया दौरे पर 5 टेस्ट मैच खेलने हैं।

ओली पोप से उपकप्तानी छीन ली गई है। उनकी जगह युवा बल्लेबाज हैरी ब्रूक को यह जिम्मेदारी दी गई है। भारत के खिलाफ जुलाई-अगस्त में हुई सीरीज में ओली पोप उपकप्तान थे। हालांकि, पोप 16 मेंबर्स वाली टीम में अपनी जगह बचाने में कामयाब रहे हैं।

इसके अलावा न्यूज़ीलैंड के खिलाफ न्यूज़ीलैंड में होने वाली वनडे और टी-20 सीरीज के लिए भी इंग्लैंड की टीम घोषित कर दी गई है। ऑस्ट्रेलिया जाने से पहले इंग्लैंड की टीम न्यूज़ीलैंड जाएगी। वहां 18 अक्टूबर से नवंबर तक इंग्लैंड को तीन वनडे और तीन टी-20 मैच खेलने हैं।

इंग्लैंड की टीम में 6 तेज गेंदबाज शामिल हैं। जोफ्रा आर्चर पूरी तरह फिट हैं और वे इंग्लैंड के पेस अटैक को लीड करेंगे। उनके अलावा ब्रायडन कार्स, गस एटकिंसन, मैथ्यू पॉट्स, जोश टंग, मार्क वुड और खुद कप्तान स्टोक्स टीम के अन्य तेज गेंदबाज हैं। पूरी तरह फिट नहीं होने की वजह से क्रिस वोक्स बाहर हो गए हैं। शोएब



बशीर और विल जैक्स के रूप में दो स्पेशलिस्ट स्पिनर्स को भी शामिल किया गया है।

ओली पोप ने भले ही टीम में जगह बना ली है लेकिन उनका नंबर-3 पर खेल पाना मुश्किल माना जा रहा है। युवा बल्लेबाज जैकब बेथेल को इस नंबर पर मौका मिल सकता है। बेथेल ने भारत के खिलाफ अगस्त में समाप्त हुई टेस्ट सीरीज में डेब्यू किया था। उन्हें हैरी ब्रूक के बाद इंग्लैंड में इस समय सबसे प्रतिभाशाली युवा बल्लेबाज माना जा रहा है।

**व्यापार**

# भारत के गहरे समुद्र से अब निकाला जाएगा तेल और गैस

## खोज के लिए मिशन होगा शुरू

**नई दिल्ली, 24 सितंबर।** सरकारी तेल कंपनी ओएनजीसी, वैश्विक एनर्जी दिग्गज बीपी के साथ मिलकर देश में अगले साल से गहरे समुद्र में तेल एवं गैस की खोज करेंगी। यह देश की एनर्जी सिक्योरिटी को बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा तेल और गैस की खोज करने के मिशन का हिस्सा है, जिससे देश के एनर्जी आयात को घटाया जा सके। यह जानकारी एक वरिष्ठ अधिकारी की ओर से दी गई।

इस ड्रिलिंग में बीपी की भूमिका सहायक की होगी। यह अंडमान, महानदी, सौराष्ट्र और बंगाल अपतटीय तलछटी घाटियों पर केंद्रित होगी। यह पूरा अभियान 3,200 करोड़ रुपए के निवेश से चलाया जाएगा। ओएनजीसी ने इस साल जुलाई में बीपी के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे, जिसके तहत एक साझेदारी स्थापित



की जाएगी जो भूवैज्ञानिक समझ को बढ़ाएगी और अप्रयुक्त हाइड्रोकार्बन क्षमता को उजागर करेगी, जिससे भारत की दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा मजबूत होगी। नई भूकंपीय तकनीकों द्वारा समर्थित, गहरे पानी की खोज में बीपी का अनुभव, स्ट्रेटीग्राफिक ड्रिलिंग के लिए कुओं के डिजाइन और स्थान निर्धारण में बहुत सहायक होगा। समझौते के तहत, ओएनजीसी निवेश करेगी, जबकि बीपी विशेषज्ञता प्रदान करेगी। स्ट्रेटीग्राफिक ड्रिलिंग अपतटीय बेसिनों के भूविज्ञान को समझने और संभावित हाइड्रोकार्बन संसाधनों की पहचान करने पर केंद्रित होगी, जिनका उपयोग भविष्य में तेल और गैस अन्वेषण के लिए किया जा सकता है।

दिल्ली में ऊर्जा वार्ता 2025 कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी की उपस्थिति में इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए थे। केंद्रीय मंत्री ने हाल ही में अंडमान और निकोबार बेसिन के भूवैज्ञानिक महत्व का जिक्र किया था। भारतीय और बर्मी प्लेटों की सीमा पर स्थित इस विवर्तनिक संरचना के कारण कई स्ट्रेटीग्राफिक ट्रैप बने हैं जो हाइड्रोकार्बन संचय के लिए अनुकूल हैं। म्यांमार और उत्तरी सुमात्रा में सिद्ध पेट्रोलियम प्रणालियों से इस बेसिन की निकटता इस भूवैज्ञानिक संभावना को और बढ़ा देती है।

इसके अतिरिक्त, अब तक के अन्वेषण परिणामों के बार बताते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ओएनजीसी ने 20 ब्लॉकों में हाइड्रोकार्बन खोजें की हैं, जिनमें अनुमानित 75 मिलियन मीट्रिक टन तेल समतुल्य भंडार है। ऑयल इंडिया लिमिटेड ने पिछले चार वर्षों में सात तेल और गैस खोजें की हैं, जिनमें अनुमानित 9.8 मिलियन बैरल तेल और 2,706.3 मिलियन मानक घन मीटर गैस भंडार है।

# पिछली दीपावली से अब तक 43 प्रतिशत बढ़े सोने के दाम

### चांदी ने दिया 37 प्रतिशत से ज्यादा का रिटर्न

**नई दिल्ली, 24 सितंबर।** इस साल दीपावली आने में एक महीने से कम का समय बचा हुआ है। पिछले दीपावली से अब तक सोने और चांदी की कीमतों में बड़ी तेजी देखने को मिली है। दोनों कीमती धातुओं ने निवेशकों को 43 प्रतिशत तक का दमदार रिटर्न दिया है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 24 कैरेट के सोने की कीमत 30 अक्टूबर को 79,681 रुपए प्रति 10 ग्राम थी, जो कि अब बढ़कर 1,14,314 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई है। इस प्रकार पिछली दीपावली से लेकर अब तक सोने की कीमत में 43.46 प्रतिशत का उछाल आ चुका है। 2024 में दीपावली 31 अक्टूबर की थी, लेकिन दीपावली के दिन बाजार बंद रहने के कारण कीमतें 30 अक्टूबर की ली गई हैं।



22 कैरेट के 10 ग्राम सोने की कीमत बढ़कर 1,04,712 रुपए हो गई है, जो कि पिछली दीपावली पर 72,988 रुपए प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई थी। वहीं, इस दौरान 18 कैरेट के 10 ग्राम सोने का दाम बढ़कर 85,736 रुपए हो गया है, जो कि पहले 59,761 रुपए प्रति 10 ग्राम था। सोने के साथ चांदी की कीमतों में भी तेज उछाल देखने को मिला है। चांदी की कीमत पिछली दीपावली से 37.55 प्रतिशत बढ़कर 1,35,267 रुपए प्रति किलो हो गई है, जो कि पहले 98,340 रुपए प्रति किलो थी।

सोने और चांदी की कीमतों में बढ़त की वजह वैश्विक स्तर पर उठापटक को माना जा रहा है। बीते एक वर्ष में रूस-यूक्रेन और इजरायल-हमास युद्ध के साथ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से टैरिफ लगाने के कारण ग्लोबल स्तर पर उथलपुथल की स्थिति रही है, जिससे निवेशकों ने सुरक्षित संपत्ति मानी जाने वाले सोने और चांदी में निवेश बढ़ा दिया है, जिससे दोनों कीमती धातुओं की कीमत में उछाल देखने को मिला है।

इसके अलावा, चांदी की कीमत बढ़ने की एक वजह इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों का उपयोग बढ़ना है, जिसमें इसका बड़े स्तर पर उपयोग किया जाता है।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) चारामा**
**जिला-उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**

**रा.प्र.क्र.-202509142400005/अ-2/2024-25**

साकिनः-चारामा, प.ह.नं. -06

**-:: उद्घोषणा ::-**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदिका रेणुका मंडावी पति नन्दकिशोर मंडावी, जाति गोंड़, निवासी ग्राम बागडोंगरी, तहसील चारामा, जिला उत्तर बस्तर कांकेर के द्वारा ग्राम चारामा, प.ह.नं. 06 में स्थित उनके भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 1021/55 रकबा 0.02 हे. भूमि को आवासीय प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन कराने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण इस न्यायालय में प्रक्रियाधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अपना दावा या आपत्ति नियत सुनवाई दिनांक 30.09.2025 के पूर्व प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा या आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जावेगी।

अतः आज दिनांक 15.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया जाता है।

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**चारामा, जिला-उत्तर बस्तर कांकेर**

### टोयोटा किर्लोस्कर ने रूमियन के सभी वैरिएंट्स पर स्टैण्डर्ड तौर पर 6 एयरबैग्स देकर सुरक्षा बढ़ाई

**बेंगलुरु, 24 सितंबर।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने अपने लोकप्रिय फैमिली व्हीकल, टोयोटा रूमियन में महत्वपूर्ण सुधार की घोषणा की है। कंपनी का यह कदम इसकी मजबूत सुरक्षा नीति और ग्राहकों पर सबसे ज्यादा ध्यान देने के इसके नजरिये से मेल खाता है। यात्रियों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए एक सक्रिय कदम उठाते हुए, टीकेएम ने रूमियन के सभी वैरिएंट में छह एयरबैग्स (फ्रंट, साइड और कर्टेन शील्ड) पेश किए हैं। अब सभी वैरिएंट में संपूर्ण सुरक्षा के लिए दो फ्रंट एयरबैग, दो साइड एयरबैग और दो कर्टेन शील्ड एयरबैग मिलेंगे जो विभिन्न ड्राइविंग परिस्थितियों में ड्राइवर और यात्रियों के लिए अधिकतम सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं। टोयोटा ने टॉप ग्रेड में टायर प्रेशर मॉनिटरिंग सिस्टम (टीपीएमएस) पेश किया है। यह एडवांस्ड फीचर टायर के दबाव की लगातार निगरानी करता है, जिससे सुरक्षा, ईंधन दक्षता और सहूलियत बढ़ती है। ये फीचर्स रूमियन को भारतीय परिवारों के लिए एक तकनीकी रूप से उन्नत एमपीवी के रूप में मजबूत बनाते हैं।

टोयोटा रूमियन आकर्षक डिज़ाइन के साथ 7-सीटर की सुविधा को जोड़ता है। इसकी प्रीमियम क्रोम ग्रिल, प्रोजेक्टर हेडलैंप, एलईडी टेल लैंप और ड्यूल-टोन अलॉय व्हील इसे आधुनिक परिवारों के लिए स्टाइलिश बनाते हैं। रूमियन में अंदर ड्युल टोन केबिन, लचीली 60:40 स्प्लिट दूसरी पंक्ति की सीटें, रेक्लाइनिंग तीसरी पंक्ति की सीटें, दूसरी और तीसरी पंक्ति के लिए एसी, और ढेर सारा सामान रखने की जगह इसे आरामदायक और बहुउपयोगी बनाती हैं।

# शॉर्ट-टर्म कैपिटल गेन पर धारा-87 ए में नहीं मिलेगी छूट

## दिसंबर तक बकाया टैक्स जमा करें करदाता : सीबीडीटी

**नई दिल्ली, 24 सितंबर।** केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने कहा है कि करदाता आयकर अधिनियम की धारा 87ए के तहत उस आय पर कर छूट का दावा नहीं कर सकते, जिस पर विशेष दरों पर कर लगाया जाता है, जिसमें शॉर्ट-टर्म कैपिटल गेन(एसटीसीजी)भी शामिल है।

वित्तीय वर्ष 2023-24 में कई करदाताओं ने शॉर्ट-टर्म कैपिटल गेन पर छूट का दावा किया था, लेकिन आयकर विभाग ने उनके अनुरोधों को अस्वीकार कर दिया और बकाया करों की मांग की है।

विभाग ने अब ऐसे करदाताओं से 31 दिसंबर, 2025 तक अपना बकाया कर चुकाने को कहा है। यह




उन मामलों पर भी लागू होता है जहां पहले गलती से छूट दे दी गई थी। सीबीडीटी ने 19 सितंबर को जारी अपने सर्कुलर में कहा था कि कई मामलों में रिटर्न गलत तरीके से प्रोसेस किए गए थे और विशेष कर दरों के अंतर्गत आने वाली आय पर छूट दी गई थी।

अब इन गलतियों को सुधारा जा रहा है और नई डिमांड को जारी किया जा रही हैं। सर्कुलर में यह भी चेतावनी दी गई है कि भुगतान में किसी भी तरह की देरी पर आयकर अधिनियम की धारा 220(2) के तहत ब्याज लग सकता है। हालांकि, करदाताओं की परेशानी कम करने के लिए, आयकर विभाग ने राहत की पेशकश की है। उसने 31 दिसंबर, 2025 से पहले बकाया करों का भुगतान करने पर ब्याज माफ करने का फैसला किया है। जुलाई 2024 से, आयकर विभाग धारा 87ए के तहत 7 लाख रुपए से कम आय वाले करदाताओं के लिए शॉर्ट-टर्म कैपिटल गेन पर छूट के दावों को खारिज कर रहा है।

वित्त वर्ष 2023-24 के लिए, इन शॉर्ट-टर्म कैपिटल गेन पर 15 प्रतिशत कर लगाया जाता था, लेकिन वित्त वर्ष 2024-25 से यह दर बढ़ाकर 20 प्रतिशत कर दी गई है। वित्त वर्ष 2023-24 के लिए छूट की सीमा ओल्ड टैक्स रिजीम के तहत 5 लाख रुपए और नई टैक्स रिजीम के तहत 7 लाख रुपए थी। हालांकि, इस प्रावधान ने कर देयता को शून्य करने में मदद की, लेकिन यह छूट एसटीसीजी जैसी विशेष दरों पर कर योग्य आय को कवर करने के लिए नहीं थी। बाद में यह मामला बॉम्बे उच्च न्यायालय तक पहुंच गया था, जिसमें दिसंबर 2024 में आयकर विभाग से करदाताओं को अपने रिटर्न संशोधित करने की अनुमति देने का अनुरोध किया था।

### 5-इंच के बिलेट्स से उद्योगों को मिलेगी नई ताकत

**नई दिल्ली, 24 सितंबर।** उद्योगों के लिए बिलेट्स किसी नींव की तरह होते हैं, चाहे बात हो ऑटोमोबाइल सेक्टर की, एयरोस्पेस की या फिर घरों में लगने वाले फ्रेम्स की। बिना सही आकार और गुणवत्ता के बिलेट्स, ये काम पूरे नहीं हो सकते। इस जरूरत को पूरा करने के लिए, भारत के सबसे बड़े एल्युमीनियम उत्पादक वेदांता एल्युमीनियम ने एल्युमेक्स इंडिया 2025 में अपने नए 5-इंच के बिलेट्स लॉन्च किए। ये बिलेट्स छोटे और मध्यम आकार के प्रोफाइल्स बनाने के लिए खासतौर पर तैयार किए गए हैं और ऑटोमोटिव, एयरोस्पेस, एचवीएसी और निर्माण उद्योगों में नई संभावनाएँ खोलेंगे। इनका इस्तेमाल माइक्रो-ट्यूब्स, कूलिंग सिस्टम के कंडेंसर्स, इलेक्ट्रिकल बसबार, रॉड्स और यहाँ तक कि एयरोस्पेस फिटिंग्स बनाने में भी होगा।

एक नजर

## नवरात्रि पर दुर्गावाहिनी ने किया शस्त्रपूजन





**रायपुर।** राजधानी रायपुर के न्यू चंगोराभाठा के शहीद वीरनारायण सिंह चौक स्थित काली मंदिर में प्राण कार्यालय के दुर्गा वाहिनी के द्वारा नवरात्रि पर दुर्गा वाहिनी ने किया शस्त्र पूजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रही।

## बाढ़ से निपटने के लिए मॉकड्रिल कल

**बलौदाबाजार, 24 सितम्बर।** भारत सरकार राष्ट्रीय अपादा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देशानुसार बाढ़ बचाव प्रशिक्षण हेतु जिला स्तर पर काल्पनिक अभ्यास 25 सितम्बर 2025 को किया जाएगा। यह अभ्यास बालसमुंद जलाशय पलारी एवं जिला अस्पताल परिसर स्थित मातृ शिशु अस्पताल में प्रातः 9 बजे से होगा। यह मोक ड्रिल आपदा प्रबंधन की तैयारियों को परखने तथा जनता को जागरूक करने के उदेश्य से आयोजित किया जा रहा है। अभ्यास के दौरान शांति बनाए रखने तथा किसी भी प्रकार की घबराहट से बचने की सलाह दी गई है।

## सहायक विकास विस्तार अधिकारी पद के लिए दस्तावेज सत्यापन 7 से

**रायपुर, 24 सितंबर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल से प्राप्त अंकों के आधार पर कार्यालय द्वारा जारी संयुक्त मेरिट/वरीयता सूची अनुसार सहायक विकास विस्तार अधिकारी के रिक्त पदों की पूर्ति के लिए अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्रों का सत्यापन किया जाएगा। सत्यापन की प्रक्रिया 7 से 14 अक्टूबर तक विकास आयुक्त कार्यालय, नवा रायपुर अटल नगर के चतुर्थ तल मीटिंग हॉल में प्रतिदिन प्रातः 10.30 बजे से आयोजित होगी। इसके लिए विज्ञापित पदों की संख्या के औसतन लगभग तीन गुना अभ्यर्थियों को प्रवर्गवार वरीयता अनुसार आमंत्रित किया गया है। चिन्हांकित अभ्यर्थियों को सूचना पत्र प्रेषित किया गया है।

### बंगाल की खाड़ी में बने सिस्टम का असर : छत्तीसगढ़ में बदला मौसम का मिजाज

# राजधानी में सुबह से हो रही झमाझम बारिश

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 24 सितंबर।** बंगाल की खाड़ी में बने सिस्टम के प्रभाव से छत्तीसगढ़ का मौसम का मिजाज बदल गया है. प्रदेश के अनेकों स्थानों पर बारिश हो रही है. अगले 48 घंटे के लिए मध्य छत्तीसगढ़ में भारी से अति भारी बारिश की संभावना जताई गई है. मौसम विभाग ने रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग समेत कई जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट किया है.

मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक तेज बारिश के हालात बने रहने की संभावना जताई है. दक्षिणी हिस्सों में भी मध्यम से भारी बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया गया है. वहीं लोगों को नदी, नाले, पहाड़ और पिकनिक स्पॉट से सावधानी बरतने की सलाह दी गई है.

मौसम विभाग ने कई जिलों में बारिश के लिए ऑरेंज और यलो अलर्ट जारी किया है. उत्तर बस्तर कांकेर, धमतरी, बालोद, राजनांदगांव, गरियाबंद, महासमुंद, रायपुर, बलौदा बाज़ार, रायगढ़, बिलासपुर, दुर्ग, बेमेतरा, सूरजपुर, कोरिया, बलरामपुर में मेघगर्जन, आकाशीय बिजली और अचानक तेज हवा के साथ मध्यम वर्षा की संभावना है. इन जगहों पर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है. इसके अलवा कोंडागांव, उत्तर बस्तर कांकेर, धमतरी, बालोद, राजनांदगांव, गरियाबंद, महासमुंद, बलौदा बाज़ार, जांजगीर-चांपा, रायगढ़, बिलासपुर, कोरबा, जशपुर, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, बेमेतरा, कबीरधाम, मुंगेली, सुरगुजा, सूरजपुर, कोरिया, बलरामपुर में मध्यम वर्षा हो सकती है. इन क्षेत्रों में यलो अलर्ट जारी किया गया है.



मौसम विभाग ने जानकारी दी कि गंगेटिक पश्चिम बंगाल के तटीय इलाके, उत्तर उड़ीसा और उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक निम्न दाब का क्षेत्र सक्रिय है. जिसके साथ ऊपरी हवा में लगभग 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक चक्रीय परिसंचरण बना हुआ है और इसके अगले 24 घंटों में कमजोर होने की संभावना है. इस प्रणाली से दो द्रोणिकाएं भी जुड़ी हैं, पहली द्रोणिका गंगेटिक पश्चिम बंगाल से तेलंगाना तक 1.5 से 3.1 किलोमीटर की ऊंचाई तक फैली है, जबकि दूसरी द्रोणिका गंगेटिक पश्चिम बंगाल से दक्षिण महाराष्ट्र तट तक उड़ीसा, दक्षिण छत्तीसगढ़, तेलंगाना और उत्तर आंतरिक कर्नाटक से होते हुए 4.5 से 5.8 किलोमीटर की ऊंचाई तक विस्तारित है.

**नए सिस्टम बनने की संभावना**

मौसम विशेषज्ञ के मुताबिक एक निम्न दाब का क्षेत्र उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उससे लगे मध्य बंगाल के खाड़ी के ऊपर 25 सितंबर को बनने की संभावना है. इसके पश्चिम दिशा में आगे बढ़ने की संभावना है. इसके और अधिक प्रबल होकर अवदाब के रूप में उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उससे लगे पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी दक्षिण उड़ीसा तक और उत्तर आंध्र तरफ से दूर परिवर्तित होने की संभावना है. इसके दक्षिण उड़ीसा-उत्तर आंध्र प्रदेश तट के पास 27 सितंबर को पहुंचने की संभावना है. इसके कारण प्रदेश के बस्तर संभाग और उससे लगे जिलों में 26 सितंबर से भारी से अति भारी वर्षा होने की संभावना है.

# छत्तीसगढ़ में 86 हजार से ज्यादा फर्जी राशन कार्ड

### एक ही परिवार के लोग उठा रहे अलग-अलग योजना का लाभ

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 24 सितंबर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में राशन की सार्वजनिक वितरण प्रणाली में बड़ा घोटाला उजागर हुआ है। राजधानी में एक ही परिवार के अलग-अलग सदस्यों द्वारा राशन का लाभ लिया जा रहा है। खाद्य विभाग की जांच में सामने आया है कि प्रदेश में 86 हजार से ज्यादा कार्ड डुप्लीकेट आधार नंबर से बने हैं। इनके जरिए नाबालिग से लेकर 110 साल से ज्यादा उम्र के लोग, जो एक ही परिवार के हैं वह भी राशन का लाभ रहे हैं।

जांच में खुलासा होने के बाद अब खाद्य विभाग इन सभी फर्जी कार्डों का भौतिक सत्यापन कर उन्हें रद्द कर रहा है। इसके अलावा राशन कार्ड धारकों से ई-केवायसी कराने की अपील की गई है, जिससे राशन कार्ड के दुरुपयोग को रोका जा सके।

खाद्य विभाग की रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि रायपुर में कई राशन कार्ड डुप्लीकेट आधार कार्ड के जरिए फर्जी बनाए गए हैं। इनमें नाबालिगों के राशन कार्ड भी शामिल हैं, जो नियमों के खिलाफ है। जांच में सामने आया है कि रायपुर में 1800 से ज्यादा नाबालिगों के फर्जी राशन कार्ड पाए गए हैं। इसके बाद दूसरे नंबर पर दुर्ग (8,809) और तीसरे नंबर पर सरगुजा (4,776) है. इसके अलावा जशपुर (3,764), राजनांदगांव (3,551) और कोरबा (3,129) के साथ और भी कई जिले शामिल है।



खाद्य विभाग की रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि प्रदेश में 1,05,590 निष्क्रिय आधार धारकों के नाम पर राशनकार्ड बने हैं। बिलासपुर (5,841), कवर्धा (8,701), जशपुर (5,681) और रायपुर (9,356) जिलों में हजारों निष्क्रिय आधार नंबरों से राशन लिया जा रहा था। इसके अलावा, 83,872 सदस्यों ने अभी तक ई-केवायसी नहीं कराया है। विभाग को शक है कि ऐसे कई सदस्य अन्य जिलों या प्रदेशों में पहले से पंजीकृत हो सकते हैं।

प्रदेश में कुल 2.73 करोड़ राशनकार्डधारी सदस्य पंजीकृत हैं, जिनमें से 2.27 करोड़ का ई-केवाईसी हो चुका है, जबकि 46.34 लाख का अभी बाकी है। विभाग ने निर्देश दिए हैं कि पांच साल से अधिक उम्र के सभी लाभार्थियों का ई-केवायसी तुरंत पूरा किया जाए, इसके लिए 'मेरा ई-केवायसी' मोबाइल ऐप का उपयोग अनिवार्य है।

खाद्य विभाग के नए आदेश के अनुसार, यदि कोई लाभार्थी छह माह तक राशन नहीं लेता, तो उसका कार्ड अस्थायी रूप से निरस्त कर दिया जाएगा। तीन माह के भीतर सत्यापन और ई-केवायसी के आधार पर ही कार्ड को दोबारा सक्रिय किया जाएगा।

नियंत्रक भूपेंद्र मिश्रा ने बताया कि खाद्य संचालनालय ने सभी जिलों के कलेक्टरों को फर्जी राशनकार्डों की भौतिक जांच के लिए विशेष टीमें गठित करने के निर्देश दिए हैं। जिन कार्डों पर वर्षों से अवैध रूप से राशन लिया गया, उनकी वसूली की कार्रवाई शुरू हो सकती है। साथ ही, लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और राशन दुकानों के खिलाफ विभागीय जांच होगी।

# ठेकेदार की पत्नी ने खाया जहर

### ऑनलाइन शॉपिंग एप के जरिए मंगाया था मौत का सामान

**अंबिकापुर, 24 सितंबर।** युवा ठेकेदार की पत्नी के जहर खाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है. जहर खाने के बाद तबीयत बिगड़ने पर अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज में प्रारंभिक इलाज के बाद रायपुर रेफर किया गया था. लेकिन बीच रास्ते में ही महिला की मौत हो गई.

पूरा मामला गांधीनगर थाना अंतर्गत वसुंधरा कॉलोनी का है, जहां निवासरत चुन्नू उर्फ सुधाकर सिंह की पत्नी निशा सिंह ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली है. बताया जा रहा है कि निशा ने ऑनलाइन शॉपिंग एप के जरिए जहर मंगाया था, जिसके सेवन के बाद से तबीयत बिगड़ने पर उसे अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज ले जाया गया.



ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टरों ने महिला की गंभीर हालत को देखते हुए रायपुर रेफर किया. लेकिन रायपुर ले जाते समय रास्ते में ही महिला की मौत हो गई. फिलहाल, जहर सेवन का कारण पता नहीं चला है. पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुटी है.

# नवरात्रि-दीपावली-छठ के लिए 6 स्पेशल ट्रेनें

### 54 फेरे लगाएंगी, डोंगरगढ़ के लिए पूजा स्पेशल ट्रेन

■ मुख्य नगर संवाददाता

**बिलासपुर, 24 सितंबर।** रेलवे प्रशासन ने त्योहारी सीजन में यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्था की है। दुर्गापूजा, दीपावली और छठ पूजा के दौरान 6 स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही हैं। ये ट्रेनें कुल 54 फेरे लगाएंगी। सभी ट्रेनों में 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर कंफर्म सीट की सुविधा दी जा रही है।

वहीं, मां बम्लेश्वरी देवी के दर्शन के लिए डोंगरगढ़ जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रेलवे ने इस बार पूजा स्पेशल मेमू ट्रेनों का संचालन शुरू किया है। हर साल नवरात्रि और दुर्गा पूजा के दौरान लाखों श्रद्धालु डोंगरगढ़ पहुंचते हैं।

इस बार भीड़ को कंट्रोल करने और अधिक से अधिक श्रद्धालुओं को सुविधा देने के लिए रेलवे ने कोरबा-डोंगरगढ़ (06884) और इतवारी-डोंगरगढ़ (06883) पूजा स्पेशल मेमू ट्रेनों का संचालन शुरू किया है।

डोंगरगढ़ पूजा स्पेशल मेमू- ये ट्रेन 25 सितंबर से 3 अक्टूबर तक रोजाना कोरबा से सुबह 5:30 बजे रवाना होगी और दोपहर 2:21 बजे डोंगरगढ़ पहुंचेगी। वहीं, इतवारी से रोजाना सुबह 5:00 बजे चलेगी और सुबह 9:50 बजे डोंगरगढ़ पहुंचेगी। इन ट्रेनों का ठहराव बीच के सभी छोटे-बड़े स्टेशनों पर होगा, ताकि गांव और कस्बों से आने वाले यात्री भी सीधे डोंगरगढ़ तक की यात्रा कर सकें।



बिलासपुर-हडपसर रूट पर एक फेरे के लिए चलेगी स्पेशल ट्रेन

बिलासपुर-हडपसर (पुणे) रूट पर एक फेरे के लिए स्पेशल ट्रेन चलेगी। ट्रेन नंबर 08265 बिलासपुर से 22 अक्टूबर को और 08266 हडपसर से 23 अक्टूबर को चलेगी। बिलासपुर-यलहंका रूट पर 22 फेरों के लिए फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन चलेगी। ट्रेन नंबर 08261 बिलासपुर से 9 सितंबर से 18 नवंबर तक हर मंगलवार को चलेगी। ट्रेन नंबर 08262 यलहंका से 10 सितंबर से 19 नवंबर तक हर बुधवार को चलेगी।

दुर्ग-हजरत निजामुद्दीन-दुर्ग के बीच 8 फेरे

गाड़ी संख्या 08865 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-शालीमार फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन, नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी से 27 सितम्बर से 1 अक्टूबर तक और गाड़ी संख्या 08866 शालीमार-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी स्पेशल ट्रेन 28 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलेगी।

गाड़ी संख्या 08875 नेताजी सुभाष चंद्र बोस(इतवारी)-धनबाद दीपावली फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन, नेताजी सुभाष चंद्र बोस(इतवारी) से 17 अक्टूबर शुक्रवार को और गाड़ी संख्या 08876 धनबाद-नेताजी सुभाष चंद्र बोस(इतवारी) दीपावली फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन धनबाद से 18 अक्टूबर शनिवार को चलेगी।

नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-धनबाद फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन में 17 अक्टूबर 2025 को स्लीपर में 369 बर्थ उपलब्ध है। यह ट्रेन गोंदिया, डोंगरगढ़, राजनांदगांव, दुर्ग, रायपुर, भाटापारा, बिलासपुर, चांपा और रायगढ़ स्टेशन पर रुकेगी।

## 9वीं की छात्रा ने की खुदकुशी

**बिलासपुर, 24 सितंबर।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में 9वीं की छात्रा ने बंद कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि छात्रा स्कूल गई थी, जहां एक छात्र ने बदसलूकी की थी। इसके बाद वह घर आई और सुसाइड कर लिया। मामला रतनपुर थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक मृतक छात्रा का नाम पूनम रजक (14) है, जो सीता देवी हायर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा 9वीं में पढ़ती थी। छात्रा से एक छात्र एकतरफा प्यार करता था, वह लगातार छात्रा को परेशान कर रहा था। इसी से परेशान होकर उसने खुदकुशी की है। छात्रा पूनम रजक रोजाना की तरह सोमवार को भी सीता देवी हायर सेकेंडरी स्कूल गई थी। दोपहर में स्कूल से छुट्टी के बाद घर लौटी।

इस दौरान परिजन को खाना परोसा। सभी को खाना खिलाने के बाद कमरे में गई और अंदर से बंद कर लिया। छात्रा के पिता छोटू रजक के मुताबिक शाम 6 बजे कमरे की ओर गए तो कमरा अंदर से बंद मिला। परिजनों ने छात्रा को आवाज दी, लेकिन कमरे से जवाब नहीं मिला।

# टीचर ने मासूम बच्ची को अगरबत्ती से दागा, परिजनों का स्कूल में हंगामा

**रायपुर, 24 सितंबर।** राजधानी रायपुर के सुंदर नगर स्थित कृष्णा किड्स अकादमी इंटरनेशनल स्कूल में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है।

स्कूल की एक महिला टीचर पर छह साल की बच्ची को जलती अगरबत्ती से दागने का आरोप लगा है। बच्ची ने जब दर्द में घरवालों को बताया तो मामला उजागर हुआ। इसके बाद गुस्साए परिजन स्कूल पहुँच गए और हंगामा करते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की।

हंगामे के बाद स्कूल प्रबंधन ने आरोपी महिला टीचर दीपा को तत्काल बर्खास्त कर दिया। घटना के बाद से अभिभावकों में आक्रोश है और मामले ने प्रशासन का भी ध्यान खींचा है।

शिकायत मिलते ही बाल कल्याण आयोग की टीम स्कूल पहुँची। आज आयोग पीड़ित बच्ची का बयान दर्ज करेगा।

माना जा रहा है कि आरोपी महिला टीचर पर कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

घटना के बाद परिजन सवाल उठा रहे हैं कि अगर नामी स्कूलों में भी बच्चों की सुरक्षा खतरे में है तो छोटे बच्चों का भविष्य किस पर भरोसा करे। फिलहाल पुलिस और आयोग की टीम पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

# जीवन को व्रतमय और पापरहित बनाना हो लक्ष्य : मनीष सागर

**रायपुर, 24 सितंबर।** टैगोर नगर स्थित पटवा भवन में जारी चातुर्मासिक प्रचवनमाला में मंगलवार को उपाध्याय प्रवर युवा मनीषी श्री मनीष सागरजी महाराज ने जीवन को व्रतमय और पाप रहित बनाने की सीख दी। उपाध्याय भगवंत ने कहा कि हमें अपना जीवन व्रतमय बनाना है। जीवन को पाप रहित बनाना है। बाहरी जीवन को व्यवस्थित कर आंतरिक जीवन की उन्नति का चिंतन करना है। उपाध्याय भगवंत ने कहा कि व्रत लेने पर त्याग करते हैं। त्याग करने पर आनंद का लेवल बढ़ना चाहिए। त्याग करने पर भार नहीं लगना चाहिए। त्याग बढ़ने पर आनंद बढ़ता जाए, यह लक्ष्य होना चाहिए। सदैव त्याग के संस्कार विकसित करना चाहिए। व्रतमय जीवन आत्मविश्वास है। हमारी सुरक्षा है, हमारा जैनत्व है। संकल्प बल इतना मजबूत हो कि विपरीत परिस्थिति में भी विवेक जागृत रहे।

उपाध्याय भगवंत ने कहा कि पूजा समर्पण है, व्रत प्रतिज्ञा है। पूजा हमें परमात्मा से जोड़ती है। व्रत परमात्मा से हमें एकमय करता है। यदि हम व्रत करते हैं तो परमात्मा हमारे भीतर ही हैं। व्रत परमात्मा से सीधा जुड़ाव करता है। स्वाध्याय सत्य का ज्ञान करता है।

## महाअष्टमी की छुट्टी कैंसिल होने पर विरोध में उतरे अधिवक्ता

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 24 सितम्बर ।** नवरात्रि के दौरान महाअष्टमी पर मिलने वाली सरकारी छुट्टी को इस बार खत्म कर दिया गया है। इसके स्थान पर प्रशासन ने इसकी जगह नुवा खाई पर छुट्टी दे दी थी। इस फैसले का रायपुर जिला कोर्ट के अधिवक्ताओं ने विरोध किया है।

अधिवक्ताओं का कहना है कि यह निर्णय बड़ी संख्या में हिंदू श्रद्धालुओं की भावनाओं को आहत करने वाला है। इस मामले को लेकर अधिवक्ताओं मुख्यमंत्री और सामान्य प्रशासन विभाग को पत्र को भी लिखा है। वहीं कलेक्टर लेवल पर निकले इस आदेश पर जिला कलेक्टर गौरव सिंह का कहना है कि आदेश निकल चुका है। इस पर अब बात करने का कोई अर्थ नहीं निकलता। अब अष्टमी पर छुट्टी बहाल करना संभव नहीं। अधिवक्ता संघ के विवेक तनवानी ने कहा कि सभी जाति और धर्मों के लोग नवरात्रि पर्व को उत्साह, हर्षोल्लास और विधि-विधान से मनाते हैं। ऐसे में महाअष्टमी पर छुट्टी घोषित करना धार्मिक आस्थाओं के सम्मान की दिशा में जरूरी कदम होगा। अधिवक्ताओं ने पूरे मामले पर सरकार से पुनर्विचार करने का आग्रह करते हुए महाअष्टमी पर भी स्थानीय अवकाश घोषित करे। ताकि श्रद्धालुओं को धार्मिक आयोजनों में शामिल होने का अवसर मिल सके। महिला अधिकारियों में खासा आक्रोश जिला न्यायालय की महिला अधिवक्ताओं को इस मामले पर ज्यादा आपत्ती है। महिला अधिवक्ताओं ने भास्कर को बताया कि अष्टमी विशेष होती है। हवन-पूजन के बाद कन्या भोज होता है। इसकी तैयारी करनी होती है। सरकार ने शैक्षणिक छुट्टी तो दे दी है।

# छत्तीसगढ़ पंजाबी सनातन महिला मंडल ने किया शिक्षक सम्मान और नवरात्रि उत्सव का आयोजन

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 24 सितंबर।** छत्तीसगढ़ पंजाबी सनातन महिला मंडल द्वारा शिक्षक सम्मान एवं नवरात्रि उत्सव मनाया गया । कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. रितु मारवाह, विभागाध्यक्ष वाणिज्य, शास दूब महिला महाविद्यालय रहीं । डॉ. रितु मारवाह ने अपने उद्बोधन में कहा कि

*मैं आज की नारी हूं, सर्वश्रेष्ठ बनकर दिखाऊंगी ।*
*पढ़-लिखकर इस संसार में अपना नाम कमाऊंगी।*
*उतारो जिस क्षेत्र में भी सर्वश्रेष्ठ कर दिखाऊंगी।*
*मेहनत से इस जग में*
*सम्मान पाकर दिखाऊंगी।*

उन्होंने कहा कि माता-पिता प्रथम शिक्षक होते हैं और इसलिए अपने बच्चों के सामने हमेशा मर्यादित व्यवहार करना चाहिए और उनकी हर बात को सुनना समझना चाहिए समय के साथ बदलना बहुत आवश्यक है।




अध्यक्ष रेनू गुप्ता ने कहा कि शिक्षकों का सम्मान कर हमारा समाज गोरवान्वित हुआ। विनीता एवं साक्षी ने कार्यक्रम को सफल बनाया ।मनीषा नटाल जी द्वारा भजन की प्रस्तुति का सभी ने आनंद लिया । मंजू कोहली द्वारा माता रानी की भेंट बहुत सुंदर ढंग से प्रस्तुत की गई ।शोभा सोंधी एवं सुमन सोंधी द्वारा माता रानी की आरती के भजन की शानदार प्रस्तुति की गई । वंदना सूद ने स्वागत उद्बोधन दिया । कार्यक्रम में मनीषा नटाल, मीना बजाज , भावना बग्गा , विजयलक्ष्मी बजाज और अन्य सदस्य उपस्थित रहे ।

## एसईटी परीक्षा को नियमित कराने की मांग

### सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने लिखा उच्च शिक्षा मंत्री को पत्र

■ मुख्य नगर संवाददाता



**रायपुर, 24 सितम्बर।** सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने प्रदेश के युवाओं को उच्च शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर अवसर दिलाने के उद्देश्य से एक अहम पहल की है। उन्होंने छत्तीसगढ़ के उच्च शिक्षा मंत्री टंक राम वर्मा को पत्र लिखकर राज्य पात्रता परीक्षा को नियमित रूप से आयोजित कराने की मांग की है।

सांसद ने अपने पत्र में इस बात पर जोर दिया कि जहां राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा हर छह माह में होती है, वहीं राज्य में अब तक मात्र छह बार ही परीक्षा कराई गई है। इससे राज्य के युवाओं को पास अभ्यर्थियों की तुलना में कम अवसर मिलते हैं, जिससे उनकी शैक्षणिक सेवाओं में चयन की संभावनाएं प्रभावित होती हैं। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि उच्च शिक्षा विभाग में करीब 700 पदों पर भर्ती की प्रक्रिया प्रस्तावित है। ऐसे में एसईटी परीक्षा जल्द से जल्द आयोजित की जानी चाहिए, ताकि प्रदेश के अधिक से अधिक युवा पात्रता हासिल कर इन रिक्तियों के लिए आवेदन कर सकें।

सांसद अग्रवाल ने राज्य सरकार से इस दिशा में शीघ्र कदम उठाने की अपील की है, जिससे युवाओं को समान अवसर मिल सके और उच्च शिक्षा संस्थानों में योग्य अभ्यर्थियों की नियुक्ति सुनिश्चित हो सके।

स्वत्वाधिकारी कौशल किशोर मिश्र, प्रकाशक-मुद्रक उत्तम कुमार अलकरे की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस, प्रेस टॉवर, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित * संपादक-संजय कुमार दुबे, * प्रबंध संपादक- आशीष कुमार तिवारी, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26